संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा

राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

हनुमानगढ़ जंक्शन
शनिवार 15 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल नवमी सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 161 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,992.77 | +181.88 |
| निफ्टी | 23,465.60 | +66.70 |
| डॉलर | 83.55 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम $33^{0}$ अधिकतम $44^{0}$

# अवकाश के दौरान संवैधानिक मसलों पर विचार करते हैं सुप्रीम कोर्ट के जज: सीजेआई

**पलटवार: पीएम के इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल के मेंबर संजीव सान्याल के बयान पर बोले सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़**

**नई दिल्ली.** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने जजों की छुट्टी और पेंडिंग केस की गति को लेकर कहा-सुप्रीम कोर्ट के जज सातों दिन काम करते हैं। सोमवार से शुक्रवार तक 40-50 मामले निपटाते हैं, शनिवार को छोटे केसेस पर सुनवाई होती है। इसी दिन सुरक्षित रखे गए फैसलों को लिखवाया जाता है। रविवार को सोमवार के केस पढ़े जाते हैं। दरअसल, पीएम के इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल के मेंबर संजीव सान्याल ने हाल ही में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट जज बहुत अधिक छुट्टियां ले रहे हैं। इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई जजों ने असहमति जताई थी। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में स्पीच के दौरान इसी



बात का जवाब दिया। सीजेआई ने कहा-सुप्रीम कोर्ट के जज छुट्टी के दौरान संवैधानिक मुद्दों पर विचार करते हैं। हमारे लिए यह करना बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि संवैधानिक मामले देश की सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के साथ-साथ लोगों के अधिकारों को भी प्रभावित करते हैं। सीजेआई ने स्पीच के दौरान कहा-क्या सुप्रीम कोर्ट की भूमिका सिर्फ मामलों का निपटारा करना है। या राजनीति, समाज को बदलना भी है? मैं छुट्टी पर हूं। ब्रिटेन की यात्रा कर रहा हूं, लेकिन इस समय मेरे पास संविधान पीठ के 6 बड़े फैसले हैं। इनमें से एक अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक स्टेटस वाला ममला है। इसके अलावा और केसेस हैं। ये ऐसे मामले हैं, जो हमारे जीवन के महत्वपूर्ण सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहलुओं को परिभाषित कर रहे हैं।

### इसलिए नहीं लेते रोटेशनल छुट्टी

सीजेआई ने कहा कि हमसे पूछा जाता है कि जज रोटेशनल सिस्टम में छुट्टी क्यों नहीं लेते। जजों के लिए यह बढ़िया व्यवस्था है, लेकिन फिर वकीलों का क्या होगा? वकीलों को भी समय की जरूरत होती है। सीजेआई ने कहाकि रोटेशन सिस्टम लागू हुआ तो वकील कहेंगे कि जज जब चाहें छुट्टियां ले सकते हैं, लेकिन वकीलों को रोज आना पड़ रहा है। सीजेआई ने कहा-वकीलों को नेटवर्किंग के लिए समय चाहिए होता है। वकीलों को अपने क्लाइंट तक पहुंचना होता है। उन्हें भी अपने परिवार के लिए समय चाहिए होता है।

# हनुमानगढ़ नप उपचुनाव पर रोक, हाईकोर्ट ने दिया स्टे

**» रावतसर व भादरा में होंगे उपचुनाव, अधिसूचना जारी, 30 जून को होगा मतदान**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ के न्यायाधीश ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के पश्चात शुक्रवार को हनुमानगढ़ नगर परिषद में होने वाली चुनाव प्रक्रिया पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। इससे हनुमानगढ़ नगर परिषद के सभापति, उप सभापति और वार्ड एक में होने वाले पार्षद के चुनाव फिलहाल स्थगित हो गए हैं। न्यायालय के आदेश के साथ ही जिला प्रशासन और उपखंड प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया को रोक दिया है। चुनाव प्रक्रिया आज ही आरंभ हुई थी। हनुमानगढ़ नगर परिषद के सभापति, उप सभापति और वार्ड एक में होने वाले पार्षद के चुनाव पर रोक लगाने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इस पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजेन्द्र प्रकाश सोनी ने सुनवाई के प्रश्चात आगामी आदेश तक हनुमानगढ़ नगर परिषद की चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी। रावतसर व भादरा में उपचुनाव होंगे जिसकी अधिसूचना आज जारी हो चुकी है। इन दोनों जगहों पर उपचुनाव के लिए मतदान 30 जून को करवाया जाएगा। भादरा में उपचुनाव हेतू चार जनों ने नामांकन दाखिल किए हैं। उल्लेखनीय है कि नगरपरिषद हनुमानगढ़ के वार्ड एक से पार्षद और सभापति गणेशराज बंसल के गत विधानसभा चुनाव में विधायक निर्वाचित हो जाने से दोनों पद रिक्त हो गए थे। ऐसे में इन दोनों पर उप चुनाव प्रस्तावित थे। हालांकि पार्षद सुमित रिणवा को राज्य सरकार ने कार्यवाहक सभापति मनोनीत किया हुआ है। उपसभापति अनिल खीचड़ को अविश्वास प्रस्ताव से हटा दिया गया था। इस कारण उपसभापति का पद रिक्त है। राज्य निर्वाचन आयोग ने फरवरी में तीनों पदों के लिए प्रक्रिया आरंभ की थी लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। इस पश्चात सात जून को राज्य निर्वाचन आयोग ने पुनः चुनाव प्रक्रिया आरंभ की थी।

### इन्होंने दायर की थी याचिका

चुनाव प्रक्रिया को वार्ड एक निवासी जंक्शन के वार्ड 1 निवासी सतीश कुमार पुत्र हरनेक चंद, रमन कुमार पुत्र रूपचंद, लवकेश कुमार पुत्र गुरबक्श राय व नितिन गोयल पुत्र टेकचंद ने चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर आज स्थगन का निर्णय आया है।

# श्रीगंगानगर सहित 40 शहरों को सीएम देंगे बड़ी सौगात

**तोहफा: इन शहरों पर खर्च होंगे 18500 करोड़, कर्ज लेकर विकास करेगी सरकार**

**जयपुर.** भजनलाल सरकार शहरों को बड़ी सौगात देने की तैयारी कर रही है। प्रदेश के 40 शहरों का डवलपमेंट होगा, जिस पर करीब 18500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस राशि का 70 प्रतिशत यानी 13 हजार करोड़ रुपए विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक से लोन के रूप में लिया जाएगा और बाकी साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन करेगी। खास यह है कि डवलपमेंट को इनवेस्टमेंट (निवेश) के साथ जोड़ा जा रहा है। सरकार का मानना है कि जिन शहरों में डवलपमेंट होगा, वहां ज्यादा निवेशक पहुंचते हैं। यह काम राजस्थान शहरी आधारभूत विकास परियोजना के पांचवें चरण में होगा। नगरीय विकास मंत्री इसका खाका तैयार कर रहे हैं और सीएम स्तर पर मुहर लगने के बाद प्रस्ताव आगे बढ़ेगा। इसके बाद मंजूरी के लिए केन्द्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ इकॉनोमिक अफेयर्स के पास जाएगा। इस प्रक्रिया में करीब छह माह लगने का अनुमान है।

### इस तरह होगा डवलपमेंट

- पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर 24 घंटे पेयजल आपूर्ति।
- सीवरेज सुविधा उपलब्ध कराने, इंडस्ट्रीयल ... शेष पेज 9 पर

# ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा

**सीएम भजनलाल ने प्रस्ताव को मंजूरी दी, बजट में खाली पदों को भरने की हो सकती है घोषणा**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। सीएम ने राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। वे आत्मनिर्भर होकर और सशक्त बन सकेंगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने कार्यकाल के छह महीने पूरे होने के उपलक्ष्य में यह बड़ी घोषणा की है। भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शनिवार को उनके कार्यकाल के 6 माह पूरे हो रहे हैं।

**ग्रेड थर्ड टीचर के करीब 27 हजार पद खाली:** प्रदेश में ग्रेड थर्ड टीचर के करीब 27 हजार पद खाली पड़े हैं। आने वाले बजट में भजनलाल सरकार इन पदों पर भर्ती की घोषणा कर सकती है। नई भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। जिससे अधिक महिलाएं भर्ती में चयनित हो सकेंगी।

**रीट पर अभी भी संशय:** सीएम भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा ... शेष पेज 9 पर

# पीड़ित मानवता की सेवा में टांटिया समूह का अमूल्य योगदान: इंदौरा

**टांटिया मेडिकल कॉलेज में शिविर, संस्थाओं और रक्तदाताओं का सम्मान**

तेज | रिपोर्टर. श्रीगंगानगर



विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में हनुमानगढ मार्ग स्थित टांटिया यूनिवर्सिटी परिसर में डॉ. एस.एस. टांटिया मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन सांसद कुलदीप इंदौरा ने किया। उन्होंने टांटिया समूह के सामाजिक सरोकारों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान करना एक पुनीत कार्य है। रक्तदान करके आप किसी व्यक्ति की जान बचाते हैं। इससे बड़ा पुण्य और भला क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि टांटिया समूह पीड़ित मानवता की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोदकुमार बैरवाल ने की। उन्होंने भी... शेष पेज 9 पर

# चिकित्सा कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी एक भी व्यक्ति उपचार से वंचित नहीं हो: कलक्टर

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की सुनिश्चिता को लेकर गंभीर है। इसी दिशा में जिला कलेक्टर काना राम प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चिकित्सा कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक भी व्यक्ति उपचार से वंचित नहीं रहना चाहिए। चिकित्सक संवेदनशीलता के साथ ईलाज करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में बंद निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए। अनियमितता बरतने पर संबंधित निर्माणकर्ता के खिलाफ कार्यवाही करें। उन्होंने मौसमी बीमारियों के रोकथाम और लू तापघात से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था निरंतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टी.बी की जांच, बचाव व जागरूकता के लिए बीसीएमएचओ अपने क्षेत्रों में शिविर लगाए। सैम्पल लेकर समयबद्ध उपचार कराए। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क, ई-फाइल, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

### 23 जून से पल्स पोलियो अभियान

जिला कलेक्टर ने कहा कि 23 जून से जिले में पल्स पोलियो अभियान शुरू... शेष पेज 9 पर

# पेपरलेस होगा विधानसभा का बजट सत्र

**वित्त मंत्री दीया कुमारी 10 जुलाई को पेश करेंगी बजट, 16 वीं विधानसभा का दूसरा सत्र तीन जुलाई से**

**जयपुर.** राजस्थान की भजनलाल सरकार में वित्त मंत्री दीया कुमारी 10 जुलाई को बजट पेश करेंगी। बता दें कि तीन जुलाई से राजस्थान विधानसभा सत्र शुरू होगा। राजस्थान की नई भजनलाल सरकार का पहला पूर्ण बजट 10 जुलाई को पेश होने जा रहा है। इसके लिए तीन जुलाई को सरकार ने विधानसभा सत्र बुलाने की मंजूरी राज्यपाल कलराज मिश्र से ले ली है। यह राजस्थान के 16वीं विधानसभा का दूसरा सत्र होगा। इससे पहले जनवरी में सरकार अंतरिम बजट पेश करने के लिए सत्र लाई थी। लेकिन अब यह पूर्ण बजट होगा, जिसमें सरकार बड़ी घोषणाएं कर सकेगी। राजस्थान विधानसभा का यह सत्र भी पेपर लेस होगा। पिछली सरकार के कार्यकाल से ही पेपरलैस सत्र की शुरुआत कर दी गई थी। इसी कड़ी में तीन ... शेष पेज 9 पर

# सुरक्षा के लिए कुछ और इंतजार कीजिए वकील साब!

**राजस्थान एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को नहीं मिली मंजूरी**

**जयपुर.** राजस्थान के 1.35 लाख अधिवक्ताओं को विधि कार्य के दौरान मिलने वाली सुरक्षा के लिए फिलहाल इंतजार करना होगा। क्योंकि राज्य सरकार द्वारा पारित राजस्थान एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल-2023 को राष्ट्रपति से मंजूरी नहीं मिल पाई और इसे वापस लौटा दिया गया। बता दें कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने बिल पारित कर राज्यपाल को भेजा, लेकिन वहां से मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेज दिया गया। राष्ट्रपति कुछ खामियों के चलते वापस राज्य सरकार को लौटा दिया है। वहीं, दूसरी ओर कर्नाटक राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वकीलों के खिलाफ हिंसा निषेध अधिनियम 2023 को अधिकारिक तौर पर लागू कर दिया। यह कानून वकीलों को हिंसा से उद्देश्य से बचाने के लिए बनाया है, ताकि वे बिना किसी डर या उत्पीड़न के विधिक कर्तव्यों का निर्वाह कर सकें। कर्नाटक सरकार ने 11 दिसंबर 2023 को यह बिल विधानसभा में पेश किया था और 12 दिसंबर को ही पारित हो गया। इसके बाद राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद कानून बन गया।

# सभापति के नेतृत्व में नगरपरिषद टीम द्वारा वार्ड 53 व 60 का निरीक्षण



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगरपरिषद हनुमानगढ़ द्वारा विधायक गणेशराज बंसल के निर्देशानुसार चलाये गये नगरपरिषद आपके द्वार द्वितीय चरण के तहत सोमवार को जंक्शन के वार्ड नम्बर 53 व 60 में निरीक्षण का आयोजन किया गया। निरीक्षण सुबह 06 बजे शुरू हुआ। निरीक्षण में पार्षद हेम सिंह, पार्षद रूपेन्द्र यादव, पार्षद सुनील अमलानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। निरीक्षण के वार्ड में सफाई व्यवस्था व्यवस्थित मिली। सफाई व्यवस्था उत्कृष्ट होने पर वार्ड के भठेजा परिवार द्वारा सभापति सुमित रणवां, पार्षद हेम सिंह, पार्षद रूपेन्द्र यादव, स्वच्छता सैनिक विनोद कण्डा का अभिंनदन किया। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह नालियों के लेवल की समस्या सामने आई, जिस पर सभापति ने जल्द ही निराकरण करवाने का आश्वासन दिया। सभापति ने वार्ड की सफाई व्यवस्था के लिए समस्त वार्डवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, ... शेष पेज 9 पर

# अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर लगाया अशोभनीय व्यवहार करने का आरोप

**काला कोट उतरवाने की भी धमकी देने का आरोप, एडीएम से की शिकायत**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



बार एसोसिएशन हनुमानगढ़ के सदस्य अधिवक्ताओं ने उपखण्ड अधिकारी डॉ. दिव्या चौधरी पर अधिवक्ताओं के साथ अशोभनीय व्यवहार करने, खुद की पहुंच ऊपर तक होने की बात कह काला कोट उतरवाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर एसडीएम के खिलाफ अभी तक प्राप्त शिकायतों की जांच करवाने की मांग की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र पाल सिंह माली ने आरोप लगाया कि नियुक्ति के बाद से ही उपखण्ड अधिकारी की ओर से लगातार तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। एसडीएम की ओर से नियमानुसार इजलास में बैठक सुनवाई नहीं की जाती। इजलास पर लगातार ताला लगा रहता है। मुकदमों में सुनवाई के लिए भी अधिवक्ताओं को एसडीएम से मिलने के लिए बाबू के पास एसडीएम की इजाजत का इन्तजार करना पड़ता है जबकि संबंधित मामलों के पक्षकार एसडीएम के रिश्तेदारों के आधार पर एसडीएम के चैम्बर में बैठे रहते हैं। जब चाहे उनसे सीधे मिल सकते हैं। ऐसे बाहरी व्यक्तियों का उपखण्ड न्यायालयों में लम्बित मामलों पर अनाधिकृत प्रभाव भी रहता है। उन्होंने बताया कि इन बिन्दुओं की शिकायतों के संबंध में बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमण्डल बार संघ सचिव राहुल बिस्सा व बार के वरिष्ठ अधिवक्ता रवि प्रकाश गोयल, जोधासिंह व योगेश स्वामी के नेतृत्व में एसडीएम से मिलने गया। एसडीएम को पत्र में उल्लेखित समस्याओं से अवगत करवाया तो उनका व्यवहार अशोभनीय रहा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि एसडीएम ने अधिवक्ताओं को कहा कि उनकी इजलास में ऐसे ही ताला रहेगा, वे चैंबर में सुनवाई करेंगी। अगर उनका मन किया तो घर पर भी सुनवाई करेंगी। उन्हें घर पर फाइलें ले ... शेष पेज 9 पर


**किराये हेतू खाली**

हनुमानगढ़ जंक्शन के मुख्य चौराहे राजीव चौक पर किराए के लिए भवन उपलब्ध है।
साईज: 50×60 फुट
जिसमें
10 कमरे, 2 हॉल एवं 10×25 की एक दुकान
इच्छुक सम्पर्क करें:
9414095085





**शोक-सन्देश**



बड़े दु:खी हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया माताजी

**श्रीमति रेवन्ती देवी**

पत्नी स्व. श्री हेतराम सहारण का स्वर्गवास दिनांक 9.6.2024 को हो गया है। इनका द्वादशा दिनांक 19.6.2024 को होगा।
नोट: ऊढावणी एवं अन्य नकदी लेनदेन प्रतिबंधित है।

शोकाकुल: श्रीमति मन्जु चौधरी-अमीलाल सहारण (उपरजिस्ट्रार सहकारिता), श्रीमति गीता-राकेश कुमार सहारण (व्यवस्थापक न्यौलखी), श्रीमति पुष्पा-स्व. श्री राजेन्द्र कुमार सहारण (पुत्र-पुत्रवधू), मोहित, सुनील कुमार, अनिल एवं निखिल सहारण एवं समस्त सहारण परिवार।

निवास: स्थान 43 कचहरी रोड़, पुलिस थाना के सामने, सेक्टर 9/1 हनुमानगढ़ जं.




**न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स**
106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210
यहां पर साड़ी चरक की जाती है।

दीपक सैनी मो. 82339-47047
श्रीगंगानगर वाले
**रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स**
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी



दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन

# रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में हनी ट्रैप गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

## गिरोह में शामिल महिलाओं की पहचान, धरपकड़ के प्रयास

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



अनूपगढ़ जिले के रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में पुरुषों को महिलाओं के जाल में फंसा कर तथा उनके साथ अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। गिरोह में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि महिलाओं की पहचान कर ली गई है। आरोपी महिलाएं गायब हो गई हैं।पुलिस उनके धरपकड़ का प्रयास कर रही है। अनूपगढ़ के डीएसपी अमरजीत चावला ने बताया कि विगत 10 जून को एक व्यक्ति द्वारा ब्लैकमेल करने के आरोप में दर्ज करवाए गए मुकदमे की तफ्तीश करते हुए रामसिंहपुर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुमन परिहार ने हीरालाल बावरी (25)और अमरजीत बावरी (53) निवासी डबलीवास मिड्ढा बावरिवाली ढाणी थाना सदर हनुमानगढ़ को गिरफ्तार किया है। गिरोह में शामिल एक युवती समेत दो महिलाओं की तलाश की जा रही है। पीड़ित व्यक्ति सतनाम सिंह बावरी (36) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 10 जून को हीरालाल बावरी तथा चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया गया था।सतनामसिंह हनुमानगढ़ जिले में जंडावाली का निवासी है। उसकी जमीन 9-जीएम गोमावाली थाना रामसिंहपुर में है। पुलिस को रिपोर्ट देते सतनामसिंह ने बताया कि वह विगत 3 जून की सुबह 8-9 बजे जंडावाली से मोटरसाइकिल पर चक 9-जीएम में जमीन में बुवाई करने के लिए रवाना हुआ था। वह दोपहर दो-तीन बजे रामसिंहपुरा में कूपली चौराहे पर पहुंचा तो एक होटल पर चाय पीने लगा। वही पास में एक युवक बैठा था। उसेस चाय पीने का पूछा तो उसने हां कर दी। चाय पीते-पीते युवक ने बताया कि वह भी बावरी जाति का है।उसने अपना नाम बलवंत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह बताया और कहा कि उसकी ढाणी पास में ही चक 01 डीजेएम में है। कभी कोई काम हो तो उसे अवश्य बताएं। सतनामसिंह के मुताबिक इसी बातचीत के दौरान अचानक बलवंतसिंह ने कहा कि अब तीन- चार बजे का समय हो गया है। गर्मी भी अत्यधिक है। वह कुछ देर उसकी ढाणी में चलकर आराम कर ले।सतनामसिंह के अनुसार उसने बलवंत सिंह को अपने मोटरसाइकिल पर बिठा लिया। वह उसे अपनी ढाणी में ले गया।वहां पानी पीने के बाद उसे नींद आ गई। लगभग 2 घंटे बाद आंख खुली तो उसके कपड़े खुले हुए थे।एक लड़की नग्न अवस्था में थी। उसकी चारपाई के पास एक औरत खड़ी थी। तभी बलवंत सिंह तथा दो अन्य व्यक्ति आये और मारपीट करने लगे कि उसने लड़की के साथ गलत काम किया है। वह उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाएंगे। मुकदमा दर्ज न करवाने के बदले में उन्होंने 5 लाख रुपए की मांग की। सतनामसिंह के मुताबिक तभी उसके मोबाइल फोन पर हीराराम बावरी निवासी बावरियोंवाली ढाणी का फोन आया। उसने उक्त लोगों से बात करवाने के लिए कहा। फोन पर बात करने के बाद हीरालाल ने 2 लाख 70 हजार रुपए में बात तय करवा दी। उसने उक्त लोगों से कहा कि वह उनको रुपए कल दिलवा देगा। अब सतनाम सिंह को जाने दो। सतनाम सिंह के अनुसार इसी दौरान उसके जानकारी रणजीतराम और अमरजीत आदि आए जो उसे ढाणी से छुड़वाकर ले गये। पुलिस ने इस रिपोर्ट के आधार पर धारा 323, 341,384 और 389 में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# रामपुरा उर्फ रामसरा गांव में निर्माणाधीन डॉ. अंबेडकर सामुदायिक भवन की नींव तोड़ने का मामला

## विधायक अभिमन्यु पूनिया पहुंचे धरनार्थियों से मिलने, कार्रवाई करवाने का दिया आश्वासन

तेज. रिपोर्टर | टिब्बी



क्षेत्र के रामपुरा उर्फ रामसरा गांव में निर्माणाधीन डॉ अंबेडकर सामुदायिक भवन की नींव तोड़ने के बाद उपजे गतिरोध के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का धरना शुक्रवार को 12वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक अभिमन्यु पूनिया धरनार्थियों से मिलने मौके पर पहुंचे तथा मामले को लेकर ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली । उन्होंने मामले में दोषियों पर कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया। विधायक ने जिप सीईओ को मामले की जांच करने को कहा तथा तलवाड़ा झील थानाधिकारी रजनदीप कौर को नींव तोड़ने में संलिप्त लोगों पर मुकदमा दर्ज करने को कहा। ग्रामीणों ने बताया कि रामपुरा उर्फ रामसरा गांव के ग्राम पंचायत कार्यालय कै समक्ष धरना पिछले 12दिन से जारी है लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर एसडीएम व जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है सरपंच पति कृष्ण खटावलिया,उप सरपंच व डायरेक्टर प्रतिनिधियों ने विकास अधिकारी के साथ सांठगांठ कर निर्माण कार्य को ध्वस्त कर सरकारी संपत्ति को नुक़सान पहुंचाया। नींव व किल्ट लेवल तक कार्य पूर्ण हो चुका था लेकिन दो जून को रविवार को अवकाश के दिन सरपंच पति,उप सरपंच व डायरेक्टर प्रतिनिधियों ने पहुंच कर निर्माण कार्य तुड़वा दिया। जबकि छह महीने पहले जब नींव रखी गई थी इन सभी की मौजूदगी में नींव रखी गई थी। लेकिन अब राजनीति कर नींव तोड़ दी जिससे अनूसूचित जाति सहित सर्व समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। धरना स्थल पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) जिलाध्यक्ष रेवंतराम मेघवाल, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष मदन गौड़, हरिराम चिनिया गंगाराम चिनिया, दयाराम गोदारा, रामकुमार भलुंडिया, मंगेज गोदारा, मदन आदिवाल, सोहनलाल मर्वा, ओमप्रकाश आदिवाल, रेवताराम, अमरसिंग आदिवाल , तोता राम कडेला, दीनदयाल गोदारा, रामकुमार नायक सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# कमीशन पर हेरोइन सप्लाई करने वाला पकड़ा गया




श्रीगंगानगर। नशा तस्कर के लिए कमीशन के आधार पर हैरोइन (चिट्टा) की सप्लाई करने वाला एक युवक श्रीगंगानगर में पकड़ा गया है। जवाहरनगर थाना पुलिस के मुताबिक सुनील उर्फ सन्नी मेघवाल (23) निवासी फतेहपुर गोदारावास जिला हनुमानगढ़ को कल गुरुवार शाम को स्थानीय हनुमानगढ़ मार्ग पर सीजीआर मॉल के पास काबू किया गया।तब वह किसी को हैरोइन की सप्लाई करने वाला था। उसके कब्जे से 25 ग्राम हैरोइन बरामद हुई है। पकड़े जाने पर सुनील ने बताया कि वह कुछ दिन पहले ही जमानत पर बीकानेर जेल से रिहा हुआ है। बीकानेर जेल में उसकी जान पहचान हनुमानगढ़ जिले के तलवाड़ा झील के निवासी साहिल उर्फ लवली खान उर्फ रवि से हुई थी। जमानत पर बाहर आने पर वह साहिल से मिला और साहिल के कहने पर हीरोइन की सप्लाई करने लगा। वह उसे एक डिलीवरी करने के बदले में 5 हजार रुपए देता है। विगत दिवस साहिल ने 70 ग्राम हैरोइन देकर उसे बीकानेर भेजा। उसने बीकानेर में साहिल द्वारा बताए गए शख्स को 45 ग्राम हैरोइन दी। इसके बाद साहिल के कहने पर शेष 25 ग्राम हैरोइन श्रीगंगानगर में किसी को देने के लिए आया था लेकिन उसे यहां पहुंचने में देरी हो गई। वह 25 ग्राम हैरोइन के साथ वापस हनुमानगढ़ जाने के लिए सीजीआर मॉल के पास किसी वाहन का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# थालड़का क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश

तेज. रिपोर्टर | थालड़का

थालड़का व आसपास के क्षेत्र में पिछले कई दिनों से भारी बिजली कटौती हो रही है। जिसको लेकर के आम लोगों में भारी आक्रोश नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एक तो इतनी ज्यादा भयंकर गर्मी और ऊपर से बिजली कटौती सेल लोगों का हाल बेहाल है। पूरे दिन भर बिजली के लंबे-लंबे कट लगते हैं। रात्रि में बिजली गुल रहती है। बताया कि दिन तो जैसे तैसे करके निकल जाता है मगर रात्रि को लोग कहां जाए।बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्र में रोज बिजली की अघोषित कटौती की रही है। गुरुवार को पूरी रात बिजली कटौती के कारण ग्रामीणों को आंखों में नींद काटनी पड़ी। यह समस्या एक दिन की नहीं है, हमेशा रात्रि के समय बिजली कटौती कर दी जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली की अघोषित कटौती के कारण घर पर शाम के समय खाना बनाते समय महिलाओं को भारी परेशान झेलनी पड़ती है।इसी के साथ रात्रि में सोते समय बिजली पूरी रात गुल रहती है। इस कारण ग्रामीणों को पूरी रात बैठकर आंखों में नींद निकालनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बिजली निगम को चेतावनी दी है कि शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो बिजली 33 केवी सबस्टेशन पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। 33 केवी सबस्टेशन के कर्मचारियों से बिजली कटौती के संबंध बात की तो उन्होंने कहा कि हमारे यहां से कोई कटौती नहीं होती है जो भी होती है वह पीछे से होती है हमारे पास तो एलडी मैसेज की सूचना आती है। एलईडी मैसेज में पता नहीं कितने घंटे तक बिजली कटौती होती है।

## सेतिया कॉलोनी में मोबाइल टावर पर बार-बार चोरी

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय सेतिया कॉलोनी में लगे एआईजी एयरटेल भारती हैक्साकाम के एक मोबाइल टावर से पिछले 6 महीनों के दौरान बार-बार उपकरण चोरी हो रहे हैं।पुलिस को कई बार रिपोर्ट दी गई लेकिन मुकदमा अब अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एआईजी एयरटेल भारती हैक्साकाम में स्टेट मैनेजर भरतसिंह राजवी (28) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में भरतसिंह ने बताया कि सेतिया कॉलोनी में एयरटेल मोबाइल टावर लगा हुआ है। विगत 7 जून की रात को अज्ञात व्यक्ति टावर से 2- आरआ यू मशीन चुरा ले गए। इससे पहले 7 दिसंबर 2023 की रात को एक बीटीएस चोरी हो गया था। 8 जनवरी की रात को भी दो आरआरयू मशीनें चुरा ली गई थीं। फिर 20 जनवरी की रात को भी एक मशीन चोरी हो गई थी। स्टेट मैनेजर के मुताबिक उन्होंने पूर्व में कोतवाली में कई बार रिपोर्ट दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब मामला पुलिस अधीक्षक के आदेश से दर्ज हुआ है।

# राजनैतिक प्रभावशाली लोगों ने सरकारी भूमि पर किया कब्जा

## » ग्रामीणों ने जिला कलक्टर से लगाई अतिक्रमण हटवाने की मांग

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

गांव मोहनमगरिया के चक एक आरपी में गैर मुमकिन आबादी भूमि में से अवैध अतिक्रमण तुरन्त प्रभाव से हटवाने की मांग के संबंध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव मोहनमगरिया के चक 1 आरपी पटवार हल्का रणजीतपुरा में कुछ भूमि राजस्व रिकॉर्ड में गैर मुमकिन आबादी भूमि दर्ज है। इस पर गांव के प्रभावशाली लोगों ने शौचालय वगैरा बनाकर तथा लकड़ियां, मिट्टी, गोबर डालकर अवैध कब्जा कर रखा है। साथ ही इस भूमि पर फसल काश्त कर रखी है। यह भूमि सरकारी भूमि है। ग्राम पंचायत की ओर से कब्जाधारियों को अवैध अतिक्रमण तुरन्त प्रभाव से हटाने के लिए आदेशित किया गया है परन्तु अवैध अतिक्रमण नहीं हटाए जा रहे। अगर अवैध अतिक्रमणों को तुरन्त प्रभाव से नहीं हटाया जाता है तो कब्जाधारी भविष्य में उक्त जगह को अपनी होना साबित कर इस पर पूर्ण रूप से काबिज हो जाएंगे। इससे राजस्व रिकॉर्ड में अंकित गैर मुमकिन आबादी भूमि का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी इस संबंध में जिला कलक्टर को शिकायत की थी। इसके बाद ग्राम पंचायत की ओर से अतिक्रमण तुरन्त प्रभाव से हटाने के लिए अतिक्रमणकारियों को दो बार नोटिस प्रेषित कर सूचना दी जा चुकी है परन्तु अतिक्रमणकारियों की ओर से अवैध कब्जे नहीं हटाए गए हैं। ग्राम पंचायत की ओर से अतिक्रमणकारियों के कब्जे यथास्थिति में होने पर भी अब समय निकाला जा रहा है। इससे उनके हौसले बुलंद है। ग्रामीणों के अनुसार वे अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए पिछले काफी समय से लगातार प्रयासरत हैं। अतिक्रमणकारी राजनैतिक पहुंच वाले व्यक्ति हैं जो अपने राजनैतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए कोई कार्यवाही नहीं होने दे रहे। उन्होंने कहा कि अगर जिला कलक्टर की ओर से अपने स्तर पर इस सारे प्रकरण की जांच किसी उच्च अधिकारी से करवाई जाती है तो सही यथास्थिति सामने आ जाएगी। ग्रामीणों ने जिला कलक्टर से मांग की कि गांव मोहनमगरिया के चक एक आरपी में गैर मुमकिन आबादी भूमि में से अवैध अतिक्रमण तुरन्त प्रभाव से हटवाए जाएं। इस मौके पर शीशपाल, सीताराम, हेमन्त, जगतपाल, पंकज लूणा, पवन कुमार, सोहनलाल, राकेश, प्रेम कुमार, गिरधारी, राजकुमार, महेन्द्र, बिट्टू, जसवन्त आदि मौजूद थे।

# गोलूवाला थाना परिसर में सीएलजी की बैठक संपन्न

## हनुमानगढ़ सीओ राहुल यादव ने सुनी समस्या

तेज. रिपोर्टर | गोलूवाला



स्थानीय पुलिस थाना परिसर में सीएलजी की बैठक सीओ राहुल यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सीओ यादव सीएलजी सदस्यों को जागरूक करते हुए कहा कि अपराध का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। लेकिन अब अपराधों को रोकने के लिए जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा अपराध साइबर, ब्लैकमेलिंग, एंव नशे सबंधी हो रहे हैं। इन अपराधो का ग्राफ तभी गिरेगा जब जनता जागरूक होगी। आजकल पुलिस कॉल की आड़ में बच्चों के पकड़े जाने के फोन उनके परिजनों के पास आ रहे हैं। ऐसे फोन कॉल पर ठग के फोटो भी वर्दी होल्डर के लगे होते हैं। आपको पैसे डालकर बच्चों को छोड़ने की बात कही जाती है। यह साइबर फ्रॉड का नया ट्रेंड है। इससे भी सीओ यादव ने बचने की सलाह दी। उन्होंने आमजन की समस्या भी सुनी।सीओ ने गोलूवाला में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर हिदायत दी। वहीं सीओ यादव ने पुलिस की और से ईंट भट्ठा मालिको से बैठक कर लेबर का रिकॉर्ड बनाने के लिए कन्वेंश करने की बात कही। ताकि बाहर से आने वाले लोगो की जानकारी उपलब्ध रहे।मौके पर उपस्थित लोगों ने पुलिस को क्षेत्र में बढ़ रही समस्या के बारे में बताया। अमरसिंहवाला के पूर्व सरपंच रघुवीर भुल्लर ने अमरसिंहवाला के तिराहे पर बेरिकेड्स लगाने की मांग की। हांसलिया के सरपंच प्रतिनिधि रफीक लोधी ने हंसलिया-गोलूवाला मार्ग पर पशुओ की गंदगी गिराकर बंद किये गए मार्ग को खुलवाने की।मांग की। सीएलजी सदस्य जसपाल भुल्लर की और से हंसलिया-बिलोचवाला गांव के नए बने मार्ग पर दोनों और गिराई मिट्टी उठाने की मांग की। सिहागान के सरपंच प्रतिनिधि जगदीश सारस्वत ने बंद पड़े कैमरों को शुरू करवाने की मांग रखी। इस दौरान सरदार भगतसिंह कॉलेज के निदेशक विजयसिंह पुनिया,कान्हे वाला सरपंच ओमप्रकाश सहारण, अमरसिंहवाला सरपंच रुडाराम, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष प्रभुदयाल धतरवाल,मानव त्यागी,हंसलिया के पूर्व सरपंच इस्माइल खान,मिस्त्री मार्केट के अध्यक्ष गोविंद कबुलशाह, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जलंधरा, महेंद्र जांगू, नोबल स्कूल के मनोज स्वामी, लक्ष्मण सिला, रघुवीर भुल्लर, जगदीश कामरेड, रफीक लोधी, प्रभुदयाल धतरवाल, दर्शन सिंह सहु मौजूद थे।

# पाइप लाइन डालने के दौरान सड़क पर बिखरे पत्थर, आवागमन बाधित

## » पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार ने मूंदी आंखें

तेज. रिपोर्टर | टिब्बी



कस्बे में शहीद आजम भगत सिंह चौक से गोदारा मार्किट की ओर से जाने वाली सीसी ब्लॉक सड़क को पाइप लाइन डालने के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा तोड़ने के आवागमन बाधित हो रहा है। पार्षद प्रतिनिधि व समाजसेवी सुरजीत खीचड़ ने बताया कि पाइप लाइन डालने के दौरान सड़क को तोड़कर इसके पत्थर यूंही ही बिखरे पड़े हैं जिससे कारण वाहनों का इस रोड़ से निकालना दुभर हो हैं। खासकर दूपहिया वाहन इस सड़क से नहीं निकल पा रहे हैं। इस संबंध में जब नगरपालिका ईओ को बताया गया तो उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। लोगों को हो रही परेशानी को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। जब पाइप लाइन डालने के लिए सड़क को तोड़ कर लाइन बिछा दी गई है तो मलबा व पत्थरों को दुरस्त किया जाना चाहिए जबकि विभाग अपना काम करके भूल जाता है और लोग परेशान होते रहे हैं। लोगों को हो रही परेशानी के लिए संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और उन पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## सार्वजनिक स्थलों पर किए हुए अतिक्रमण हटाए

**पीलीबंगा।** पंचायत रामपुरा के सार्वजनिक स्थलों पर किए हुए अतिक्रमण हटाए गए। वीडी ओ हरीश निर्वाण ने बताया कि एसडीएम द्वारा 10 जून को जारी आदेश की पालना में मौका मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में एडीओ अमृतलाल मीणा, डीओ हरीश निर्वाण,पटवारी ललित कुमार के साथ मौका की गठित टीम ने चक 36 एसटीजी के सार्वजनिक स्थलों एवम गंदे पानी की निकासी की नालियों पर किए हुए अतिक्रमण हटाते हुए मलबे को दूर गिरवाया एवं इसके अलावा आमजन से भी पंचायत की किसी भी प्रकार की राजकीय भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहचाने का आग्रह किया। वहीं ग्रामीणों ने भी बताया कि ग्राम रामपुरा पंचायत मुख्यालय से ग्राम प्रेमपुरा की और जाने वाले रास्ते पर घग्घर नदी का पुल बना है,उसमें लोगों द्वारा कचरा डालकर अवरोध किया है,जिससे आमजन को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है इसलिए संबंधित विभाग से इसकी साफ सफाई करवाने का आग्रह किया है।

# भादरा में वार्ड नंबर 32 में उपचुनाव के लिए चार नामांकन दाखिल

## चेयरमेन रहे दादा, दादी की विरासत को आगे बढ़ाऊंगीः मुस्कान

तेज. रिपोर्टर | भादरा



भादरा नगर पालिका के वार्ड नंबर 32 में पार्षद के लिए होने वाले उप चुनाव को लेकर नामांकन के प्रथम दिन कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में मुस्कान बानो ने एक व एक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार भाजपा नेता मांगीलाल गोयल की पत्नी शशि गोयल वह उनके भतीजे प्रवीण गोयल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक-एक नामांकन दाखिल किया ।18 जून को सांय 3:00 तक नामांकन प्रस्तुत किये जा सकेंगे तथा 19 जून को नामांकन पत्रों की सवीक्षा होगी एवं 21 जून को अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे तथा 22 जून को चुनाव चिन्ह आवंटन होगा एव 30 जून को सुबह 7 बजे से लेकर 5 बजे तक मतदान होगा। जबकि 1 जुलाई को प्रातः 9 बजे मतगणना की जाएगी । भादरा नगर पालिका के अध्यक्ष को लेकर 8 जुलाई को सुबह 10 से लेकर 2 तक मतदान होगा तथा मतदान की समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी। ज्ञात में रहे हाजी दाऊद कुरैशी 13 फरवरी 2021 को भादरा नगर पालिका के अध्यक्ष निर्वाचित हुए, 20 अप्रैल 2021 को उनका इंतकाल हो गया इसके पश्चात उनकी पत्नी बैतूल बानु 22 जून 2021 को कार्यवाहक अध्यक्ष बनी । 10 अगस्त 2021 को बैतूल बानो भादरा नगर पालिका की अध्यक्ष निर्वाचित हुई परंतु 17 अक्टूबर 2023 को उनकी मृत्यु के पश्चात भादरा नगर पालिका का अध्यक्ष पद व वार्ड नंबर 32 का पार्षद पद रिक्त चल रहा है, अब बैतूल वालों के स्थान पर उनकी पोत्री मुस्कान बानो वार्ड नंबर 32 से पार्षद के लिए प्रत्याशी है। ऐसा माना जा रहा है कि मुस्कान बानो नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए भी कांग्रेस से प्रत्याशी होगी। मुस्कान बानो के दादा हाजी दाऊद कुरैशी का परिवार पिछले 15 साल से अधिक समय से भादरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर काबिज है । 422 मतदाता वाले इस वार्ड में करीबन पौने तीन सौ से अधिक मतदाता अल्पसंख्यक वर्ग से ऐसे में मुकाबला एक तरफा माना जा रहा है,यही नही बर्ष 2001 में इसी वार्ड से हाजन बेतुल बानो के सामने निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी नाजम खान इस बार मुसकान के साथ हैं। वही भाजपा प्रत्याशी कहि मुकाबले में ही नही था। हालांकि मुस्कान बानो के वार्ड नंबर 32 में वोट बनाए जाने को लेकर काफी विवाद रहा तथा भाजपा नेताओं ने उनके वोट को चैलेंज भी किया और उनके वोट को कटवाने का भरसक प्रयास किया परंतु फिलहाल अभी तक उन्हें इसमें कामयाबी नहीं मिल पाई है।

## बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश आरंभ

**नोहर।** स्थानीय श्री गौरी शंकर बिहानी राजकीय कन्या महाविधालय में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश 10 जून से प्रारंभ हो गए हैं । जिनकी अंतिम तिथि 19 जून तक प्रवेश फार्म ई मित्रा से ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्राएं हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, भूगोल, लोक प्रशासन, इतिहास विषय से महाविद्यालय में प्रवेश ले सकती है । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सरोज न्योल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की सभी छात्राऐ जल्द से जल्द अपना प्रवेश फॉर्म भरकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करे , मेरिट में चयन के बाद प्रवेश अधिकारी कृष्ण कुमार शर्मा से संपर्क करके अपना प्रवेश फॉर्म महाविद्यालय में जमा करवा देवे तथा अधिक जानकारी के लिए सहा प्रशासनिक अधिकारी सुनील राठी से संपर्क करे ।

# माध्यमिक शिक्षा में भी स्टॉफिग पैटर्न की समीक्षा करने की मांग

पीलीबंगा। माध्यमिक शिक्षा में भी स्टॉफिग पैटर्न की समीक्षा करने की मांग करते हुए शिक्षा विभाग को अवगत करवाया है।वही राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला शाखा ने पैटर्न की समीक्षा कर नामांकन के अनुरूप पद सृजित करने की मांग भी राज्य सरकार तथा शिक्षा विभाग से की है।संघ जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि 9 साल पूर्व के नामांकन के आधार पर नियुक्त किए गए शिक्षक ही वर्तमान में विद्यालयों के पढ़ा रहें है,जबकि हर साल विद्यालयों में नामांकन बढ़ रहा है।वही कोरोना काल में तो सरकारी विद्यालयों में नामांकन में भारी वृद्धि हुई है।बीते तीन-चार वर्षो में सैंकड़ों उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत किया गया है,फिर भी सरकार ने इन विद्यालयों में व्याख्याता की नियुक्ति नहीं की है, जिससे व्याख्याताओं व पर्याप्त स्टॉफ के अभाव में इन विद्यालयों में अब नामांकन कम होने लगा है और परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हुआ है।संगठन ने मांग कि माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर प्रा. शिक्षा व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पर्याप्त स्टॉफ की नियुक्ति की जावे।बंसल ने बताया कि हर दो साल में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर उसके हिसाब से शिक्षक नियुक्त होने थे, हालात यह है कि वर्ष 2015 के बाद से स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा ही नहीं की गई ।

## राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का किया निरीक्षण



हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन प्लान की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) शिवचरण मीना ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव ने विधि से संघर्षरत बालकों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं एवं मनोरंजन के लिए खेल आदि की व्यवस्थाओं और उन्हें मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। विधि से संघर्षरत बालकों को उनके अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता व बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं के बारे में बताया गया। प्राधिकरण सचिव ने बच्चों को मिलने वाली भोजन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए बच्चों को पौष्टिक और अच्छा भोजन नियमानुसार देने के लिए किशोर एवं सम्प्रेषण गृह के कार्मिकों को निर्देशित किया।

# क्रिकेट-खिलाड़ियों के विकास के साथ चयन की प्रक्रिया बनाएंगे पारदर्शी

### 19 वर्ष तक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए प्रतिभा खोज शिविर आयोजित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



क्रिकेट एवं खिलाड़ियों के विकास के साथ-साथ चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा। यह बात जिला क्रिकेट संघ हनुमानगढ़ के नवनियुक्त अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने जिला क्रिकेट विकास योजना के अन्तर्गत शुक्रवार को जिला क्रिकेट संघ हनुमानगढ़ के प्राथमिक क्लब ब्लू बेल्स क्रिकेट एकेडमी संगरिया में 19 वर्ष तक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित प्रतिभा खोज शिविर में कही। इस शिविर में चालीस खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इस मौके पर ब्लू बेल्स क्रिकेट एकेडमी के सचिव संजय आर्य ने कहा कि हनुमानगढ़ जिले में क्रिकेट एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए यह आवश्यक है कि इस प्रक्रिया में लगे हुए लोग व्यक्तिगत महत्वकांक्षाओं को छोड़कर खेल एवं खिलाड़ियों के विकास की ओर से अपना ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देने वाला जिला क्रिकेट संघ हनुमानगढ़ विगत 10 वर्षों से क्रिकेट एवं खिलाड़ियों के विकास की प्रक्रिया में पिछड़ गया है। इसके लिए आवश्यक है कि हनुमानगढ़ जिले की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जिला क्रिकेट संघ के प्राथमिक क्लब विभिन्न क्षेत्रों में क्रिकेट गतिविधियों को प्रारम्भ करें। उन्होंने कहा कि नव-निर्वाचित कार्यकारिणी के सचिव अर्जुन बेनीवाल की यह सोच अच्छी है कि हनुमानगढ़ जिले में विभिन्न स्थानों पर प्रतिभा खोज शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इससे दूरगामी क्षेत्र में रहने वाले खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इस मौके पर जिला क्रिकेट ऐसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संदीप भूपेश तथा जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधि नवीन जोइया ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखा और उनका आंकलन करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में उच्च स्तर के खिलाड़ी तैयार होने की अपार सम्भावनाएं हैं। ब्लू बेल्स क्रिकेट एकेडमी की ओर से शिविर का संचालन कर रहे जसकरण सिंह गिल तथा अजय तेतरवाल ने बताया कि ब्लू बेल्स चिल्ड्रन एकेडमी में खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए 15 जून से 30 जून तक 16 दिवसीय नियमित क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण के साथ-साथ योगा इत्यादि की भी सुविधा रहेगी। जसकरण सिंह गिल ने कहा कि जो खिलाड़ी जिला क्रिकेट संघ हनुमानगढ़ के लिए अपना पंजीकरण नहीं करवा सके हैं वे इस शिविर में हिस्सा लेकर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट संघ हनुमानगढ़ की ओर से हनुमानगढ़ जिले के लिए आयोजित होने वाले शिविर में एक दिवसीय विशेष क्रिकेट प्रतिभा खोज शिविर के माध्यम से चयनित किया जाएगा।

# आदिवासी मीणा समाज ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

### नाबालिग आदिवासी डिम्पल मीणा को न्याय दिलवाने की मांग

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



मृतका नाबालिग आदिवासी डिम्पल मीणा को न्याय दिलवाने की मांग को लेकर शुक्रवार आदिवासी मीणा समाज ने महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि मृतका डिम्पल मीणा के साथ 09 मई को एक दुखद घटना घटित हुई थी जिसकी दौराने ईलाज एसएमएस हास्पिटल जयपुर में मृत्यु हो गई थी। मृतका के पिता में इस सम्बंध में पुलिस थाना नई मण्डी, हिण्डौन सिटी में 11 मई को मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि मेरी नाबालिग मूक बधिर डिम्पल मीणा के साथ रेप करके उसके प्राकृतिक पार्ट व शरीर को जला दिया गया। इस अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण निदनीय दिल दहलाने वाली घटना घटित हुए इतना समय बीत जाने के बावजूद आज तक दोषियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की है ओर न ही सरकार द्वारा पीडित परिवार को किसी तरह की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है।उक्त घटना को लेकर सम्पूर्ण आदिवासी मीणा समाज में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञापन में मानवता को शर्मशार करने वाली उक्त घटना के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर उनको कड़ी से कड़ी सजा देने व पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देते हुए आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की गयी है। जल्द मांग पूरी न होने पर आदिवासी मीणा समाज द्वारा उग्र आंदोलन व प्रदर्शन की चेतावनी दी गयी है।प्रतिनिधि मंडल में जिला मीडिया प्रभारी पी.आर. मीणा, जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार मीणा, संरक्षक भीमाराम मीणा, प्रचार मंत्री विनोद कुमार मीणा, देशराज मीणा, कृष्ण कुमार मीणा, ललित कुमार मीणा, अशोक कुमार मीणा, अमित मीणा आदि शामिल थे।

# वसूली भारी-भरकम फीस, नहीं दिलवाई परीक्षा

### फायर सेफ्टी इंस्टीट्यूट एण्ड कम्प्यूटर सेंटर के रिकार्ड की जांच करवाने की मांग

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिला मुख्यालय पर चल रहे एक फायर सेफ्टी इंस्टीट्यूट एण्ड कम्प्यूटर सेंटर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को झांसा देकर भारी-भरकम फीस वसूलकर परीक्षा नहीं दिलवाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में भारत की जनवादी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को शिक्षामंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंप उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की। डीवाईएफआई के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रघुवीर वर्मा ने बताया कि हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर मान प्लाजा के पीछे पिछले काफी समय से पीआर फायर सेफ्टी इंस्टीट्यूट एण्ड कम्प्यूटर सेंटर संचालित किया जा रहा है। सेंटर संचालकों की ओर से यह दावा किया जाता है कि वे फायर सेफ्टी एवं कम्प्यूटर के विभिन्न कोर्स उचित समय पर एवं पूर्ण प्रमाणिकता के साथ सम्पन्न करवाते हैं। यह भी दावा किया जाता है कि इंस्टीट्यूट मान्यता प्राप्त है। रघुवीर वर्मा के अनुसार इस इंस्टीट्यूट पर जिला मुख्यालय एवं दूर-दराज के गांवों से छात्र-छात्राएं फायर सेफ्टी एवं कम्प्यूटर के विभिन्न कोर्स करने के लिए आते हैं। इंस्टीट्यूट की ओर से इन छात्र-छात्राओं को फायर सेफ्टी एवं कम्प्यूटर में अच्छा स्कॉप होने का झांसा देकर भारी भरकम फीस वसूली जाती है। तहसील अध्यक्ष वेद मक्कासर ने बताया कि इस इंस्टीट्यूट पर आरएससीआईटी कम्प्यूटर कोर्स के लिए हर साल खास कर गर्मी की छुट्टियों में काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एडमीशन लेते हैं लेकिन इस इंस्टीट्यूट पर आरएससीआईटी कम्प्यूटर कोर्स के लिए लिए पिछले साल एडमीशन लेने वाले छात्र-छात्राओं की अभी तक परीक्षा नहीं करवाई गई है। क्षेत्र के बहुत से छात्र-छात्राएं इस इंस्टीट्यूट पर भारी-भरकम फीस दे चुके हैं। साथ ही इस कोर्स के प्रशिक्षण के लिए आने व जाने में छात्र-छात्राओं की ओर से भारी किराया वहन किया जा चुका है। इसके विपरीत इन छात्र-छात्राओं का पेपर नहीं होने से इन्हें आर्थिक नुकसान तो हुआ ही है साथ ही छात्र-छात्राएं मानसिक रूप से भी परेशान हैं। इस संबंध में संगठन के प्रतिनिधि गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी से भी मिले थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने भी कहा कि उक्त तरह के इंस्टीट्यूट से उनका कोई सरोकार नहीं है। डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं के अनुसार इस प्रकार इंस्टीट्यूट की मान्यता को लेकर संशय पैदा होता है। इसकी जांच करवाई जानी आवश्यक है। डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं ने पीआर फायर सेफ्टी इंस्टीट्यूट एण्ड कम्प्यूटर सेंटर के रिकार्ड की गहनता से जांच कर कमी पाए जाने पर इंस्टीट्यूट की मान्यता रद्द करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांग पर कार्रवाई न होने पर डीवाईएफआई कार्यकर्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर सुरेन्द्र शर्मा, भागमल, ओमप्रकाश, रामकुमार, मोहन लोहरा, बलवीर, पंकज मिश्रा, सुरेश, विनोद आदि मौजूद थे।



# संजय जैन बने तेरापंथ सभा के अध्यक्ष

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** तेरापंथ जैन भवन हनुमानगढ़ टाउन में तेरापंथ सभा के संरक्षक डॉ पारस जैन एवं संरक्षक बाबूलाल दुगड़ की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें तेरापंथ सभा वर्ष 2024-26 के आगामी कार्यकाल के अध्यक्ष पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई साथ ही पिछले वर्ष के आय-व्यय का विवरण निवर्तमान अध्यक्ष विनोद बाठियाँ के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसे सदन के सभी सदस्यों द्वारा अर्हम की ध्वनि से पारित किया गया। इसके उपरांत डॉ पारस जैन ने आगामी वर्ष 2024-26 तेरापंथ सभा अध्यक्ष के लिए संजय कुमार जैन का नाम प्रस्तावित किया गया सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने अर्हम् की ध्वनि से अध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी संजय कुमार जैन को सौंपी। तेरापंथ सभा के संरक्षक बाबू लाल दुगड़ ने पिछले कार्यकाल वर्ष के कार्यवाही रजिस्टर आय राशि अध्यक्ष संजय कुमार जैन को सौंप दी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महामनिमहातपस्वी आचार्य महाश्रमण की सुशिस्या साध्वी सुदर्शना ठाणा-5 का मंगल उद्बोधन के साथ मंगलपाठ सुनाया। बैठक में राजेंद्र बैद, सुरेन्द्र कोठारी, विजय जैन, मोहन लाल गर्ग, सुभाष बोथरा, संजीव बाठियां, मनोज राखेचा, विजय बाठियां, राजकुमार बाठियाँ, बाबूलाल बाठियाँ, लोकश बैद, कुलदीप पटावरी, सुरेन्द्र बोथरा, राजेन्द्र बोथरा,महेश बोरड़,राजेश जैन, नथमल बाठियाँ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महामनिमहातपस्वी आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनीअमृत कुमार एवं मुनीउपशम कुमार शरेकां गांव से कल 15-06-2024 सुबह विहार करके प्रातः 6.30 पर राजकुमार बाठियाँ (धोलीपाल ) के निवास पर पधारेंगे। अतः समाज के सभी सधार्मिक बन्धुओं से निवेदन है कि समय पर पहुँच कर सेवा का लाभ लेवें।

# श्री गौशाला सेवा समिति द्वारा श्री अखंड रामायण एवं गीता पाठ आयोजित

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** श्री गौशाला सेवा समिति हनुमानगढ़ जंक्शन में 1008 श्री स्वामी गोविंदनंद जी महाराज के परम शिष्य 1008 ब्रह्मलीन श्री स्वामी महादेव जी महाराज के दसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों का आागज शुक्रवार को श्री अखंड रामायण एवं गीता पाठ से हुआ। गीता एवं रामायण पाठ का पूजन प्रातः 08 बजे मुख्य यजमान गौशाला समिति अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया, बीरबल जिन्दल सहित अन्य यजमानों द्वारा गुरू दयानंद जी महाराज के सानिध्य में पूजन किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष इन्द्र हिसारिया ने बताया कि 1008 श्री स्वामी गोविंदनंद जी महाराज के परम शिष्य 1008 ब्रह्मलीन श्री स्वामी महादेव जी महाराज के दसवीं पुण्यतिथि पर 14 जून से 28 जून तक 15 दिवसीय कार्यक्रम में अनेकों संत, धर्म गुरू हनुमानगढ़ की पावन धरा आयोजित होंगे। श्री अखंड रामायण एवं 701 गीता पाठ का आयोजन होगा। जिसमे शाम 7 बजे से संत प्रवचन व श्री भक्तमाल कथा का आयोजन होगा, जिसका वाचन श्री हरिदास जी महाराज करेंगे। इसी के साथ 21 जून से 28 जून तक संगीत में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा जिसका वचन श्री दयानंद जी शास्त्री जी के मुखाबीन से होगा। उक्त आयोजन के तहत बड़े-बड़े संत महात्मा गौशाला प्रांगण में आएंगे जिनके उचित रहने खाने पीने की व्यवस्था गौशाला द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त आयोजन में नित्य प्रात 8 बजे गीता एवं रामायण पाठ पूजन, दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा, शाम 7 बजे आरती एवं शाम 7 बजकर 30 मिनट से प्रभु इच्छा तक संत प्रवचन एवं श्री भक्त माल कथा का आयोजन होगा। उन्होंने समस्त शहरवासियो से अपील की है कि उक्त आयोजन में भाग लेकर धर्म लाभ कमाये।



## राहगीरों को पिलाया मीठा शरबत



**हनुमानगढ़।** सतगुरु रविदास महाराज के ज्योति ज्योत समाना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मीठे पानी की छबील लगाई गई। जंक्शन में रेलवे ओवरब्रिज के नीचे स्थित गुरु श्री रविदास मंदिर के सामने लगाई गई छबील पर राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया गया। छबील से पूर्व मुख्य सेवादार बाबा रामसिंह, गुरु रविदास सेवा समिति अध्यक्ष रामपाल जाटव, मनसुखजीत सिंह बंगा, लखपत राय मेहरड़ा, परविन्द्र कुमार आदि ने रविदास महाराज के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं ज्योत जगाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। छबील पर राजेन्द्र, हेमचंद, रामनेहर, प्रकाश, भूपसिंह, बलकेश चन्द्र, पूर्णचन्द, मोहन, गणेश, राजकुमार, अंकित, महेन्द्र आदि ने सेवाएं दी।

# पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** गांव अमरपुरा थेड़ी में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण गुरदेव सिंह ने बताया कि गांव अमरपुरा थेडी के 13 एचएमएच में पेयजल की कई वार्डो में काफी किल्लत है ओर जिस जगह पर ज्यादा पानी है वहा पर वाल्व लगवाये जाने की आवश्यकता है जिससे कि 13 एच एम एच के सभी वाडो मे समान पानी उपलब्ध हो सके। ज्ञापन में बताया कि गांव में पूरे गांव मे 4 घन्टे पानी चलता है को बढ़ाकर 7 घन्टा करने व पाइप लाइन पर वाल्व लगाये जाने की मांग की गई है जिससे कि वर्तमान में पड़ रही भयंकर गर्मी में ग्रामीणों को समान रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके।

# जिला कलक्टर से लगाई बकाया मजदूरी दिलवाने की गुहार

### » ईंट भट्ठा मालिक पर धमकाने का लगाया आरोप

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



मजदूरी कम देने एवं धमकाने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहसील भादरा के एक ईंट भट्ठा पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों ने शुक्रवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। मजदूरों ने बताया कि राज ईंट उद्योग बायरोड़ राखी तहसील भादरा के मालिक बलवान सिहाग ने आठ परिवारों को अपने ईंट भट्ठा पर कच्ची ईंट पथेर करवाने के लिए जमादार बोहरन सिंह पुत्र ओमकार निवासी सौंडी तहसील दातागंज जिला वदायु के जरिए यूनियन रेट पर रखा था। ईंट भट्ठा पर तुलसीराम, राजू, रजनेश, रविन्द्र, नन्हेलाल, दयाराम, कृष्णलाल व नितिन की ओर से परिवार के साथ पूरे सीजन कार्य कर करीब 48 लाख 72 हजार 742 कच्ची ईंट एवं 83 हजार 265 टाइल निकाली गई थी। कार्य की कुल राशि 25 लाख 49 हजार 291 रुपए बनती है। इसमें से मजदूरों की ओर से 17 लाख 32 हजार 900 रुपए का कुल खर्चा लिया गया। 8 लाख 16 हजार 391 रुपए शेष के 1 लाख 48 हजार 680 रुपए जमादारी बनती है। इस प्रकार 9 लाख 65 हजार 71 रुपए की राशि ईंट भट्ठा मालिक से लेनी है। एक तरफ किराया तय किया गया था। 27 हजार रुपए ईंट भट्ठा पर आने पर मालिक की ओर से दिए गए लेकिन वह किराया भी मालिक की ओर से काटा जा रहा है जो गलत है। उन्होंने बताया कि करीब 15 दिनों से प्रवासी मजदूर भूखे-प्यासे ईंट भट्ठा पर बैठे हैं। इस प्रचण्ड गर्मी में न तो मालिक की ओर से पीने का पानी दिया जा रहा है और न ही हिसाब दिया जा रहा है। खर्चा भी नहीं दिया जा रहा। इससे बच्चों और महिलाओं का बुरा हाल है। ईंट भट्ठा मालिक की ओर से मजदूरों से अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज व मारपीट की जाती है। धमकी दी जा रही है कि अगर यहां से नहीं गए तो गुंडे बुलाकर मरवा दूंगा। ईंट भट्ठा मालिक बदमाश एवं राजनैतिक दबाव वाला है। वह इसी बात की धमकी देता है कि यहां का प्रशासन मेरी मुट्ठी में है। वे उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। उसके पास उनके स्टाम्प एवं चेक पड़े हैं। वह इनका प्रयोग कर उन्हें जेल भिजवा देगा। इस प्रचण्ड गर्मी में मजदूर परिवारों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। अगर कोई घटना घटती है तो सारी जिम्मेदारी ईंट भट्ठा मालिक की होगी। प्रवासी मजदूरों ने मांग की कि ईंट भट्ठा मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा उससे बकाया मजदूरी का भुगतान करवाया जाए। इस मौके पर विजनेश, चन्द्रपाल, बहोरन सिंह, रविन्द्र, नन्हेलाल, कृष्णलाल, नितिन, दयाराम, रजनेश आदि मौजूद थे।

# जिले की मूल निवासी कृष्णा पूनिया राष्ट्रीय स्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता में विजेता बनी

### » दो बच्चों की मां कृष्णा पूनिया को मिसेज प्रीमियम कैटेगरी में विनर घोषित किया गया

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़





जिले के एक छोटे से गांव बड़ोपल की मूल निवासी कृष्णा पूनिया (भादू) बेंगलुरु में विगत दिवस आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता में विजेता चुनी गई। कृष्णा पूनिया मिसेज प्रीमियम कैटेगरी में विनर रहीं। उन्हें क्राउन और ट्रॉफी से नवाजा गया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल हनुमानगढ़ बल्कि बीकानेर जिला भी गौरान्वित हुआ है।वीनस स्टरलाइट मिस एंड मिसेज इंडिया-2024 का ग्रेंड फिनाले बैंगलुरु में आयोजित हुआ। जिसमें देशभर से सुंदरियों ने भाग लेते हुए मिस एंड मिसेज कैटेगरी में रैंप पर फैशन के साथ हुस्न का जलवा बिखेरा। वीनस फिल्म एंड इवेंट्स के डायरेक्टर जेजे कश्यप ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए वर्चुअल ऑडिशन के जरिए प्रतिभागियों को चुना गया। प्रतियोगिता में तीन कैटेगरी रखी गई। मिस कैटेगरी और मिसेज केटेगरी को दो मिसेज़ क्लासिक और प्रीमियम कैटेगरी में बांटा गया। इस कॉन्टेस्ट में गेस्ट सेलिब्रिटी कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार भार्गव, कन्नड फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस स्वाति, कन्नड फिल्मों के डायरेक्टर लोकेश आदि अनेक हस्तियां शामिल हुईं। वहीं जूरी में डॉ. भूमिका गोविंदानी, वीनस मिसेज इंडिया 2023 डॉ. अर्चना पुरोहित, वीनस स्टारलाइट मिसेज इंडिया 2024, आरोही ढोले, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट स्वाति शामिल रहीं। लथिका जूलरी मार्ट का जूलरी कलेक्शन फैशन लवर्स को रोमांचित कर गया। वीनस स्टरलाइट मिस इंडिया का टाइटल हैदराबाद की लतिका के नाम रहा तो मिसेज इंडिया क्लासिक केटेगरी का टाइटल हिसार की प्रतिभा सिंह को दिया गया। मिसेज इंडिया प्रीमियम का ताज कृष्णा पूनियाँ को मिला। कृष्णा (भादू) पूनिया हनुमानगढ़ ज़िले के एक छोटे से गाँव बडोपाल की रहने वाली हैं। 5वीं कक्षा के दौरान वे अपने परिवार के साथ लूणकरणसर (बीकानेर ) में रहने लगीं। उन्होंने बीकानेर के महारानी कोलेज से स्नातकोत्तर और बीएएड की डिग्री रोहतक (हरियाणा) से प्राप्त की। बीकानेर में कॉलेज की पढ़ाई के दौरान वे एनसीसी का हिस्सा थीं। एनसीसी में वे सीनियर अंडर ऑफिसर थी। कृष्णा पूनिया को घुड़सवारी और फायरिंग का शौक है। उन्होंने एनसीसी कैडेट के रूप में स्वतंत्रता दिवस परेड में भाग लिया और एनसीसी का सी-सर्टिफिकेट पूरा किया। उनके पति नौसेना अधिकारी में हैं।उनके दो बेटे हैं। कृष्णा पूनिया राजनीति विज्ञान की व्याख्याता हैं। कुछ वर्षों के बाद वे मुंबई चले गए और अपना सारा समय अपने परिवार को समर्पित कर दिया। फिर उन्होंने समाज सेवा, योग और ध्यान की शुरुआत की। कृष्णा पूनिया ने बताया कि अपनी दिनचर्या में बदलाव के लिए इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर वीडियो बनाना शुरू किया। एक्टिंग के क्षेत्र में भी उन्होंने कदम रखा और दो बार राष्ट्रीय स्तर पर सौंदर्य प्रतियोगिता जीती।वे मोटिवेशनल भी स्पीकर हैं। कृष्णा पूनिया ने कहा- मुझे हताश और निराश लोगों को मोटिवेट करना बहुत अच्छा लगता है। उन्हें पेड़ लगाने का बहुत शौक है। हमेशा हर साल मानसून के दौरान वे पौधे लगाती हैं ।इस बार मानसून में 108 बेलपत्र के पौधे लगाने का संकल्प लिया है। बहुमुखी प्रतिभा की ढाणी कृष्णा पूनिया का मानना है कि-उम्र किसी भी गतिविधि में भाग लेने के लिए बाधक नहीं होनी चाहिए। हमें प्रत्येक अवसर का उपयोग एक बेहतर इंसान बनने के लिए करना चाहिए।अपनी सोच में सुधार करके समाज की और नारी शक्ति की हर संभव मदद करनी चाहिए। समाज के प्रति मेरी लगन, मेहनत और कला के क्षेत्र में मेरी उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें पॉवरफुल वूमेन प्रतिष्ठा पुरस्कार तथा इंस्पिरेशनल वूमेन अवार्ड प्राप्त हुए हैं। इससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ा। उनका पसंदीदा वाक्य है-मैं भी छू सकती हूं आकाश, मौके की है मुझे तलाश।

# विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी युवक गिरफ्तार

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** विवाहिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में महिला पुलिस थाना में दो युवकों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व एससीएसटी एक्ट की धाराओं के तहत नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारी एससीएसटी सैल सीओ रणवीर साईं ने बताया कि एक विवाहिता ट्रेन के जरिए अपने ससुराल जा रही थी। वह गलती से हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उतर गई। विवाहिता गुरुवार को रेलवे स्टेशन के पास बैठी थी कि दो युवक उसे बहला-फुसलाकर टाउन रोड स्थित बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे अंधेरे में ले गए और डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। जांच अधिकारी के अनुसार एक युवक की पहचान दीपक अग्रवाल जबकि दूसरे की विकास मेघवाल के रूप में हुई। दोनों आरोपियों को राउंडअप कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के बयान हो चुके हैं। अग्रिम अनुसंधान जारी है।



# कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है: सोनम बाजवा

पंजाबी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस सोनम बाजवा चाहती है कि उनकी और सिंगर, एक्टर एमी विर्क की जोड़ी बॉलीवुड की फेमस जोड़ी शाहरुख खान और काजोल जैसा जादू स्क्रीन पर पैदा करे। सोनम और एमी विर्क की अपकमिंग फिल्म क्रॉस-कल्चरल फिल्म कुड़ी हरियाणा वल दी जल्द रिलीज होने को है। एक्ट्रेस ने एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा कि जब भी वह दोनों साथ काम करते हैं तो स्क्रीन पर ताजगी आ जाती है। एमी के साथ पुवाड़ा, निक्का जैलदार जैसी फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस ने बताया, कई चीजें फिल्म की कहानी पर निर्भर करती है। अगर कहानी और किरदार अलग हैं, तो आप अपने आप ही स्क्रीन पर ताजगी ला पाएंगे। अगर आप शाहरुख और काजोल की जोड़ी को देखें तो दोनों ने एक साथ कई सारी फिल्मों में काम किया है। मुझे नहीं लगता कि दर्शक कभी यह कहेंगे कि शाहरुख और काजोल फिर से वापस आ गए हैं। असल में लोग उनके साथ आने का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि एमी के साथ उनकी जोड़ी शाहरुख और काजोल की जोड़ी से बहुत पीछे है। मुकलावा फेम एक्ट्रेस ने कहा, काश हम भी उनके जैसा कुछ कर पाते, उन्होंने जितना किया है, उसका एक छोटा सा हिस्सा भी हम कर पाएं तो हम बहुत लकी होंगे। उन्होंने कहा, लोग उनकी (सोनम बाजवा और एमी विर्क) जोड़ी को पसंद करते हैं। हमारे प्रशंसकों में भी हमको लेकर उत्साह है। सोनम ने बताया कि वे विषय और कहानी के बारे में सोचते हैं और फिल्म में अपने आप ही ताजगी आ जाती है। एक्ट्रेस ने बताया, हमने कई फिल्मों में काम किया है मगर जो हमने कुड़ी हरियाणे वल दी में किया है वह अलग है। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अगर किरदार अलग हैं, तो कलाकार भी अलग तरह से काम करेंगे। हरियाणवी जाटनी का डी-ग्लैम लुक निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट के बारे में सोनम ने कहा कि इसमें कोई हिचकिचाहट नहीं है, मुझे इस पर गर्व है कि हमारे देश की लड़कियां कैसी दिखती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, अगर मैं आउटफिट की बात करूं तो सूट पंजाब और हरियाणा दोनों में पहना जाता है। इसके लिए हमने हरियाणा में रहने वाली लड़की से प्रेरणा ली कि वह किस तरह के कपड़े पहनती हैं। बस उसी से हमने यह सब सीखा। उन्होंने कहा कि उन्होंने बहुत सी ऐसी फिल्में की हैं जहां उन्होंने ग्लैमर से हटकर किरदार निभाए हैं, और ऐसे किरदारों की अपनी खूबसूरती होती है। आगे कहा, मुझे सूट पहनना बहुत पसंद है। मुझे ऐसे किरदार निभाने में बहुत मजा आता है क्योंकि इससे आपका ध्यान आपके लुक, हेयरस्टाइल और मेकअप पर नहीं रहता। मुझे बहुत गर्व है कि मैंने ऐसे किरदार निभाए हैं।



# आशिका जननी-एआई की कहानी शो में आएंगी नजर

हाई प्रोफाइल टीवी एक्ट्रेस आशिका भाटिया जननी-एआई की कहानी शो में नजर आएंगी। इस बारे में आशिका ने बताया कि उनके लिए एआई रोबोट की तरह एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे किरदार का नाम चांदनी है। मैं एआई रोबोट हूं, जो इंसानों की तरह लगती है। मेरे लिए रोबोट का एक्ट करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था। मैंने पहले कभी भी ऐसा रोल नहीं किया था, इसलिए मैं इस खास मौके का फायदा उठाना चाहती थी। उन्होंने कहा, खास तौर पर चलते हुए किसी शो में आपको किसी ऐसे व्यक्ति की तरह बर्ताव करना होता है जो पहले से ही सीरीज में है। मेरे लिए किसी और की नकल करना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैंने इसे स्वीकार किया। जननी- एआई की कहानी इरा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक वैज्ञानिक से मां बनी है। वह घातक बीमारी से अपनी बेटी की जान बचाने के लिए एआई रोबोट का आविष्कार करती है। एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, जननी- एआई की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आशिका को पिछली बार एंड टीवी पर वाणी रानी शो में देखा गया था। उन्होंने छोटे पर्दे पर मीरा शो में डेब्यू किया था। वह परवरिश - कुछ खट्टी कुछ मीठी में गुणवंत कौर अहलूवालिया के किरदार में नज़र आईं। इसके अलावा, उन्होंने 2015 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म प्रेम रतन धन पायो में सलमान खान की छोटी बहन का किरदार भी निभाया। आशिका ने लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट्स के रूप में एंट्री की, लेकिन कुछ ही हफ्तों बाद शो से बाहर आ गईं। शो में आशिका चांदनी के रोल में नजर आएंगी।

# लोग आज भी मुझे फुलवा के नाम से जानते हैं: जन्नत जुबैर



एक्ट्रेस जन्नत जुबैर ने छोटे पर्दे के प्रतिष्ठित शो फुलवा में वापसी की इच्छा जताई है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह चाहेंगी कि फुलवा फिर से स्क्रीन पर आए, तो जन्नत ने कहा- क्यों नहीं? ये शो काफी अच्छा है। इतने सालों बाद लोग आज भी बालिका वधू, ना आना इस देस लाडो और फुलवा के बारे में बात करते दिखाई देते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि आज भी लोग उन्हें उनके किरदार फुलवा के नाम से बुलाते हैं। उन्होंने कहा, लोग आज भी मुझे फुलवा के नाम से जानते हैं, जो इस बात का सबूत है कि यह शो आज भी कितना प्रभावशाली है। लगभग 12-13 साल हो गए हैं। मुझे उम्मीद है कि ऐसे शो बनाए जाएंगे। लेकिन अगर फुलवा 2 या बालिका वधू 2 बनता है, तो मुझे लगता है कि प्रशंसक और लोग फिर से क्रेजी हो जाएंगे। फुलवा मध्य प्रदेश के मुरैना के पास चंबल के जंगल की पृष्ठभूमि पर आधारित शो था। इसमें फूलन देवी के जीवन की कहानी दिखाई गई है। कहानी भारत के एक डाकू-प्रभावित इलाके में रहने वाली एक गांव की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। जन्नत ने भारत का वीर पुत्र - महाराणा प्रताप और तू आशिकी जैसे शो में भी काम किया है। वह रानी मुखर्जी अभिनीत हिचकी में दिखाई दी थीं। उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 12 में भाग लिया। 2022 में उन्होंने मीडिया, मार्केटिंग और विज्ञापन श्रेणी में फोर्ब्स 30 अंडर 30 सूची में भी जगह बनाई। बता दें कि जन्नत ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत सामाजिक नाटकों में एक बाल कलाकार के रूप में की थी, जिसमें 2010 का शो काशी - अब ना रहे तेरा कागज कोरा और 2011 में प्रसारित फुलवा शामिल है।

# टीवी चैनल के एक्जीक्यूटिव ने चुरा ली थी इमरान की कहानी

हाल ही में एक्टर इमरान खान ने खुलासा किया कि उनकी कहानी को एक टेलीविजन चैनल के एक्जीक्यूटिव ने चुरा लिया था। एक्टर की माने तो वह 2005 में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत लौटे थे, तब वह डायरेक्टर और राइटर बनने की ख्वाहिश रखते थे। लेकिन शुरू में एक्टिंग उनके माइंड में नहीं थी।
उन्होंने अपनी कहानियों का एक फोल्डर बनाया और किसी को बताए बिना ही एक टेलीविजन चैनल को प्रस्ताव देने के लिए चले गए। इमरान खान ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को बताया, चैनल ने उनके विचारों की सराहना की, लेकिन उन्होंने फिर कभी उनसे कोई बात नहीं की। फिर एक दिन उनकी एक एक्ट्रेस दोस्त ने बताया कि उन्हें एक ऐसे रोल में कास्ट किया गया है, जिसकी कहानी उनके द्वारा पेश स्क्रिप्ट की रूपरेखा से काफी मिलती-जुलती है। एक्टर ने बताया, मैं उनसे मिलने गया और जब उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट दी, तो उसमें मेरी कहानी की रूपरेखा से काफी समानता थी। इसलिए, उन्होंने मेरी बात मान ली और इसे एक एपिसोड बनाने के लिए विस्तारित किया। मैंने उन लोगों को फोन करके उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनसे कभी यह पूछने के लिए संपर्क नहीं कर सका कि आप लोगों ने क्या किया? इस एक्सपीरियंस ने न केवल इमरान खान में कुछ बदलाव किया, बल्कि उन्हें अब्बास टायरवाला से भी मिलवाया। एक्टर ने इनके साथ बाद में अपनी पहली फिल्म जाने तू... या जाने ना में काम किया। इमरान खान ने यह सोचकर एक फिल्म के लिए स्क्रीन टेस्ट देने का फैसला किया कि अगर वह एक एक्टर के रूप में सफल होते हैं, तो उनका नाम पहचाना जाएगा।





# जो चीजें मुझे सही नहीं लगतीं, उन्हें करने से बचता हूं : कार्तिक

हाल ही में बालीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने एक इंटरव्यू में फेयरनेस क्रीम के एड्स को बंद करने को लेकर बात की। कार्तिक ने कहा- कुछ समय पहले मैंने एक फेस क्रीम का एड किया था, पर फिर मैंने ये करना बंद कर दिया। मैं असल में कन्विन्स नहीं हो पाया। मैंने इस कॉन्ट्रैक्ट को रीन्यू नहीं किया ये सोचकर कि मैं गलत कर रहा हूं। इसी इंटरव्यू में कार्तिक आर्यन ने पान मसाला एड के बारे में भी बात की और कहा कि मुझे काफी बार पान मसाला का एड ऑफर हुआ है। कई ब्रैंड्स ने मुझे अप्रोच किया, लेकिन मैंने इनकार कर दिया। मैं इन चीजों से खुद को रिलेट नहीं करता हूं तो मैं अपने दर्शकों को क्यों परोसूं। मैं कोशिश करता हूं कि जो चीजें मुझे सही नहीं लगतीं, उन्हें करने से मैं बचूं। इसी पर जब कार्तिक से पूछा गया कि बाकी के एक्टर्स तो करते हैं तो कार्तिक ने कहा कि मैं उनके बारे में कुछ नहीं कह सकता, क्योंकि उनके लिए शायद ये करना सही होगा। मेरे लिए नहीं है। बता दें, सोनू के टीटू की स्वीटी फिल्म के बाद कार्तिक आर्यन ने साल 2018 में फेयरनेस क्रीम का एड किया था। पुरुष गोरे हो सकते हैं, इस बात को कार्तिक ने ये एड करके बढ़ावा दिया था। लोगों के इसपर विवाद करने के बाद कंपनी ने अपनी क्रीम का नाम बदल दिया था और कार्तिक ने भी इससे किनारा कर लिया था। काम की बात करें तो कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर काफी चर्चा में हैं, जिसका वो जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। मालूम हो कि बॉलीवुड इंडस्ट्री के हैंडसम हंक कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के बेहतरीन एक्टर्स में से एक हैं। वह फिल्मों के अलावा एड्स में भी काम कर चुके हैं। कुछ सालों पहले कार्तिक फेयरनेस क्रीम के एड्स में नजर आए थे, लेकिन उन्होंने इन एड्स को करना बंद कर दिया है। यहां तक कि फेयरनेस क्रीम के कॉन्ट्रैक्ट को भी एक्टर ने रीन्यू नहीं किया है।

# फिल्म 21 में बतौर नायक अभिनय करेंगे अगस्त्य नंदा

गत वर्ष नवोदित एक्टर अगस्त्य नंदा ने जोया अख्तर निर्देशित फिल्म आर्चीज से फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने भी अपने कदम इस फिल्म के जरिये आगे बढ़ाए। लेकिन यह फिल्म इन दोनों बच्चों के लिए कुछ खास न कर सकी। ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर प्रदर्शित हुई इस फिल्म को दर्शकों ने स्वीकार नहीं किया। असफल शुरूआत की बाद भी अगस्त्य नंदा को निर्देशक श्रीराम राघवन ने अपनी फिल्म 21 में नायक के तौर पर लिया है। इन दिनों अगतस्त्य इसी फिल्म को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। अगस्त्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की। बताया जा रहा है कि 21 के लिए राघवन ने पहले वरुण धवन को लेने का मानस बनाया लेकिन किन्हीं परिस्थितियों के चलते यह सम्भव नहीं हो सका और उनके स्थान पर अगस्त्य नंदा को लिया गया। इसमें व्हाइट ब्लेजर पहने अगस्त्य एक ग्रे कलर की कुर्सी पर बैठे हैं और उस पर पीछे 21 लिखा हुआ है। फिल्म में गुजरे जमाने के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र और जयदीप अहलावत भी खास रोल प्ले कर रहे हैं। फिल्म के निर्देशक श्रीराम राघवन हैं। श्रीराम राघवन ने हिन्दी सिनेमा को बदलापुर और अंधाधुन सरीखी फिल्में देने के साथ ही गद्दार सरीखी थ्रिलर फिल्म दी है। उनकी फिल्म के प्रति दर्शकों का एक अलग रूझान रहता है। इसे दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स के तहत बनाया जा रहा है। यह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को सैकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के जीवन पर आधारित एक बैटल ड्रामा माना जा रहा है। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। बताया जा रहा है कि इस फिल्म से अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी डेब्यू करने जा रही हैं।



# कभी शाहरुख खान से ज्यादा फीस मिली थी फराह खान को



फिल्म कभी हां कभी ना के रिलीज के 30 साल बाद फिल्म की कोरियोग्राफर फराह खान ने एक शॉकिंग खुलासा किया है। कोरियोग्राफर-फिल्म निर्माता फराह खान शाहरुख खान के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए बहुत सारी चटपटी बातों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वह शाहरुख खान देखती ही समझ गई थीं उनकी और शाहरुख के बीच बेहद अच्छी बॉन्डिंग बन जाएगी। वे दोनों जल्दी ही एक दूसरे के साथ घुल-मिल जाएंगे। फराह खान ने याद किया कि दोनों पहली बार फिल्म कभी हां कभी ना के सेट पर मिले थे। उन दिनों शाहरुख खान फिल्मों में नए थे और उनके पास पैसे थे इसलिए वे फराह के सहायक के रूप में काम करते थे। फराह ने कहा कि उन्होंने वास्तव में फिल्म में शाहरुख से अधिक पैसा कमाया।शाहरुख के साथ दशकों पुरानी दोस्ती के बारे में पूछे जाने पर फराह ने कहा- हमने 1991 में शूटिंग शुरू की थी और मैं भी नई थी। हम गोवा में थे और मैंने शाहरुख का एक इंटरव्यू पढ़ा था जिसमें वह बहुत ही अकड़ू और घमंडी लग रहे थे। मैं बहुत डर गई थी। मुझे याद है कि जब हम पहली बार मिले थे तो उन्होंने क्या पहना था और क्या कर रहे थे। डायरेक्टर कुंदन शाह ने हमारा परिचय कराया था। कभी-कभी, आप तुरंत किसी से घुल-मिल जाते हैं। आपको ऐसा लगता है कि आप स्कूल के दोस्त हैं। शाहरुख के साथ भी ऐसा ही था। हमारी रुचियां एक जैसी थीं। हमने एक जैसी किताबें पढ़ी थीं, हमारा सेंस ऑफ ह्यूमर भी एक जैसा था। फराह ने बताया कि शाहरुख ने गरीब की शूटिंग के दौरान उनकी काफी मदद की थी। उन्होंने आगे कहा, बजट बहुत कम था। शाहरुख को उस फिल्म के लिए 25,000 रुपये दिए गए थे, मैं आपको बता दूं कि उस फिल्म में मुझे सबसे ज्यादा पैसे मिले थे। मुझे हर गाने के लिए 5,000 रुपये दिए गए थे और उसमें छह गाने थे। बस इसी वजह से मुझे 30,000 रुपये दिए गए थे। हम एक असिस्टेंट भी नहीं रख सकते थे। इसलिए, आना मेरे प्यार को के पूरे गाने के लिए हमने गोवा से ऐसे लोगों को कास्ट किया। फराह ने कहा कि चूंकि एक्स्ट्राज़ को यह नहीं पता था कि संकेत कैसे लेना है या निशान कैसे मारना है, इसलिए शाहरुख़ बारी-बारी से उन्हें चुटकी बजाते थे ताकि वे गाने में दीवार के पीछे से उठ सकें। फराह ने शाहरुख़ को तीन फ़िल्मों में निर्देशित भी किया है - मैं हूँ ना, ओम शांति ओम, और हैप्पी न्यू ईयर। 2000 के दशक के अंत और 2010 के दशक की शुरुआत में कई सालों तक वे एक-दूसरे से बात नहीं करते थे, लेकिन बाद में उनके बीच सुलह हो गई। मालूम हो कि शाहरुख खान की हिट फिल्म कभी हां कभी ना में शाहरुख की जोड़ी एक्ट्रेस सुचित्रा कृष्णमूर्ति संग बनी थी। इस फिल्म का कुंदन शाह ने बनाया था। फिल्म के साथ ही साथ इसके गाने भी काफी फेमस हुए थे। फिल्म का गाना ऐ काश के हम, सच्ची ये कहानी है, दीवाना दिल दीवाना आज भी दर्शकों को काफी पसंद है। यह फिल्म साल 1994 में रिलीज हुई थी।

# श्रीगंगानगर में मोबाइल ऐप से ब्लैकमेल करने के दो ठिकानों का भंडाफोड़, दो युवतियों समेत चार गिरफ्तार

**» सी-ब्लॉक में द सीक्रेट कैफे के नाम पर हो रहा था सीक्रेट धंधा, चक 7-एलएनपी में घर में ही बना रखा था फर्जी कॉल सेंटर**

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर




श्रीगंगानगर में पुलिस ने दो ऐसे ठिकानों का भंडाफोड़ किया है, जहां काफी समय से एक मोबाइल एप्लीकेशन के जरिए लोगों को ब्लैकमेल किया जा रहा था।इन ठिकानों का संचालन एक दंपति और एक युगल द्वारा किया जा रहा था। इन चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों फर्जी कॉल सेंटरों पर गरीब और बेरोजगार किशोरियों व युवतियों को जोब देने के नाम पर रखा हुआ था। इनको भी मजबूर करके मोबाइल एप्लीकेशन से लोगों को अपने जाल में फंसा कर ब्लैकमेल किया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि कल देर शाम को कोतवाली पुलिस द्वारा रविंद्र पथ पर गोल्याण भवन के नजदीक 15-सी ब्लॉक में गणेशगढ़िया ज्वेलर्स के ऊपर किराए के पोर्शन में द सीक्रेट कैफे का संचालन करने वाली एक युवती माया यादव (38) निवासी चक 7-एलएनपी और उसके सहयोगी गुरदाससिंह मजहबी सिख (38) निवासी 34-पीएस थाना समेजा कोठी जिला अनूपगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा सदर थाना की पुलिस ने चक 7-एलएनपी संजय यादव के मकान पर छापा मारा गया, जहां पर तथाकथित रूप से कॉल सेंटर चलाया जा रहा था। कॉल सेंटर में उसकी पत्नी अंजू भी काम करते हुए मिली। माया, गुरदास, संजय यादव और अंजू यादव को धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग, जुवेनाइल एक्ट और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।कोतवाली और सदर थानों में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। द सेक्रेट कैफे से पुलिस ने 13 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। यहां पर माया यादव और गुरदास के अलावा 6 लड़कियां काम करते हुए मिलीं, जिनमें तीन नाबालिग हैं। चक 7 एलएनपी में संजय यादव के ठिकाने से 7 मोबाइल फोन, वाई-फाई, मॉडम आदि उपकरण जब्त किए गए हैं।एक रजिस्टर भी मिला है, जिसमें ब्लैकमेलिंग से कमाए रूपयों का हिसाब-किताब लिखा हुआ था। तथाकथित कॉल सेंटर में जॉब के नाम पर रखी गई लड़कियों और युवतियों को 10 से 15 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाता था। हालांकि चक 7- एलएनपी के ठिकाने पर मिली चार लड़कियों ने पुलिस को बताया कि अभी उनको पहली तनख्वाह भी नहीं मिली थी।इनमें दो लड़कियां नाबालिग हैं, जो इसी गांव की बताई जाती हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि माया और अंजू यादव की आपस में जान पहचान है। माया से ही अंजू ने इस एप्लीकेशन को सीखा और पति के साथ घर के एक हिस्से में कॉल सेंटर बनाकर ब्लैकमेलिंग का काम शुरू कर दिया। माया के पति विकास का निधन हो चुका है।चक 7-एलएनपी की निवासी माया फिलहाल 15-सी ब्लॉक में द सीक्रेट कैफे के ऊपर वाले पोर्शन में किराए पर रह रही है।इसी पोर्शन में फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा था। दोनों सेंटरों पर मिली नाबालिक लड़कियों को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) पेश किया गया। जहां उनके मां-बाप को बुलाया गया। इनके मां-बाप को सारा मामला समझाया गया। फिलहाल में किशोरियों और युवतियों के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। उनको पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया। सीक्रेट कैफे के आसपास के लोगों ने बताया कि यह कैफे दो-तीन सालों से चल रहा है। इसके ऊपर वाले पोर्शन में कॉल सेंटर कब शुरू किया गया, यह आसपास के लोगों को नहीं पता। अलबत्ता सूत्रों का कहना है कि यह सेंटर काफी समय से चल रहा था। इसी प्रकार संजय यादव के घर में केंद्र लगभग एक वर्ष से चल रहे होने के बारे में पता चला है।

### साइबर पुलिस द्वारा भी जांच

पुलिस की साइबर टीम यह जानने का प्रयास कर रही है कि यार एप के नाम की यह एप्लीकेशन मूल रूप से किसने बनाई है और किसके द्वारा ऑपरेट की जा रही है। इसके अलावा दोनों सेंटरों से बरामद किए गए मोबाइल फोन को भी खंगाला जा रहा है। पता लगाने की कार्यवाही चल रही है कि कितने लोग ब्लैकमेलिंग के शिकार हुए हैं। सूत्रों ने बताया की ब्लैकमेलिंग के शिकार हुए लोगों ने ही गोपनीय रूप से इस धंधे के बारे में स्थानीय पुलिस के उच्च अधिकारियों को सूचना दी थी। इसके बाद कल शाम को छापे की कार्यवाही शुरू हुई जो देर रात तक चली।

### ऐसे फांसते थे लोगों को

पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन दोनों ठिकानों पर उक्त आरोपी यार एप के नाम की एक मोबाइल एप्लीकेशन से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे थे। इस एप्लीकेशन को कोई भी एक बार सर्च या स्कॉल कर लेता था, उसका नंबर खुद ब खुद उक्त आरोपियों के पास आ जाता था। फिर अपने यहां काम करने वाली किशोरियों और लड़कियों से ऐसे नंबर पर कॉल करवाए जाते थे। कॉल अटेंड करने वाले को कामुक और मीठी-मीठी बातों से यह लड़कियां जाल में फंसा लेती थी। उनसे वीडियो कॉलिंग, वॉयस, ऑडियो कॉलिंग औ टेक्स्ट मैसेजिंग करती थी। इसकी रिकॉर्डिंग कर ली जाती थी। कॉल करने वाले को यार ऐप पर अपना नंबर इस तरह की बातें करने के लिए रजिस्टर्ड करवाने को प्रलोभित किया जाता। नंबर रजिस्टर होने के बाद असली खेल शुरू होता था। रजिस्टर्ड व्यक्ति को किसी भी लड़की से बात करनी होती थी तो उसे पहले एप से कॉइन खरीदने पडते थे। इसके बाद वह वीडियो कॉल अथवा ऑडियो कॉलिंग कर सकता था ।जितनी देर वह बात करता, उतने उसके कॉइन कट होते जाते। कॉइन खत्म होने पर कॉल करने वाले को उसकी अश्लील वीडियो, ऑडियो रिकॉर्डिंग अथवा चैट मैसेजिंग को वायरल करने की धमकी दी जाती। उसे ऐप से लगातार कॉइन खरीदने रहने और वीडियो अथवा ऑडियो कॉलिंग करते रहने के लिए मजबूर कर दिया जाता था। अगर कोई वीडियो कॉल या ऑडियो कॉल को कट करने की कोशिश करता तो उसे ऐसा नहीं करने की धमकी भी दी जाती। इस ऐप का जाल इस तरह से बना हुआ था कि जितनी देर वीडियो अथवा ऑडियो कॉल चलती रहेगी, कॉल करने वाले की जेब खाली होती रहेगी।

# खेत में ट्रैक्टर चलाते दो भाइयों की करंट लगने से मौत

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर जिले में चूनावढ थाना क्षेत्र के गांव भादुओंवाली में कल रात को दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें जवान उम्र के दो भाइयों की खेत में काम करते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चूनावढ थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजीव रॉयल दलबल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक भाइयों की पहचान नरेंद्र जाट (38) और भीमसेन जाट (40) के रूप में हुई है। दोनों के शव आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने परिवारजनों के सुपुर्द कर दिये। उनका दोपहर बाद गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मृतकों के चचेरे भाई सीताराम द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। घटना का विवरण देते थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजीव रॉयल ने बताया कि गांव भादुओंवाली में घर से कुछ ही दूरी पर खेत में नरेंद्र जाट कल रात 8-9 बजे ट्रैक्टर के पीछे हल (सुहागा) लगाकर जुताई कर रहा था। जब वह काफी देर तक घर नहीं आया तो बड़ा भाई भीमसेन उसे देखने के लिए खेत में चला गया। तब वहां ट्रैक्टर चल रहा था। उसकी लाइटें भी जली हुई थीं। ट्रैक्टर के आगे ही नरेंद्र जमीन पर अचेत पड़ा था। भीमसेन को कोई अनहोनी होने का अंदेशा हुआ। उसने ध्यान नहीं दिया कि नरेंद्र को करंट लगा है। बिजली की तार उसके चिपकी हुई है। भीमसेन ने जैसे ही नरेंद्र को संभाला और उसके शरीर को हाथ लगाया, उसे भी करंट लग गया। भीमसेन की भी वही मृत्यु हो गई। थाना प्रभारी के मुताबिक जब दोनों भाई घर वापस नहीं आए तो इनका चचेरा भाई देखने के लिए खेत में गया। उसने दोनों भाइयों को जमीन पर गिरे पड़े देखा तो पहले उसने चल रहे ट्रैक्टर को बंद किया। तभी उसे आभास हो गया कि नरेंद्र और भीमसेन को करंट लगा है। उसने आवाज लगाकर परिवारजनों तथा गांव के लोगों को बुलाया। नरेंद्र के शरीर से चिपकी हुई बिजली की तार को अलग कर दोनों भाइयों को रीको के समीप एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। रात को उनके शव जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिए गए। थाना प्रभारी ने आज सुबह दोबारा घटनास्थल पर जाकर अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि खेत के पास में ही बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफार्मर से खेत में लगे ट्यूबवैल तक बिजली का तार जमीन के नीचे बिछी हुई थी। कल रात खेत की जुताई करते समय नरेंद्र जाट ने ट्रैक्टर से उतरकर बिजली के तार को संभवत- दूसरी तरफ करने की कोशिश की, तभी उसे करंट लग गया। बिजली का तार कहीं से नंगा था,जिस वजह से यह घटना हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि दो भाइयों की करंट से मृत्यु होने का पता चलने पर जोधपुर डिस्कॉम के एक सहायक अभियंता भी आज घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने भी प्रारंभिक तौर पर मृत्यु का कारण जमीन के नीचे बिछी बिजली की तार को साइड में करने के दौरान करंट लगने की संभावना व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। इस हादसे से गांव भादुओंवाली में शोक की लहर दौड़ गई।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी युवक को 5 वर्ष की कैद

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर में लैंगिकअपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) मामलों की विशेष अदालत (संख्या-01) के न्यायाधीश सुरेंद्र खरे ने सरेआम दिन में एक घर में जाकर 14 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोप प्रमाणित पाए जाने पर एक युवक को आज 5 वर्ष साधारण कारावास की सजा सुनाई। उसे 7 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया। विशिष्ट लोक अभियोजक गुरुचरण सिंह रुपाणा एडवोकेट ने प्रकरण के तत्वों की जानकारी देते बताया कि यह घटना 8 अक्टूबर 2022 को हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र के एक गांव में घटित हुई। पीड़ित बालिका के पिता द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर सुखविंदरसिंह उर्फ सुक्खा बावरी के खिलाफ 10 दिसंबर 22 को मुकदमा दर्ज किया गया। इस शख्स ने बताया कि 8 अक्टूबर को वह और उसकी पत्नी खेत में काम करने के लिए गए हुए थे। घर में उसकी 14 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटा थे। दोपहर को उसका बेटा किसी काम से घर से बाहर चला गया। उसकी बेटी के पास उसके चचेरे भाई की 6 वर्षीय पुत्री खेल रही थी। तभी दोपहर लगभग 2 बजे मोहल्ले में रहने वाला सुखविंदर सिंह बावरी घर में आ गया और उसकी बेटी से गलत हरकत करने लगा। उसकी बेटी सुखविंदर सिंह से गिरफ्त छुड़ाकर बाहर गली में भाग गई।तभी वहां पर हरिकृष्ण नामक व्यक्ति आ गया,जिसे देखकर सुखविंदर भी भाग गया।शाम को जब वह और उसकी पत्नी वापस घर आए तो बेटी ने यह सारी बात बताई। तभी आरोपी सुखविंदरसिंह फिर गली में जाकर उनके घर में घुसने लगा तो उन्होंने उसे पकड़ लिया।तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने धारा 354 और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच में सुखविंदर सिंह दोषी पाया गया। उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होने पर अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से 7 गवाह और 15 दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। विशिष्ट लोक अभियोजक ने बताया कि विद्वान न्यायाधीश सुरेंद्र खरे ने आज सुखविंदर सिंह को पोक्सो एक्ट की धारा 9-एम/ 10 के तहत 5 वर्ष साधारण कारावास की सजा और 5 हजार रुपए जुर्माना तथा धारा 451 व 354 में एक-एक वर्ष साधारण कारावास व एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे अतिरिक्त सजा काटनी होगी। न्यायाधीश ने जुर्माना राशि जमा होने पर पीड़ित बालिका को देने का भी आदेश दिया है। पीड़िता को प्रतिकर स्कीम के तहत प्रतिकार राशि देने की अनुशंसा भी की गई है। आरोपी सुखविंदरसिंह गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक अभिरक्षा में था।

## सादुलशहर में चोरी की एक और बड़ी वारदात हुई

### इस बार चोरों के हाथ लगी भारी नगदी

**श्रीगंगानगर. संजय सेठी।** सादुलशहर में एक के बाद एक चोरी की घटनाएं हो रही हैं। अब गांव खाट सजवार में एक बड़ी चोरी की वारदात होना सामने आया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार खाट सजवार गांव के भजनलाल कुम्हार(35) ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि 12-13 जून की रात को कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर के अंदर ही बनी मिल्क डेयरी के काउंटर से 78000, दूसरी मेज की दराज से 55000 और उसकी बेटी के अलमारी में रखे पर्स में से 5000 रुपए चोरी कर ले गया। इसके अलावा एक बैग भी गायब है, जिसमें परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम और क्रेडिट कार्ड आदि दस्तावेज भी हैं। पुलिस को भजनलाल ने बताया कि उसका परिवार 12 जून की रात को खाना खाकर सो गया था। सुबह 5 बजे उठने पर घर में चोरी होने का पता चला। उन्होंने रात को कमरे को ताला लगाया था जो कि सुबह खुला हुआ था। भजनलाल ने अपने घर में ही मिल्क डेयरी बना रखी है।इससे पहले भी सादुलशहर में चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसी बीच चक 5-केआरडब्ल्यू रोही नूरपुर के रजनीकांत एडवोकेट ने मोटरसाइकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज करवाया है।रजनीकांत ने बताया कि उसका सहकर्मी अनिल निवासी किशनपुरा उतरादा 12 जून की शाम 5 बजे मोटरसाइकिल लेकर सत्यनारायण मंदिर के नजदीक हेल्थ क्लब जिम में गया था। कुछ देर बाद वह जिम से बाहर आया तो मोटरसाइकिल नहीं मिला।

## मास्टर कॉलोनी में युवक ने आत्महत्या की

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय मौसम विभाग रोड पर मास्टर कॉलोनी में 24 वर्षीय एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि सौरव वाल्मीकि (24) नामक यह युवक कल देर शाम को अपने ननिहाल घर में एक कमरे में खूंटी से लगाए फंदे पर लटकते हुए मिला। वह कुछ देर पहले ही घर आया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया गया। जांच कर रहे जवाहर नगर थाना में सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि सौरभ के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने मामा और नानी के यहां मास्टर कॉलोनी में रहता था।वह मजदूरी करता था। उसके बारे में पता चला है कि वह नशा भी करता था। उसने किस वजह से खुदकुशी की है, यह अभी पता नहीं चला आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई। उसके मामा द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।

## मोबाइल टावर पर बार-बार चोरी

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय सेतिया कॉलोनी में लगे एआईजी एयरटेल भारती हैक्साकाम के एक मोबाइल टावर से पिछले 6 महीनों के दौरान बार-बार उपकरण चोरी हो रहे हैं।पुलिस को कई बार रिपोर्ट दी गई लेकिन मुकदमा अब अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एआईजी एयरटेल भारती हैक्साकाम में स्टेट मैनेजर भरतसिंह राजवी (28) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में भरतसिंह ने बताया कि सेतिया कॉलोनी में एयरटेल मोबाइल टावर लगा हुआ है। विगत 7 जून की रात को अज्ञात व्यक्ति टावर से 2- आरआ यू मशीन चुरा ले गए। इससे पहले 7 दिसंबर 2023 की रात को एक बीटीएस चोरी हो गया था। 8 जनवरी की रात को भी दो आरआरयू मशीनें चुरा ली गई थीं। फिर 20 जनवरी की रात को भी एक मशीन चोरी हो गई थी। स्टेट मैनेजर के मुताबिक उन्होंने पूर्व में कोतवाली में कई बार रिपोर्ट दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब मामला पुलिस अधीक्षक के आदेश से दर्ज हुआ है।

## बालाजी फ्लोर मिल में चोरी

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय सदर थाना अंतर्गत हनुमानगढ़ मार्ग पर स्थित रीको उद्योग विहार में बालाजी रोलर फ्लोर मिल में चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार फ्लोर मिल के मैनेजर महावीर प्रसाद शर्मा द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर तीन-चार युवकों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को रिपोर्ट देते हुए महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि चोरी की यह घटना 27 मई की रात को 2 से 3.16 बजे के दौरान हुई है। तीन-चार व्यक्ति दीवार फांदकर फैक्ट्री में घुसे और 50-50 किलो जीआरटी गोल्ड ब्रांड सरसों के 31 थैले एक गाड़ी में डालकर ले गए। फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों में गाड़ी के नंबर दिखाई दिए हैं।चोरी करने वालों में एक की पहचान अजय बावरी के रूप में हुई है। रीको पुलिस चौकी के प्रभारी एएसआई हेतराम चोरों की तलाश में लगे हुए हैं।

# ऑनलाइन ज़मीन नीलामी मामले में बेमियादी धरना जारी

**बींझबायला उपतहसील कार्यालय पर किसानों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया**



तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर जिले में रिडमलसर में उपतहसील कार्यालय के समक्ष चक 27 एमएल के एक किसान की कृषि भूमि डीआरटी द्वारा ऑनलाइन नीलामी मामले में 17 दिन चले पड़ाव के दौरान समझौते पर अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित किसानों ने बेमियादी धरना आज भी जारी रहा। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रवक्ता रविंद्र तरखान ने बताया कि चक 27 एम एल की कृषि भूमि की ऑनलाइन नीलामी मामले में जिला कलेक्टर द्वारा तीन सदस्य जांच कमेटी का गठन किया गया था। जांच कमेटी ने आश्वस्त किया था कि तीन दिन में पूरे मामले की जांच करके किसान को न्याय दिलाने का काम करेगी लेकिन आज एक माह बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा की डीआरटी में पंजाब एंड सिंध बैंक द्वारा मिलीभगत करके किसान की जमीन को हड़प लिया गया है। हम किसी भी सूरत में किसान की अवैध जमीन नीलामी को स्वीकार नहीं करेंगे। किसान नेता सुखबीर सिंह फौजी ने कहा ऑनलाइन जमीन नीलामी को लेकर किसानों के भारी विरोध के बावजूद जिला प्रशासन सचेत नहीं है।ऐसे में हम आंदोलन को तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि डीआरटी के विरोध में अतिशीघ्र किसान पंचायत बुलाई जाएगी व एसडीएम कार्यालय के घेराव का भी निर्णय लिया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। धरना स्थल पर कॉमरेड रविन्द्र तरखान सुखबीर सिंह फौजी, रामकुमार मांझु, संदीप माझु, कांग्रेस किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन नोखवाल, वार्ड पंच ओम प्रकाश, कैलाश पूनिया, रामरख बावरी, ठाकरदास, मुंशीराम, देशराज सिंह, दुलाराम पंच, डॉ महेंद्र ढुंढाड़ा, लखबीर सिंह बराड़, लखविंदर सिंह बराड़, राजकरण सिंह बराड़, रामनरेश तरड, सरपंच पति देवीलाल कड़ेला, सीन कुमार बिश्नोई, निर्मल सिंहमार, पूर्व सरपंच राजू महेंद्रा, विनोद पूनिया और पूर्व सरपंच सतपाल तरड आदि बड़ी संख्या में किसानों व महिलाओं ने उप तहसील कार्यालय पर धरना लगाकर अपना रोष प्रकट किया। किसानों ने मामले की सुनवाई नहीं होने तक धरना जारी रखने का ऐलान किया।

# नशीले पदार्थों के एक और तस्कर के कब्जे पर पुलिस ने चलाया बुलडोजर, 30 लाख की जमीन कब्जा मुक्त हुई

**» पुरानी आबादी के श्याम नगर निवासी रवि बिश्नोई का अतिक्रमण धराशायी**

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



श्रीगंगानगर जिले में पुलिस ने नशीले पदार्थों के एक आदतन तस्कर रवि बिश्नोई द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए हुए मकान पर आज बुलडोजर चलवा दिया। पुरानी आबादी के वार्ड नंबर 9 में श्यामनगर निवासी रवि बिश्नोई के कब्जे को हटाकर लगभग 30 लाख रुपए मूल्य की सरकारी जमीन को मुक्त करवाया गया। रवि बिश्नोई के खिलाफ 2021 से लेकर अब तक नशीले पदार्थों की तस्करी के चार मुकदमे दर्ज हैं। वह आदतन तस्कर है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रघुवीर प्रसाद तथा सहायक पुलिस अधीक्षक (शहर) बी आदित्य के निर्देशन में पुरानी आबादी थाना प्रभारी की गोविंदसिंह चारण ने आज दलबल सहित नगर परिषद के अमले की मौजूदगी में रवि बिश्नोई के कब्जे पर बुलडोजर चलावाया। रवि बिश्नोई के मकान का वह हिस्सा बुलडोजर से तोड़ दिया गया जो सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके बनाया गया था। कार्यवाही के समय नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ चौधरी तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी होने के कारण रवि बिश्नोई अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने इस कार्यवाही का विरोध नहीं किया। कुछ ही देर में कब्जा धराशायी कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि रवि बिश्नोई डोडा पोस्त का तस्कर है। उसके खिलाफ अभी तक चार मामले एनडीपीएस एक्ट के जो दर्ज हुए हैं,वह पुरानी आबादी थाना के ही हैं। यादव ने कहा कि आदतन नशा तस्करों के खिलाफ जिला पुलिस की कार्यवाहियां निरंतर जारी रहेंगी।

## देखते ही देखते घर से स्वर्ण आभूषण लेकर फरार

तेज | संजय सेठी. श्रीगंगानगर



अनूपगढ़ जिले में एक व्यक्ति मकान मालिक के देखते ही देखते सोने के आभूषण लेकर फरार हो गया। इस चोर की पहचान कर ली गई है। पुलिस उसे पकड़ने में लगी है। घटना अनूपगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पतरोडा में 12 जून की दोपहर लगभग 11:30 बजे हुई। पुलिस को रिपोर्ट देते मैनपाल कुम्हार (50) निवासी पतरोडा ने बताया कि 12 जून को सुबह 10 बजे वह परिवार सहित खेत में काम करने के लिए चला गया था। लगभग डेढ़ घंटे बाद 11:30 बजे वह वापस आया तो उसके मकान का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। उसने दरवाजे के नीचे की जालियों से देखा तो एक व्यक्ति भागते हुए दिखाई दिया। वह मकान के पिछवाड़े की तरफ से भाग गया।उसकी पहचान राजू कुम्हार के रूप में हुई है। जब उसने घर के अंदर जाकर अलमारी को संभाला तो उसमें काफी सारे रखे हुए सोने के आभूषण नहीं मिले। पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि चोरी हुए गहनों में आयताकार बना हुआ सोने का एक टेवटा जिसमें हरे रंग के मनको का डिजाइन है। सोने की एक तबीती जिसमें हरे रंग के दो मनके और लाल रंग के तीन मनकों का डिजाइन है। एक साधारण लेडिज अंगूठी सोने की, एक मूरत जिसमें हनुमान की फोटो है तथा सोने के 9 नग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि राजू की तलाश की जा रही है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## नवजोत सिंह ने जीता शूटिंग में सिल्वर मेडल

तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर



कोच हसनप्रीत बराड खालसा शूटिंग अकादमी ऑर्गेनाइज्ड बाय.45 शूटर्स एकेडमी श्री गुरु नानक खालसा पी जी कॉलेज श्रीगंगानगर ने बताया कि एकडेमी के खिलाड़ी नवजोत सिंह ने जयपुर में आयोजित एनसीसी इंटरग्रुप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। एकेडमी संचालक हसन प्रीत बराड ने बताया की यह शूटिंग एकेडमी इंडोर व पूर्णतया एयर कंडीशन है। एकेडमी में 10 वर्ष से लेकर किसी भी उम्र का व्यक्ति ट्रेनिंग ले सकता है। शूटिंग करियर के बारे में बताते हुए कहा शूटिंग सीखने के पश्चात न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है। इसके बाद नेवी व सीआरपीएफ़ जैसी सेवाओं में भी जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य डा. इकबाल सिंह गोदारा द्वारा विजेता खिलाड़ी व डीपीई स. गुरजीत सिंह कोच हसनप्रीत बराड़ को इस शानदार सफलता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी गई।

# विद्यार्थियों में तनाव और चिंता का कारण बनती प्रश्नपत्र लीक की बढ़ती घटनाएं

**प्रियंका सौरभ**

**प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या अनियंत्रित होती जा रही है, इसलिए केंद्र समेत विभिन्न राज्यों की सरकारों का यह प्रथम एवं सर्वोच्च दायित्व होना चाहिए कि वे प्रश्नपत्र लीक होने के प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने दें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे प्रश्नपत्र लीक होने की कोई गुंजाइश ही न रहे। समझना कठिन है कि सूचना तकनीक के इस युग में ऐसी व्यवस्था बनाना कठिन क्यों है? यह दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो।**

जब किसी प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है तो परीक्षार्थियों के साथ परिजनों के भी सपने भी चकनाचूर होते हैं। ऐसी घटनाओं से एक उन्नत, समृद्ध, सुशिक्षित एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज बनने-बनाने का हमारा सामूहिक स्वप्न और मनोबल टूटता है। इससे युवाओं के भीतर व्यवस्था के प्रति असंतोष एवं निराशा की स्थायी भावना घर करती है, शासन के प्रति अविश्वास बढ़ता है और व्यवस्था से आमजन का मोहभंग होता है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्ज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं। इसके साथ ही सरकार की विश्वसनीयता संकट में पड़ती है। प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े-बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। नेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निमार्ता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

प्रश्नपत्र लीक की लगातार घटनाएं भारत की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बन गई हैं। उदाहरण के लिए, अकेले प्रश्नपत्र लीक के 70 से अधिक मामले 2023 में सामने आए, जिससे बीसीएस , मेडिकल प्रवेश परीक्षा और राज्य भर्ती परीक्षाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हुईं । इन लीक ने छात्रों में अत्यधिक तनाव और चिंता पैदा कर दी है , जिससे उनकी तैयारी और आत्मविश्वास का स्तर बाधित हुआ है। प्रश्नपत्र लीक होने में मैनुअल हैंडलिंग और सुरक्षा चूक प्रमुख कारण है। प्रश्नपत्रों की छपाई और वितरण की पारंपरिक विधि में कई टचपॉइंट शामिल होते हैं, जहां सुरक्षा से समझौता किया जा सकता है। उदाहरण के लिए 2020 में, मैनुअल हैंडलिंग गलती के कारण बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के दौरान एक महत्वपूर्ण गलती हुई। संगठित अपराध में संलिप्तता से आपराधिक गिरोह परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों का लाभ बढ़ते आर्थिक लाभ कमाते हैं। उदाहरण के लिए: राजस्थान में, कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया गया, जिससे करोड़ों का अवैध राजस्व अर्जित हुआ।

तकनीकी कमजोरियां बताती हैं कि खराब सुरक्षा वाले डिजिटल सिस्टम को हैक किया जा सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लीक हो सकता है। उदाहरण के लिए: मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्नपत्र हैक किए गए ई-मेल पोस्ट के माध्यम से लीक हो गए, जिससे व्यापक वितरण




हुआ। परीक्षा अधिकारी या कर्मचारी कभी-कभी वित्तीय लाभ के लिए पेपर लीक करने के लिए बाहरी पक्ष के साथ सहयोग करते हैं। उदाहरण के लिए: 2023 में राज्य भर्ती परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल होने के लिए कई अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए आज हमें उन्नत सुरक्षा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता है। भौतिक उपयोगकताओं के लिए छेड़छाड़-रोधी ट्रैकिंग और सुरक्षित परिवहन सुविधाओं का उपयोग करना जरुरी है। उदाहरण के लिए: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डेटाबेस डिजिटल संसाधनों का उपयोग शुरू किया है, जो केवल परीक्षा परिणामों पर अधिकृत कर्मियों के लिए आसान हैं।

सुरक्षित प्रश्नपत्र प्रबंधन और वितरण के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करना फायदेमंद हो सकता है। उदाहरण के लिए एडुब्लॉक प्रोब्लॉक का उपयोग करके यह सुनिश्चित करता है कि प्रश्नपत्र सुरक्षित रूप से चिपका हुआ हो और केवल परीक्षा केंद्र पर ही डिक्रिप्ट किया गया हो , जिससे लीक होने का जोखिम काफी कम हो जाता है। सख्त कानूनी ढांचा लीक में शामिल व्यक्तियों और अंगों के लिए कठोर दंड लागू कर सकता है। उदाहरण के लिए: सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित मौतों की रोकथाम) टिप , 2024, कारावास और भारी जुमार्ने सहित कठोर दंड का प्रस्ताव करता है। परीक्षा कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और सख्त जवाबदेही भी एक उपाय हो सकता है। उदाहरण के लिए: खतरे का पता लगाना और उन्हें रोकने के लिए नियमित ऑडिट करना और निगरानी प्रणाली लागू करना। प्रश्नपत्र लीक का छात्रों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर पड़ता है इससे छात्रों में तनाव और चिंता में वृद्धि होती है। प्रश्नपत्र लीक होने से उत्पन्न असुविधा और अनियमितता छात्रों में तनाव और चिंता को काफी हद तक बढ़ा देती है, जिससे उनका मानसिक कल्याण और परीक्षा प्रदर्शन प्रभावित होता है। जिन छात्रों ने कड़ी मेहनत की है, उन्हें लग सकता है कि उनकी उपलब्धियों को कम आंका गया है, जिससे शिक्षा प्रणाली और उनकी अपनी क्षमता में आत्मविश्वास की कमी हो सकती है। पेपर लीक की बार-बार होने वाली घटनाएं छात्रों को हक कर सकती हैं, जिससे उन्हें अपने भविष्य की संभावनाओं और योग्यता-आधारित सफलता के मूल्य के बारे में मोहभंग होने लगता है। बिहार में राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षाओं के कई लीक के बाद, कई छात्र निराश महसूस करने लगे और शिक्षा प्रणाली की निष्पक्षता में विश्वास खो दिया। छात्रों की शैक्षणिक योजनाएं परीक्षा में बैठने की आवश्यकता से बाधित होती हैं , जिससे अतिरिक्त तनाव और तार्किक प्रतिभा पैदा होती है। प्रश्नपत्र लीक होने सेकेंडरी विश्वास और परीक्षा में विश्वास की हानि होती है, जिससे छात्रों और सेवाओं में अविश्वास पैदा होता है।

विद्यार्थियों पर इस मनोवैज्ञानिक प्रभाव को कम करने के लिए परामर्श और सहायता सेवाएं समय की मांग है । लीक से प्रभावित छात्रों को मनोवैज्ञानिक सहायता और परामर्श प्रदान करना अत्यंत जरूरी है। उदाहरण के लिए: परीक्षा के समय में छात्रों को तनाव और चिंता से निपटने में मदद करने के लिए हेल्पलाइन और परामर्श केंद्र स्थापित करना। भविष्य में लीक को रोकने के लिए किए गए प्रयासों के बारे में संशोधित संचार बनाए रखें। छात्रों और उपभोक्ताओं को विश्वास को फिर से बनाने के लिए बेहतर सुरक्षा उपायों और मुफ्त योजनाओं के बारे में सूचित करना। वैकल्पिक परीक्षा कार्यक्रम से बीमारियों को कम करने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों के साथ परीक्षाओं को जल्दी से दोबारा करवाना बहुत फायदेमंद है। छात्रों के लिए लंबे समय तक तनाव से बचने के लिए स्थानीय प्रश्न पत्र और पर्याप्त परीक्षा तिथियों की व्यवस्था करना। प्रश्नपत्र लीक होने की निरंतर घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविकता को कमजोर करती हैं और छात्रों के लिए काफी तनाव का कारण बनती हैं।

चूंकि प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या अनियंत्रित होती जा रही है, इसलिए केंद्र समेत विभिन्न राज्यों की सरकारों का यह प्रथम एवं सर्वोच्च दायित्व होना चाहिए कि वे प्रश्नपत्र लीक होने के प्रकरणों की पुनरावृत्ति न होने दें और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्हें प्राथमिकता के आधार पर ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे प्रश्नपत्र लीक होने की कोई गुंजाइश ही न रहे। समझना कठिन है कि सूचना तकनीक के इस युग में ऐसी व्यवस्था बनाना कठिन क्यों है? यह दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें बेहतर सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, सख्त कानूनी उपाय और प्रभावित छात्रों के लिए व्यापक समर्थन शामिल है। इन उपायों को लागू करके, हम परीक्षा प्रणाली में विश्वास बहाल कर सकते हैं और सभी छात्रों के लिए एक निष्पक्ष और उचित प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकते हैं।
(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### कुवैत में दर्दनाक हादसा

कुवैत के मंगाफ शहर में आग से जल कर 42 भारतीयों की मौत वाकई तकलीफदेह है। एक बहुमंजिला रिहायशी इमारत में अधिकांश भारतीय नागरिक थे। इनमें सबसे ज्यादा केरल के लोग थे। इनके अलावा, तमिलनाडु. और उत्तर भारत के नागरिक भी अच्छी-खासी संख्या में थे। बताया जा रहा है कि इस छह मंजिला इमारत में जो भवन लिया गया था, उसकी क्षमता बेहद कम थी, जबकि वहां 200 से ज्यादा श्रमिकों को ठहराया गया था। स्वाभाविक रूप से यह संवेदनहीनता और घोर लापरवाही का मामला दिखता है। पहले भी यह देखा गया है कि हमारे यहां से बाहर जितनी संख्या में मजदूरों को ले जाया जाता है, उन्हें वैसी सुविधा मय्यसर नहीं होती। इन लोगों को मवेशियों की तरह ठूंस कर रखा जाता है। यहां तक कि सुवधाओं का सब्जबाग दिखाकर उन्हें बेहद तकलीफ वाली रोजमर्रा की जिंदगी जीने को मजबूर किया जाता है। इस मामले में एक तथ्य ज्यादा गंभीर और युक्तिसंगत है। हमारे देश में रोजगार की जो बुरी गत है, वह किसी से छिपी नहीं है। न केंद्र सरकार के पास रोजगार की कोई संभावना है और न राज्य सरकारों के पास। नतीजतन, युवा बाहरी मुल्कों की तरफ जाते हैं। बिना यह सोचे-समझे कि वहां उन्हें किस तरह की सुविधाएं मिलेंगी और क्या विशेषाधिकार मिलेंगे। सही-गलत का तार्किक विश्लेषण करने की बजाय युवा किसी भी कीमत पर नौकरी पाना चाहता है। कुवैत की घटना इसलिए मायनेखेज है कि जिस कंपनी ने इन लोगों को अपने पास बुलाया था, वह इन्हें नौकरी देना तो दूर इनकी जान तक नहीं बचा सकी। ऐसे कई उदाहरण अतीत में देखे गए हैं कि फलां कंपनी ने श्रमिकों को अपने यहां बुलाया और फिर बंधक बना लिया। कइयों की तो वहां मौत भी हो गई। बाहरी देशों में दूतावासों की भूमिका भी सुस्त और गैर-जिम्मेदाराना देखी गई है। क्या बाहरी मुल्कों में भारतीय दूतावास इस बात की पड़ताल नहीं कर सकते कि भारतीय मजदूरों से कंपनी का समझौता किन शर्तों पर हुआ है? सिर्फ रस्मअदायगी करने से हादसे को रोकना नामुमकिन है। रोजगार को लेकर अपने यहां की सरकार को ज्यादा गंभीर बनना होगा। इस बात की पड़ताल भी उन राज्य सरकारों को करनी होगी, जिनके यहां से मजदूर बाहर जा रहे हैं। जब तक सरकारी मशीनरी एकजुट होकर काम नहीं करेगी, कुछ भी नहीं बदलेगा।

## चिंतन-मनन

### ब्रह्म मुहूर्त में क्यों जागे

साढ़े तीन बजे का महत्व सिर्फ 33 डिग्री अक्षांश तक के लिए ही होता है। 3.40 पर सूर्य उस जगह पहुंच जाता है, जहां उसका सीधा संबंध पृथ्वी से हो जाता है। इस समय उसकी किरणें ठीक आपके सिर के ऊपर होती हैं। जब सूर्य की किरणें धरती के दोनों तरफ एक ही जगह पड़ती हैं, तो इंसान का सिस्टम एक खास तरीके से काम करने लगता है और तब एक संभावना बनती है। इस संभावना के इस्तेमाल करने को लेकर लोगों में जागरूकता रही है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। वैसे तो सूर्य हमेशा आपके सिर के ऊपर ही होता है, लेकिन जब मैं कहता हूं कि सूर्य ठीक आपके सिर पर है तो इसका मतलब है उस समय वह आपके सिर पर लंबवत है। उस समय यह एक विशेष तरीके से काम करता है। यह समय होता है 3.4? से लेकर अगले 12 से 20 मिनट तक।

अब सवाल आता है कि इस समय में हम क्या करें? इस समय में हम ध्यान करें या क्रिया करें? इससे कोई फर्प नहीं पड़ता कि आप क्या करें। इस समय में आपको वही करना चाहिए, जिसमें आपको दीक्षित किया गया है। दरअसल, दीक्षा का मतलब यह नहीं है कि आपको कोई क्रिया सिखाई गई है, इसका मतलब है कि इस क्रिया से आपके सिस्टम को परिचित करा कर आपके सिस्टम में इसे बाकायदा स्थापित किया गया है। अगर आपके सिस्टम में एक जीवंत बीज पड़ चुका है और अगर आप ब्रह्म मुहूर्त में जागकर कोई भी अभ्यास करने बैठते हैं तो यह बीज आपको सबसे ज्यादा फल देगा। उसकी वजह है कि इस समय धरती आपके सिस्टम के अनुसार काम करती है। अगर आप खास तरीके से जागरूक हो जाते हैं, आपके भीतर एक खास स्तर की जागरूकता आ जाती है तो आपको इस समय का सहज रूप से अहसास हो जाता है।

# लगेगी आग तो आयेंगे घर कई जद में ...


निर्मल रानी

विगत 6 जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फिल्म अभिनेत्री व हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित सांसद कंगना रानौत के गाल पर वहां सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात सीआई एस एफ की महिला सिपाही कुलविंदर कौर ने थप्पड़ जड़ दिया। किसी भी सुरक्षा कर्मी द्वारा अति सुरक्षित स्थान पर ऐसा अभद्र व्यवहार किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपी महिला सिपाही कुलविंदर कौर को सीआईएसएफ ने तत्काल गिरफ़्तार कर उसे निलंबित भी कर दिया। इस घटना की पृष्ठभूमि यह है कि किसान आंदोलन के दौरान कंगना रानौत ने पंजाब के आंदोलनकारी किसानों को आतंकवादी तथा खालिस्तानी कहा था और यह भी कहा था कि किसान आंदोलन में शामिल प्रदर्शनकारी महिलाओं को सौ-सौ रुपये दे कर प्रदर्शन के लिये लाया गया था। खबरों के अनुसार किसानों के साथ शामिल महिला प्रदर्शनकारियों में महिला सिपाही कुलविंदर कौर की मां भी शामिल थी जो कंगना रानौत की महिलाओं को सौ-सौ रुपये लेकर प्रदर्शन करने वाले बयान से बेहद आहत हुई थी। परिणाम स्वरूप उसी अपमानजनक बयान के बदले के रूप में यह अप्रत्याशित घटना सामने आई। किसान आंदोलन के दौरान ही कंगना ने ट्वीटर पर यह विवादित टिप्पणी भी की थी कि- कोई भी इसके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि वे किसान नहीं हैं, वे आतंकवादी हैं जो भारत को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि चीन हमारे कमजोर टूटे हुए राष्ट्र पर कब्जा कर सके और इसे यूएसए की तरह एक चीनी उपनिवेश बना सके... बैठ जाओ मूर्ख, हम अपने देश को तुम बेवकूफों की तरह नहीं बेच रहे हैं। हालांकि इस पोस्ट पर हुई आलोचना के बाद कंगना ने इस पोस्ट को भी हटा लिया था। निश्चित रूप से यदि सिपाही कुलविंदर कौर का कृत्य गलत है तो कंगना रानौत के ऐसे बयानों को भी सही नहीं ठहराया जा सकता। इस घटना के बाद कंगना रानौत द्वारा दिये गये एक और विवादित बयान ने इस मुद्दे पर चर्चा को और अधिक तूल दे दिया है जिसमे उन्होंने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई घटना का विवरण देने के अंत में कहा कि हमें इस बात की चिंता है कि पंजाब में जो आतंकवाद व उग्रवाद बढ़ रहा है हम उससे कैसे निपटते हैं। उनके इस बयान के बाद किसान और भी कड़ी आपत्ति जता रहे हैं और कुलविंदर के समर्थन में एकजुट हो गए हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सहित अनेक नेताओं ने कहा है कि इस घटना को पंजाब में आतंकवाद व उग्रवाद फैलने से जोड़ना बिल्कुल गलत है और एक सांसद के नाते तो कंगना को ऐसी बात हरगिज नहीं करनी चाहिये।

परन्तु कंगना के इस आतंकवाद वाले बयान ने देश में पिछले कुछ दिनों के भीतर हुई ऐसी घटनाओं की याद दिलाते हुये आतंकवाद व उग्रवाद पर एक बहस जरूर छेड़ दी है। याद कीजिये अभी गत 18 मई को जब उत्तर-पूर्वी दिल्ली से लोकसभा के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार कन्हैया कुमार अपने निर्वाचन क्षेत्र के उस्मानपुर इलाके में चुनाव प्रचार कर रहे थे उस समय उन पर पहले कुछ लोगों ने स्याही फेंकी और फिर उनके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। मारने वाला व्यक्ति कन्हैया कुमार को टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य बता रहा था। कन्हैया कुमार के इन दो हमलावरों में दक्ष चौधरी नाम का वह व्यक्ति भी था जिसने पिछले दिनों फैजाबाद के चुनाव परिणामों से खिन्न होकर अयोध्या के लोगों को अपमानित किया था। यह लोग ह्यहिंदू रक्षा दलह्ण नमक किसी संगठन से जुड़े थे। इन्होंने इनके अनुसार ह्यराम को घर वापसी कराने वाली पार्टीह्ण (भाजपा ) को वोट ना देने पर अयोध्यावासियों को गालियां दीं थी। क्या इस तरह की सोच व ऐसे कृत्य को उग्रवाद व आतंकवाद से प्रेरित सोच कहना चाहिये ? इसी तरह 13 अक्टूबर, 2011 को प्रसिद्ध वकील प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट में उनके चैंबर में हमला किया गया था। उस दिन तीन लोग प्रशांत भूषण के चैंबर में घुस आए थे और उन्हें पीटना शुरू कर दिया। भूषण उस समय किसी टीवी चैनल को साक्षात्कार दे रहे थे। अतिवादियों ने प्रशांत भूषण को थप्पड़ और लात मारी। वे फर्श पर गिर गए, उनका चश्मा गिर गया और उनकी शर्ट फट गई थी। भूषण के एक हमलावर तेजिंदर पाल सिंह बग्गा को बाद में भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी दी थी । हमलावरों ने स्वयं को श्री राम सेना से बताया था। यह वही दक्षिणपंथी हिंदू चरमपंथी समूह था जिसके कार्यकताओं ने 2009 में मैंगलोर के एक पब में बैठी युवतियों पर हमला किया था। यह उग्रवाद व अतिवाद नहीं तो और क्या है ?

# संतानों के दुर्व्यवहार एवं उत्पीड़न से जटिल होती वृद्धावस्था


ललित गर्ग

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा बढ़ती जा रही है, जो जीवन को नरक बनाये हुए है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। यही पीड़ा वृद्धजन को पल-पल की घुटन, तनाव एवं उपेक्षा से निकलकर वृद्धाश्रम जाने के लिए विवश करती है। संतान द्वारा बुजुर्गों की आवश्यकताओं को पूरा न करना गरिमा के साथ स्वतंत्र जीवन जीने जैसे मानवाधिकारों का हनन है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। एक बड़ा प्रश्न है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को किस तरह से रोके? क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धों के जीवन से जुड़ी इस विकट समस्या के समाधान के लिये ही विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस हर साल 15 जून को मनाया जाता है। इस दिन की शुरूआत सबसे पहले 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बुजुर्गों द्वारा अनुभव किए जाने वाले दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को ह्यएकल, या बार-बार की गई हरकत, या उचित कार्रवाई की कमी के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो किसी भी रिश्ते में घटित होती है, जहाँ विश्वास की उम्मीद होती है, जो किसी बुजुर्ग व्यक्ति को नुकसान या परेशानी पहुँचाती हैह्ण। यह एक वैश्विक सामाजिक एवं पारिवारिक मुद्दा है जो दुनिया भर में लाखों बुजुर्गों के स्वास्थ्य और मानवाधिकारों को प्रभावित करता है और एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को ध्यान देने की आवश्यकता है। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस 2024 की थीम ह्यसभी पहचानों की बुजुर्ग पीड़ितों के लिए सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता देनाह्ण है। याद रखें, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को रोकने में छोटी-छोटी कदम भी अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन लोगों की आवाज बनें जो खुद के लिए बोलने में सक्षम नहीं हैं, दूसरों को शिक्षित करें और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए काम करने वाले संगठनों का समर्थन करें। साथ मिलकर, हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सके। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस एक प्रयोजनात्मक अवसर एवं उत्सव है। यह दिन उन तरीकों को खोजने के लिए भी मनाया जाता है कि कैसे समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार का कारण क्या है? वृद्ध व्यक्ति अक्सर गतिशीलता संबंधी समस्याओं, पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों या सामाजिक अलगाव का सामना करते हैं। इसके अतिरिक्त, आपात स्थितियों का तनाव और अराजकता शारीरिक, भावनात्मक, वित्तीय या उपेक्षा सहित बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के जोखिम को बढ़ा सकती है। आपातकालीन स्थितियों में वृद्ध व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, हम अधिक समावेशी और सुरक्षात्मक वातावरण को बढ़ावा दे सकते हैं। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार एक ऐसी वैश्विक समस्या है जो विकासशील और विकसित दोनों देशों में मौजूद है, हालाँकि बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार की सीमा अज्ञात है, लेकिन इसका सामाजिक और नैतिक महत्व स्पष्ट है। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्किंग बहुओं के ताने, बच्चों को टहलाने-घुमाने की जिम्मेदारी की फिक्र में प्रायः जहां पुरुष वृद्धों की सुबह-शाम खप जाती है, वहीं महिला वृद्ध एक नौकरानी से अधिक हैसियत नहीं रखती। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, दुर्व्यवहार, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। बड़े बूढ़ों के साथ दुर्व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गए हैं। बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के पीछे एक मुख्य वजह सामाजिक प्रतिष्ठा मानी जाती है। तथाकथित व्यक्तिवादी एवं सुविधावादी सोच ने समाज की संरचना को बदसूरत बना दिया है। आज बन रहा समाज का सच डरावना एवं संवेदनहीन है। आदमी जीवनमूल्यों को खोकर आखिर कब तक धैर्य रखेगा और क्यों रखेगा जब जीवन के आसपास सबकुछ बिखरता हो, खोता हो, मिटता हो और संवेदनाशून्य होता हो। संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। इसके पीछे मनोवैज्ञानिक परिस्थितियां काम करती हैं। वृद्धजन अव्यवस्था के बोझ और शारीरिक अक्षमता के दौर में अपने अकेलेपन से जूझना चाहते हैं पर इनकी सक्रियता का स्वागत समाज या परिवार नहीं करता और न करना चाहता है।

## मक्का पहुंचे हज यात्री... वार्षिक हज यात्रा शुरु, क्या टूटेगा 2019 का रिकॉर्ड

रियाद । मक्का में मुस्लिम तीर्थयात्री रेगिस्तान में एक विशाल तम्बू शिविर में शुक्रवार को एकत्र हुए और आधिकारिक तौर पर वार्षिक हज यात्रा की शुरुआत की। अपनी यात्रा से पहले उन्होंने इस्लाम के सबसे पवित्र स्थल ग्रैंड मस्जिद में घन के आकार के काबा की परिक्रमा की। हज के लिए दुनिया भर से 1.5 मिलियन से अधिक तीर्थयात्री पहले ही मक्का में और उसके आसपास एकत्र हो चुके हैं, सऊदी अरब के अंदर से अधिक तीर्थयात्रियों के शामिल होने से यह संख्या अभी भी बढ़ रही है। सऊदी अधिकारियों को उम्मीद है कि इस साल तीर्थयात्रियों की संख्या 2 मिलियन से अधिक होगी। इस साल का हज गाजा पट्टी में इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकवादियों के बीच भीषण युद्ध की पृष्ठभूमि में आया, जिसने पूरे मध्य पूर्व को एक ओर इजरायल और उसके सहयोगियों और दूसरी ओर ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बीच क्षेत्रीय युद्ध के कगार पर धकेल दिया। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक से 4,200 तीर्थयात्री हज के लिए मक्का पहुंचे। सऊदी अधिकारियों ने कहा कि गाजा में युद्ध में मारे गए या घायल हुए फिलिस्तीनियों के परिवारों से 1,000 अन्य लोग भी सऊदी अरब के राजा सलमान के निमंत्रण पर हज करने के लिए पहुंचे।



## हूती विद्रोहियों के हमले में मर्चेंट नेवी का एक सदस्य घायल, जहाज भी डेमेज

**-यूरोपीय संघ ने मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए सैन्य अभियान चलाया**

वाशिंगटन। अदन की खाड़ी में एक मालवाहक जहाज पर मौजूद मर्चेंट नेवी का एक सदस्य हूती विद्रोहियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया है। हमले में जहाज को भी नुकसान पहुंचा है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक अदन की खाड़ी में एक मालवाहक जहाज पर मौजूद मर्चेंट नेवी का एक सदस्य हूती विद्रोहियों के हमले में घायल हो गया है उसे इलाज के लिए पास के जहाज में भेज दिया है। घायल कर्मचारी किस देश का है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। हूती विद्रोहियों द्वारा किया गया यह व्यवहार क्षेत्रीय स्थिरता, लाल सागर और अदन की खाड़ी में नाविकों के जीवन को खतरे में डालता है। रिपोर्टस के मुताबिक पलाऊ देश के ध्वज वाहक यूक्रेनी-स्वामित्व वाले और पोलैंड-संचालित बल्क कार्गो वाहक पर दो क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया जिससे उसमें आग लग गई। चालक दल आग बुझाने में लगे हैं। बताया जा रहा है कि एमवी वर्बेना नामक जहाज लकड़ी की निर्माण सामग्रियां लेकर मलेशिया से इटली जा रहा था। बता दें अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से हूती विद्रोहियों ने लाल सागर और आस-पास की अदन की खाड़ी में मालवाहक जहाजों पर बार-बार हमले किए हैं। अदन की खाड़ी एक महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग है जो स्वेज नहर के जरिए से भूमध्य सागर से जुड़ता है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि इन हमलों का उद्देश्य फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को समर्थन देना है ताकि मालवाहक जहाजों का इजरायल पहुंचना मुश्किल हो। जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती ठिकानों पर कई सैन्य हमले किए। यूरोपीय संघ ने भी लाल सागर में मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए सैन्य अभियान चलाया है।

## न्यायाधीश ने पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई पर लगाया आरोप

लाहौर । जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले न्यायाधीश ने आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है। आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि किस तरह खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है। न्यायाधीश संसद में नेता प्रतिपक्ष उमर अयूब और इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। अयूब ने आरोप लगाया था कि पिछले सप्ताह सरगोधा एटीसी में एक मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश अब्बास को खुफिया एजेंसियों ने बंधक बना लिया था। मार्च में, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के छह न्यायाधीशों ने सर्वोच्च न्यायिक परिषद (एसजेसी) को न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के कथित हस्तक्षेप की जानकारी दी थी।

## नेपाल में ठगी मामले में दो भारतीय गिरफ्तार

काठमांडू । नेपाल में दो भारतीयों को नकली सोने के द्वारा लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यूपी निवासी 71 वर्षीय प्रभा देवी और 42 वर्षीय रामनारायण सुलेंगी को एक स्थानीय व्यापारी से 4,00,000 रुपये लेकर कारोबारी को नकली सोने का हार देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटना के तुरंत बाद उन्हें एक वाहन से भारत की ओर जाते समय लेखनाथ नगर पालिका से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन लाख 90 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

## स्पेस एक्स में खलबली : एलन मस्क पर लगे यौन शोषण के आरोप,8 इंजीरियरों ने कराया मामला दर्ज

वॉशिंगटन। स्पेस एक्स के सीईओ और दुनिया के जानेमाने टेक्नोक्रेट एलन मस्क एक और गंभीर विवाद में घिर गए हैं। उनके खिलाफ स्पेस एक्स के 8 पूर्व इंजीनियर्स ने मुकदमा फाइल कर बहुत ही गंभीर आरोप लगाए हैं। केस दर्ज कराने वाले 8 पूर्व इंजीनियर्स में 4 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल हैं। मस्क पर सेक्सुअल हैरेसमेंट और बदले की भावना के साथ काम करने का आरोप लगाया है। स्पेस एक्स और एलन मस्क के वकीलों ने मीडिया रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। दोनों पक्षों की ओर से दावा किया गया है कि इसमें दी गई जानकारी सही नहीं है। स्पेसएक्स की अध्यक्ष और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ग्वेने शॉटवेल ने कहा, 'आपके ईमेल में मौजूद असत्य, गलत चरित्र-चित्रण और एडिटेड हिस्ट्री पूरी तरह से भ्रामक कहानी को पेश कर रहे हैं। मैं इससे हैरत में हूं और एलन मस्क उन अच्छे इंसानों में से एक है जिन्हें मैं जानती हूं। मस?क के खिलाफ अमेरिका के लेबर डिपार्टमेंट के समक्ष केस दर्ज कराया गया है। केस में स्पेस एक्स को भी आरोपी बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो स्पेस एक्स के इन 8 पूर्व इंजीनियर्स ने साल 2022 में ओपन लेटर लिखकर मस?क के आपत्तिजनक व्यवहार पर सहयोगियों को जानकारी दी गई थी। आरोप है कि इसके बाद मस्क ने बदले की भावना के तहत कार्रवाई करते हुए इन सभी को कंपनी से निकाल दिया था। स्पेस एक्स की एक फ्लाइट अटेंडेंट ने आरोप लगाया था कि मस्क ने साल 2016 में शारीरिक संबंध बनाने के बदले में उनके लिए एक घोड़ा खरीदने की पेशकश की थी। एक अन्य महिला कर्मचारी ने (जिन्होंने 2013 में स्पेसएक्स से इस्तीफा दे दिया था) आरोप लगाया कि मस्क ने कई मौकों पर उनसे अपने बच्चे पैदा करने के लिए कहा था। आरोप है कि मस्क ने कथित तौर पर कहा था कि दुनिया कम जनसंख्या के संकट का सामना कर रही है और हाई आईक्यू वाले लोगों को बच्चे पैदा करने चाहिए। स्पेस एक्स में काम करने वाली एक महिला को एलन मस्क की ओर से रात में उनके घर आने के लिए बार-बार इनवाइट किया गया था। एलन मस्क पर एक इंटर्न समेत दो महिला कर्मचारियों के साथ शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक इंटर्न समेत अपने दो कर्मचारियों के साथ शारीरिक संबंध बनाया था। साथ ही मस्क पर एक अन्य कर्मचारी से अपने बच्चे पैदा करने के लिए कहने का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क ने अपनी कंपनियों- स्पेसएक्स और टेस्ला दोनों में एक संस्कृति बनाई - जिससे महिला कर्मचारी असहज हो गईं। इससे पहले भी एलन मस्क पर कई आरोप लगे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क पर पहले भी बोर्ड के सदस्यों के साथ काम पर नियमित रूप से एलएसडी, कोकीन, एक्स्टसी, मशरूम और केटामाइन जैसी दवाओं का सेवन करने का आरोप लगाया गया है।



बुखारेस्ट में रोमानियाई सैनिक हीरोज डे को लेकर टार्च जलाकर खुशी व्यक्त करते हुए।

## इजरायल और हमास जंग के रुकने के अभी कोई असार नहीं : बाइडेन

गाजा । पिछले अक्टूबर से इजरायल और हमास के बीच जारी जंग में जल्द युद्ध विराम की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। इजरायली हेलीकॉप्टर गनशिप, अटैक ड्रोन और युद्धक विमानों ने राफा पर हमला किया। जबकि फिलिस्तीनी लड़ाके इजरायली सैनिकों के साथ सड़क पर चल रही लड़ाई में उलझे हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में युद्धविराम समझते की उम्मीद नहीं है। सवाल का जवाब देकर कि क्या जल्द ही कोई युद्धविराम हो जाएगा, बाइडेन ने कहा कि नहीं, और कहा कि 'मैंने उम्मीद नहीं खोई है। वहीं उत्तरी गाजा शहर में आवासीय भवनों पर इजरायली हवाई हमलों के बाद कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए। जबकि हिजबुल्लाह ने इजरायल के उत्तर में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर एक बड़ा ड्रोन और रॉकेट हमला किया। इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान में घातक बमबारी के साथ जवाब दिया। अब सीमा पर संघर्षों के पूरी तरह जंग में बदलने की आशंका बढ़ गई है। कबातिया में इजरायली सेना के हमले में 3 लोगों की मौत के बाद फिलिस्तीनियों ने विद्रोह किया। इजरायली सेना के पश्चिमी तट के कबातिया शहर पर हमला करने और एक घर पर कंधे से दागी जाने वाली मिसाइलों से हमला करने के बाद तीन फिलिस्तीनियों के मारे जाने के बाद नागरिकों के विद्रोह के नजारे देखने को मिले। इसके बाद इजरायली सेना के बुलडोजर ने इमारत के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया।



# ब्रिटेन में पहली बार जारी हुआ हिंदू घोषणापत्र... शुरु हुआ विरोध

**लंदन (एजेंसी)।** आगामी जुलाई माह में ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव पर भारत के लोगों की नजर है। वहां रहने वाला हिंदू समाज चुनाव में अपनी प्रभावी भूमिका निभाने की तैयारी में है। पहली बार चुनाव से ठीक पहले हिंदू घोषणापत्र जारी किया गया है।

इसका कारण खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हिंदू मंदिरों तथा हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं का बढ़ना है। ब्रिटेन में सिख व मुस्लिम समाज का घोषणापत्र आता रहा है, लेकिन पहली बार है जब हिंदू समाज के लोग भी अपना घोषणापत्र लाए हैं।

सात सूत्रीय घोषणापत्र में प्रमुख रूप से हिंदू विरोधी नफरत को धार्मिक घृणा अपराध के रूप में मान्यता देना, उसमें शामिल संगठनों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाना, हिंदू मूल्यों को स्वीकार करना और उसकी रक्षा करने के साथ हिंदू पूजा स्थलों की रक्षा करना शामिल है। मामले से जुड़े व्यक्ति के अनुसार, हमने अपना घोषणापत्र जारी कर कहा है कि जो प्रत्याशी या दल इस घोषणापत्र को स्वीकार करेगा, उसी को हिंदुओं का वोट मिलेगा।




चार दिन पहले लंदन में आयोजित हार्मोनी कांफ्रेंस में यह घोषणापत्र जारी किया गया है, जिसमें ब्रिटेन में सक्रिय 138 हिंदू धार्मिक व सामाजिक संगठनों के 350 से अधिक लोग शामिल हुए थे, जिसमें बाप्स श्री स्वामीनारायण मंदिर, चिन्मय मिशन, हिंदू स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू मंदिर नेटवर्क व हिंदू कार्उंसिल ऑफ यूके जैसी प्रमुख संस्थाओं के लोग शामिल थे। जानकारों के अनुसार, ब्रिटेन की जनसंख्या में हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले लोगों की संख्या करीब 1.7 प्रतिशत है।

### क्यों करनी पड़ी ये मांगें

बीते कुछ समय में हिंदुओं के साथ कथित तौर पर हेट क्राइम की घटनाएं बढ़ीं। खुद लीडिंग ब्रिटिश थिंक टैंक हेनरी जैक्सन सोसायटी ने पिछले साल दावा किया था कि ब्रिटेन में बसे मुस्लिम स्टूडेंट्स हिंदू धर्म को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां करते और उन्हें कंन्वर्ट होने को कहते हैं। इसके लिए देश के हजार से ज्यादा स्कूलों का सर्वेक्षण और लगभग इतने ही पेरेंट्स से बात की गई। वहां रहने वाले करीब 50 प्रतिशत अभिभावकों ने माना कि मजहब के चलते उनके बच्चों को स्कूल में नफरत झेलनी पड़ी। यहां तक कि कई स्कूलों ने भी अपनी अंदरुनी रिपोर्ट में माना कि उनके कैंपस में बीते 5 सालों में हिंदू-विरोधी सोच बढ़ी है।

### क्या है मेनिफेस्टो में

- इसमें आने वाली सरकार से 7 मांगें की गई हैं

- हिंदू हेट-क्राइम की घटनाओं को धार्मिक नफरत की तरह पहचानना और इसतरह के लोगों को सजा देना।

-पूजा स्थलों को सुरक्षा देना और मंदिरों के लिए सरकारी फंडिंग।

-हिंदुओं की मान्यताओं-आस्थाओं को आने वाली पीढ़ी तक ले जाने के लिए फेथ स्कूल्स तैयार करवाना।

-सरकार और सार्वजनिक स्थलों पर हिंदुओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना।

-पुजारियों से जुड़े वीजा के मामलों को सुलझाना।

-सामाजिक सेवाओं में हिंदुओं को शामिल करना।

-धार्मिक मान्यताओं को पहचानना और उन्हें प्रोटेक्ट करना।

### होने लगा मेनिफेस्टो का विरोध

हालांकि घोषणापत्र रिलीज होने के साथ ही वहां के कैंपेनिंग संस्थान नेशनल सेकुलर सोसायटी ने दस्तावेजों की आलोचना करते हुए कहा कि आने वाली सरकार को इन्हें सिरे से रिजेक्ट कर देना चाहिए।

## जी7 की बैठक के दौरान लड़खड़ाए जो बाइडेन, जियोर्जिया पीएम ने संभाला

**– वीडियो वायरल, यूजर कर रहे कमेंट डीयर गॉड, कृपया अमेरिका की मदद करें**

**रोम ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली में हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में बाइडेन को लड़खड़ाए हुए देखा जा सकता है, जिन्हें बाद में इटली की पीएम जियोर्जिया मेलोनी संभालती दिखती हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले इस तरह के वीडियो बाइडेन और उनकी पार्टी के लिए परेशानी बढ़ा सकती है। वीडियो में जो बाइडेन को जी-7 के नेताओं से दूर जाते हुए देखा जा सकता है।

वीडियो में मेलोनी और जो बाइडेन के अलावा ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कई प्रमुख नेता दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, राष्ट्रपति बाइडेन जी7 शिखर सम्मेलन में लड़खड़ा गए और उन्हें वापस लाने उन्हें संभालना पड़ा।

सोशल मीडिया पर कई लोगों ने बाइडेन के इस व्यवहार पर चिंता जताई है। एक यूजर ने लिखा, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि उन्होंने विश्व नेताओं के सामने क्या किया है? कितनी शर्म की बात है। एक ने लिखा, डीयर गॉड, कृपया अमेरिका की मदद करें। हम एक धागे से लटके हुए हैं। वे हमें कब तक हमें शर्मिंदा करते रहेंगे? एक दूसरे यूजर ने लिखा, मुझे नहीं लगता कि उनके चुनाव लड़ने की कोई संभावना रह गई है। डेमोक्रेट्स बुरी स्थिति में हैं। वे इसके लिए किसी और को नहीं बल्कि खुद को ही दोषी ठहरा सकते हैं।



बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन 81 के हो गए हैं। उनकी सेहत को लेकर चर्चा होती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि वह फिर एकबार राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार बन पाते हैं या नहीं। इससे पहले जो बाइडेन ने गुरुवार को जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी द्वारा स्वागत किए जाने के दौरान अजीब तरीके से उन्हें सलामी दी। बाइडेन के इस इशारे को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खूब चर्चा हो रही है।

## नमस्ते से नेताओं का स्वागत करने वाली इटली की पीएम मेलोनी की इतनी है सैलरी

**रोम (एजेंसी)।** इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले नेताओं का पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने नमस्ते से स्वागत किया। उनका यह अंदाज पूरी दुनिया में वायरल हो गया है। जॉर्जिया मेलोनी इटली की धुर दक्षिणपंथी नेता हैं। 50 साल से भी कम उम्र में उन्होंने इटली की सत्ता संभाल ली। वह यूरोप की सबसे अनुभवी राजनेताओं में से एक हैं।

साल 2006 में वे पहली बार सांसद चुनी गईं और उसके बाद कभी भी संसद नहीं छोड़ा। संसद में अपने पहले दो वर्षों में वह चैंबर की उपाध्यक्ष रहीं और 2008 से 2011 तक युवा मंत्री का पद संभाला। मेलोनी हमेशा निचले सदन की सदस्य रही हैं। रिपोर्ट मुताबिक इटली विधायिका के मुताबिक एक सांसद का वेतन 11,703 यूरो (10.47 लाख रुपये) है। टैक्स के बाद उन्हें 5,346.54 यूरो (4.78 लाख रुपये) मिलते हैं। 3721 यूरो (3.33 लाख रुपये) दैनिक भत्ता और 3690 यूरो (3.30 लाख रुपये) की प्रतिपूर्ति होती है। इसके बाद इटली के सांसद 1200 यूरो (1.07 लाख रुपये) प्रति



वर्ष टेलीफोन और परिवहन के लिए हर तीन महीने में 3,323-3995 यूरो (2.97-3.57 लाख रुपये) के बीच के हकदार हैं। हालांकि मेलोनी की पार्टी के सांसद अपने वेतन का कुछ हिस्सा पार्टी के खजाने में देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मेलोनी की आय 293,531 यूरो (2.62 करोड़ रुपये) है। यह उनकी आय में 2021 से बढ़ोतरी थी। 2018 में उन्होंने रोम में दो रियल एस्टेट संपत्तियों, एक कार और 20000 यूरो पार्टी के योगदान की बात कही थी। रिपोर्ट के मुताबिक 2006 से जॉर्जिया मेलोनी की सारी कमाई को जोड़ने पर कुल शुद्ध संपत्ति 16 लाख यूरो (14.31 करोड़ रुपये) है।

# जी 7 शिखर सम्मेलन: राष्ट्रपति मैक्रॉन के साथ पीएम मोदी की बैठक

**–चीन की आक्रामता को लेकर चिंतित जी–7**

**अपुलिया (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपुलीया में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। पीएम मोदी की बोर्गो एग्नाजिया रिसॉर्ट में विश्व के अन्य नेताओं के साथ कई बैठकों की योजना है।

### चीन पर जी-7 नेता

जी7 लोकतंत्र रूस की सैन्य कार्रवाइयों के चीन के कथित समर्थन पर साझा प्रतिक्रिया तलाश रहा हैं, जिसके बारे में अमेरिका का कहना है कि इससे यूक्रेन में युद्ध बिगड़ रहा है। वहीं जापानी सरकार के सूत्र ने बताया, जी7 देश इस बात पर सहमत हैं कि चीन से कैसे निपटा जाए। यह बैठक चीन और पश्चिम के बीच व्यापार संबंधों के खराब होने के बीच हो रही है। अमेरिका, जापान और यूरोपीय संघ, जो अनौपचारिक आठवें सदस्य के रूप में जी 7 शिखर सम्मेलन में शामिल होता है, सभी चीन की औद्योगिक अतिक्षमता से चिंतित हैं। उनका कहना है कि बीजिंग की बड़ी सब्सिडी, विशेष रूप से हरित ऊर्जा और सौर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी प्रौद्योगिकी में, बहुत सस्ते उत्पादों को जन्म देती है जो वैश्विक बाजार में बाढ़ ला देते हैं।

### इटली की संसद में क्या हुआ...डर गए जी7 के मेहमान

एक ओर इटली जी7 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर उसके संसद में खूब मारपीट मचा है। इटली की संसद का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। इटली की संसद में सांसदों के बीच एक बिल को लेकर जमकर लात-घूंसा चला। संसद के भीतर मारपीट का वीडियो



सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वक्त इटली में जी7 देशों के मेहमानों के साथ-साथ वहां तमाम देशों के मेहमान मौजूद हैं जिन्हें इटली ने जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक इटली के कुछ क्षेत्रों को स्वायत्ता देने से जुड़े एक बिल को लेकर संसद के भीतर विवाद शुरू हुआ था। इस बिल का समर्थन करने वाले विरोधी सांसदों के बीच शुरू हुआ विवाद बाद में मारपीट तक जा पहुंचा।

# हर घंटे आएंगे... 53.79 करोड़ रुपये, मस्क का सालाना पैकज इतना बड़ा

**– अमेरिका कॉरपोरेट इतिहास में सबसे बड़ा सैलरी पैकेज**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क का सैलरी पैकेज सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। उनका पैकेज इतना बड़ा था कि उस पर अमेरिकी कोर्ट को रोक तक लगानी पड़ी। आखिर 6 साल बाद उन्हें हासिल करने में सफलता मिल ही गई। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस?ला के शेयरहोल्डर्स ने मस्क के 56 अरब डॉलर (करीब 4.64 लाख करोड़ रुपये) सालाना के पैकेज को मंजूरी दी है। यह अमेरिका के कॉरपोरेट इतिहास में किसी सीईओ का अब तक का सबसे बड़ा सैलरी पैकेज है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मस्क ने खुद ट्वीट कर शेयरहोल्डर्स को धन्यवाद किया। शेयरहोल्डर्स ने बैठक में पैकेज को मंजूरी दी। वैसे मस्क को साल 2018 में ही इस पैकेज को देने के लिए प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन तब कंपनी के कुछ शेयरहोल्डर्स के विरोध के कारण कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस बार अधिक शेयरहोल्डर्स ने अपनी मंजूरियां दे दी हैं। तब लाए गए पैकेज की आज वैल्यू 56 अरब डॉलर है, क्योंकि 2018 में टेस्ला की मार्केट वैल्यू 59.1 अरब डॉलर थी, जो आज 570 अरब डॉलर हो गई है। मस्क के भारी-भरकम सैलरी पैकेज पर सिर्फ 73 फीसदी शेयरहोल्डर्स ने ही मंजूरियां दी हैं, जबकि अमूमन कॉरपोरेट जगत में इस तरह के पैकेज को 95 फीसदी शेयरहोल्डर्स अपनी मंजूरी देते हैं। हालांकि, बहुमत से पैकेज को हरी झंडी मिल चुकी है।

हेडक्वार्टर डेलवेयर से टेक्सास शिफ्ट करने पर भी मुहर लगा दी है। साथ ही दो बोर्ड मेंबर को री-इलेक्ट करने पर भी मंजूरी दे दी है।

जैसे ही कंपनी के बोर्ड और शेयरहोल्डर्स ने पैकेज को अपनी मंजूरी दी, कुछ शेयरहोल्डर्स जो इसके खिलाफ हैं, कोर्ट पहुंच गए। कोर्ट में फाइल केस में शेयरधारकों ने कहा है कि कंपनी के जिन निदेशकों ने मस्क के पक्ष में वोट किया है, वे उनके करीबी हैं और ज्यादादर शेयरधारकों को पूरे मामले की जानकारी ही नहीं है। इतना ही नहीं शेयरहोल?डर्स को मस?क की हिस?सेदारी पर भी आपत्ति है, जो अभी 20 फीसदी से ज्यादा है। फिलहाल शेयरहोल्डर्स ने जिस पैकेज को मंजूर किया है, इसके तहत मस्क को सालाना 56 अरब डॉलर (करीब 4.64 लाख करोड़ रुपये) मिलने है। इसका मतलब हुआ कि हर महीने की सैलरी 38,733 करोड़ रुपये होगी और रोजाना 1,291 करोड़ रुपये की कमाई। पैकेज के बाद मस्क के खाते में हर घंटे 53.79 करोड़ रुपये आएंगे। इसका मतलब हुआ कि वे 50 से ज?यादा मर्सिडीज कार हर घंटे खरीदने जितनी दौलत कमाएंगे।



# कनाडा के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**लॉडरहिल (एजेंसी)।** भारतीय टीम शनिवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में कनाडा के खिलाफ जीत की लय बनाये रखने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने अब तक अपने तीनों ही मैच जीते हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। इस मैच में हालांकि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा पर सबकी नजरें रहेंगी। विराट अब तक तीनों ही मैचों में रन नहीं बना पाये हैं ओर उनका लक्ष्य इस मैच में रन बनाकर सुपर आठ से पहले लय हासिल करना रहेगा। यही हाल जडेजा का भी है वह भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अब तक प्रभावि नहीं कर पाये हैं। भारतीय टीम इस मैच के लिए फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य का साथ भी मिलने लगेगा। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है पर वह कनाडा को हल्के में नहीं लेगी क्योंकि कनाडाई टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपने को साबित किया है। उसके सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को विफल कर सकते हैं। कनाडा के लिए हालांकि भारतीय टीम के खिलाफ उलटफेर करना संभव नजर नहीं आता है।

ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था। ऐसे में भारतीय टीम कनाडा के खिलाफ कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल में से किसी एक को अवसर देने के बारे में सोच सकती है। ऐसी स्थिति में भारत को अक्षर पटेल को बाहर करना पड़ सकता है।

इस मैदान पर 16 मैचों में, पहले बल्लेबाजी करने का औसत स्कोर लगभग 165 है, जो काफी अच्छा है और इसका मतलब है कि टीमें लगभग 170 से 180 रन बना सकता हैं जबकि न्यूयॉर्क में 110 से 120 बन रहे थे।



यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 11 मैच जीते हैं जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए 4 मुकाबले जीते हैं। यहां पर बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला देखने को मिल सकता है। भारतीय गेंदबाजों ने न्यूयार्क की पिच पर शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वे यहां भी बनाये रखना चाहेंगे।

### टीम

**भारत टी20 विश्व कप-** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**कनाडा टी20 विश्व कप-** साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डाइलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, ऋषिव जोशी, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल तथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किरटन, परगट सिंह, रविंद्रपाल सिंह, रेयानखान पठान और श्रेयस मोव्वा (विकेट कीपर)।

# नडाल और अलकराज पेरिस ओलंपिक में युगल जोड़ीदार के तौर पर उतरेंगे



**बार्सिलोना (एजेंसी)।** स्पेन के टेनिस महासंघ ने कहा है कि अगामी पेरिस ओलंपिक में राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज युगल मुकाबले में खेलते हुए नजर आयेंगे। ये दोनो हालांकि एकल मुकाबले के चैम्मिपयन हैं। अलकराज ने हाल ही में हुए फ्रेंच ओपन एकल में जीत हासिल की थी। वहीं अनुभवी नडाल के नाम 22 ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। ओलंपिक के टेनिस मुकाबले उसी कोर्ट में खेले जाएंगे जिसमें फ्रेंच ओपन के मुकाबले हुए हैं, ऐसे में इन दोनो को ही हालात से तालमेल बनाना आसान रहेगा। स्पेन के कप्तान डेविड फेरर ने टीम की कहा, ''नडाल और अलकराज पेरिस में एक साथ खेलेंगे।'' इसके अलावा टीम में पाब्लो कैरेनो बुस्टा, एलेजांद्रो डेविडोविच और मार्सेल ग्रेनोलर्स भी शामिल होंगे।

अलकराज का लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है क्योंकि उनका मानना है कि इसका विशेष महत्व है। उन्होंने फ्रेंच ओपन में जीत के बाद कहा था कि इस साल वह अपने विंबलडन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने की जगह पर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने को अधिक महत्व देंगे। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम अलकराज ने कहा, ''ओलंपिक खेल हर चार साल में होते हैं और यह एक विशेष टूर्नामेंट है जहां आप न अपने साथ ही अपने देश के लिए भी खेलते हैं। स्पेन का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे लगता है कि इस साल मैं ओलंपिक स्वर्ण जीतना चाहूंगा।''

# कनाडा के खिलाफ मुकाबले में विराट पर रहेंगी सभी की नजरें



**लॉडरहिल (एजेंसी)।** भारतीय टीम शनिवार को टी20 विश्व कप क्रिकेट में कनाडा से अपना अंतिम ग्रुप ए मैच खेलेगी। इसमें भारतीय टीम जीत के साथ अपनी लय बनाये रखने उतरेगी। भारतीय टीम पहले ही सुपर आठ में पहुंच गयी है। ऐसे में ये मैच उसके लिए केवल औपचारिकता भर है। इस मैच में सभी की नजरें भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर रहेंगी। विराट इस सत्र में अबतक असफल रहे हैं। उन्होंने तीन मैचों में केवल पांच रन बनाये हैं। ऐसे में सभी उनसे सुपर आठ मुकाबलों से पहले फार्म हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। इस मुकाबले पर बारिश का साया भी मंडरा रहा है ऐसे में प्रशंसक उम्मीद करेंगे कि खेल हो सके। भारतीय टीम पहले ही सुपर आठ चरण में पहुंच गयी है और अब आगे उसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे पर वह विफल रहे हैं। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं। अमेरिका के खिलाफ वह पहली ही गेंद पर आउट हुए।

भारतीय टीम न्यूयॉर्क से 1850 किमी की यात्रा करके फ्लोरिडा पहुंची है और उम्मीद है कि शहर बदलने के साथ किस्मत भी कोहली को साथ देने लगेगी। भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले जहां की पिच पर असमान उछाल था और धीमा आउटफील्ड के कारण क्रिकेट से अधिक मैदान और पिच की चर्चा हो रही थी। कोहली के ऊपर से हालांकि इस तथ्य से दबाव कुछ कम होगा कि उनके खराब प्रदर्शन का असर टीम के प्रदर्शन पर नहीं पड़ा है।

# नामीबिया के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी इंग्लैंड




**नॉर्थ साउंड (एजेंसी)।** टी20 विश्वकप में शनिवार को इंग्लैंड की टीम नामीबिया के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज कर सुपर आठ के लिए अपनी संभावनाएं मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। पिछले मैच में ओमान के खिलाफ बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट बेहतर हुआ है जिससे अब वह बनाये रखना चाहेगी। स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं होने और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार से उसके लिए सुपर आठ का सफर कठिन हुआ है हालांकि

ओमान को महज 47 रन पर समेटने के बाद इंग्लैंड की संभावनाएं बढी हैं। उसने इस मैच में रिकॉर्ड 101 गेंद के अंतर से जीत दर्ज की। इस परिणाम से इंग्लैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा हो गया जो ग्रुप बी में उनके और स्कॉटलैंड के बीच महत्वपूर्ण अंतर है। इंग्लैंड का नेट रन रेट -1.8 से +3.08 हो गया जबकि स्कॉटलैंड का नेट रन रेट +2.16 है। सबसे अहम बात है कि स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं जबकि इंग्लैंड के तीन अंक। इससे दो बार की पूर्व चैम्पियन इंग्लैंड को नामीबिया को हराकर स्कॉटलैंड की बराबरी पर पहुंचने की जरूरत होगी और इसके साथ ही उसे यह भी उम्मीद करनी होगी कि स्कॉटलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया से हार जाये।

इस स्थिति में इंग्लैंड बेहतर नेट रन रेट की बदौलत सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करेगा पर अगर स्कॉटलैंड ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है या फिर मैच बारिश के कारण नहीं हो पता है तो इंग्लैंड बाहर हो जायेगी। इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ओमान पर बड़ी जीत के बाद आत्मविश्वास से भरे थे, उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि ड्रेसिंग रूम में क्या चल रहा है। हमारे खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे हैं और हमें आगे एक और बड़ा मैच खेलना है।

सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम की पिच पर गेंद उछाल और टर्न ले रही है। इंग्लैंड के गेंदबाज ने ओमान के खिलाफ हालातों का फायदा उठाकर तीन तीन विकेट हासिल किये तथा ओमान को टी20 अंतरराष्ट्रीय में उसके सबसे कम स्कोर 47 रन पर समेट दिया था। स्टोक्स उम्मीद करेंगे कि उनके गेंदबाज ऐसा ही नामीबिया के खिलाफ भी करें। इसके लिए हालांकि उन्हें टॉस जीतना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉप्ले और मार्क वुड।

**नामीबिया :** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पेलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिनक, जेपी कोट्ज, डेविड विसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, मालन क्रूगर और पीडी ब्लिगनॉट।

# ओलंपिक तैयारियों के लिए राफेल नडाल विंबलडन से हटे



मैड्रिड। स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारी के कारण वह विंबलडन टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। राफेल नडाल ने गुरुवार को आगामी विंबलडन 2024 से हटने के अपने फैसले की आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि यह उनका आखिरी ओलंपिक होगा। उन्होंने कहा कि वह आल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले कोर्ट पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोट'पर ही खेलना चाहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, 'पेरिस ओलंपिक मेरा आखिरी ओलंपिक होगा। मेरा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह न बदलूं और तब तक क्ले पर खेलता रहूं।

# सुपर आठ चरण में और प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद : रबाडा



किंग्स्टन (सेंट विन्सेंट)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद है क्योंकि वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण में इस्तेमाल की गयी 'ड्राप इन' पिच से अधिक निरंतर होंगी। न्यूयॉर्क की पिचों पर अत्यधिक उछाल से रन बनाना काफी मुश्किल हो रहा था। अब सुपर आठ के मैच कैरेबियाई स्थलों पर खेले जाएंगे। रबाडा ने यहां नेपाल के खिलाफ ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के अंतिम मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, ''मुझे उम्मीद है कि परिस्थितियां थोड़ी अच्छी होगी क्योंकि अमेरिका में 'ड्राप इन' पिचें थीं। आपको नहीं पता कि ऐसी पिचें किस तरह से बर्ताव करेंगी। उन्होंने कहा, 'अब आपके पास ऐसा मैदान होगा जो वर्षों से बना हुआ है और आपको शायद और प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने को मिलेंगे।' रबाडा ने कहा कि बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला देखने के लिए संतुलित पिच पर खेलना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'आप ऐसा मैच चाहते हो जिसमें पिच पर गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को समान फायदा मिले। और यही क्रिकेट का खेल भी होता है।'

# शुभमन गिल, अवेश खान की कटी रिटर्न टिकट, न्यूयार्क लेग के बाद लौटेंगे घर



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** टीम इंडिया सुपर 8 में पहुंच चुकी है। अब तक फ्लोरिडा के नसाऊ क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए तीन मुकाबले टीम इंडिया ने अपने गेंदबाजों के कारण जीत लिए हैं। सभी क्रिकेटर इस वक्त चोट रहित है, ऐसे में यूएसए लेग खत्म होने के बाद भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल और अवेश खान की रिटर्न टिकट कट गई है। वह वापस भारत आ जाएंगे और उन्हें घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेने की छूट होगी। टीम प्रबंधन के इस कदम के पीछे माना जा रहा है कि उन्होंने अपनी प्लेइंग इलेवन ढूंढ ली है। विश्व कप शुरू होने से पहले यशस्वी जयसवाल को ओपनर चुना गया था लेकिन क्योंकि इस विश्व कप रोहित के साथ विराट ओपनिंग कर रहे हैं, तो ऐसे में जयसवाल को एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है। ऐसे में शुभमन का वहां रुकने का कोई अर्थ नहीं है। इसी तरह तेज गेंदबाजी विभाग भी एक्टिव है। सभी गेंदबाज विकेट निकाल रहे हैं। ऐसे में अवेश खान को भी लौटने को बोल दिया गया है। शुभमन और अवेश ट्रेविलंग रिजर्व के तौर पर टीम इंडिया के साथ गए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को दोनों खिलाड़ी टीम के साथ चार्टर्ड फ्लाइट से न्यूयॉर्क से फोर्ट लॉडरडेल तक उड़ान भरते नजर आए। जैसे ही यूएसए चरण समाप्त होगा, दोनों को भारत वापस भेज दिया जाएगा। टीम के साथ रिंकू सिंह और खलील अहमद भी बतौर ट्रेवल रिजर्व हैं, लेकिन उन्हें वहीं रोका गया है। बीसीसीआई का शुभमन को लेकर यह कदम इसलिए भी सही है क्योंकि गिल के लिए टीम में जगह नहीं बन रही है। ओपनिंग का पहला विकल्प यशस्वी जायसवाल है। अगर रोहित या विराट में से कोई जख्मी होता है तो जायसवाल उसे संभालने के लिए मौके पर मौजूद होंगे। इसी तरह अवेख खान की भी प्लेइंग 11 में जगह बनती नहीं दिख रही है। टीम में फिलहाल मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह हैं। अगर इनमें से कोई जख्मी होता है तो एक विकल्प खलील अहमद के तौर पर मौजूद है।

भारत 12 जून को यूएसए पर जीत के साथ मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण में पहुंच गया है। वे अपना पहला सुपर 8 गेम 20 जून को खेलेंगे। टीम इंडिया के सुपर 8 में संभावित मुकाबले 20 जून को बनाम अफगानिस्तान, 22 जून को बनाम बांग्लादेश और 24 जून को बनाम ऑस्ट्रेलिया बन रहे हैं। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो वे 27 जून को जॉर्जटाउन, गुयाना में खेलेंगे। जबकि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 29 जून को ब्रिजटाउन में निश्चित है।

# भारत की दिव्या देशमुख बनी विश्व जूनियर चैम्पियन, 15 साल का सूखा किया खत्म



गांधीनगर, गुजरात भारत की नंबर चार महिला शतरंज खिलाड़ी 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने अपने खेल जीवन की एक बड़ी उपलड़ी हासिल करते हुए विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप ( बालिका ) का खिताब अपने नाम कर लिया है। अंतिम राउंड में दिव्या नें बुल्गोरिया की क्रास्तेवा बेलोस्लावा को पराजित करते हुए देश के विश्व जूनियर खिताब के 15 साल के सूखे को खत्म कर दिया है। दिव्या से पहले भारत की कोनेरु हम्पी नें एथेंस ग्रीस 2001 में, हरिका द्रोणावल्ली नें 2008 भारत में और सौम्या स्वामीनाथन नें 2009 में अर्जेन्टीना में यह खिताब हासिल किया था और तब से भारत से यह खिताब दूर था और अब दिव्या ऐसा करने वाली भारत की चौंथी खिलाड़ी बन गयी है। दिव्या कुल 10 अंक बनाकर स्वर्ण पदक और विश्व खिताब जीतने में सफल रही तो अंतिम राउंड में भारत की रक्षिता रवि को पराजित करते हुए अर्मेनिया की मरियम एम 9.5 अंक बनाकर रजत पदक जीता। जबकि फीडे की ओर से खेल रही नॉर्मन क्सेनिया को मात देकर अजरबैजान की अयान अल्लाहवेर्दिएवा नें 8.5 अंक बनाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में शुभी गुप्ता 8 अंक, रक्षिता रवि 7.5 अंक, रींधिया वी 7.5 अंक, मृदुल देहांकर 7.5 अंक शीर्ष 10 में जगह बनाने में कामयाब रही। बालक वर्ग में कजाकिस्तान के कायबेक नोगेरबेक 8.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर विजेता रहे जबकि अर्मेनिया के एमिन ओहनयन उपविजेता रहे जबकि सर्बिया के लूका बुड़ीसावलजेवीक 8 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे, भारतीय खिलाड़ियों में प्रणव आनंद दसवें, सामंत आदित्य ग्यारवें और अनुज श्रीवात्रि बारहवें स्थान पर रहे।

# अर्धशतक लगाते ही शाकिब घमंड में आकर बोले कौन सहवाग ?



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टी20 विश्वकप में नीदरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद इस कदर घमंड में आ गये कि उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को ही पहचानने से इंकार कर दिया। डच टीम के खिलाफ 64 रन बनाने वाले शाकिब से जब सहवाग का नाम लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने उल्टा पूछ लिया किस सवाग की बात कर रहे हैं। इसके बाद उन्हें प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया। शाकिब ने सहवाग पर यह प्रतिक्रिया बांग्लादेश-दक्षिण अफ्रीका मैच के कॉमेंट को लेकर दी है। इसमें बांग्लादेश को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच के बाद सहवाग ने शाकिब अल हसन को आड़े हाथों लिया था।

सहवाग ने कहा था, 'मुझे तो ऐसा लगा कि उन्हें विश्व कप के लिए टीम में चुनना ही नहीं चाहिए था बल्कि उन्हें अब तक रिटायर हो जाना चाहिए था। आप इतने सीनियर खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान भी रहे हैं। आपको अपने प्रदर्शन पर शर्म आनी चाहिए। अगर आपको अनुभव के लिए विश्व कप टीम में चुना जाता है, तो ये साबित करें कि ये सही फैसला था।' शाकिब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 गेंद पर 3 रन बनाकर आउट हो गए थे।

शाकिब को सहवाग के इस कमेंट का जवाब देने का मौका नीदरलैंड के खिलाफ 46 गेंद पर 64 रन की पारी खेलने पर मिल गया था। इसके बाद जब शाकिब से पूछा गया कि आपके पिछले प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना हुई है और सहवाग ने भी सवाल उठाए थे। तब शाकिब कहते हैं कौन सहवाग पर बाद में अपनी बात को संभालने का प्रयास करते हुए कहते हैं कि जब आप मैदान पर उतरते हैं तो किसी को जवाब देने के लिए ऐसा नहीं करते।

# इंग्लैंड ने ओमान को 19 गेंदों में ही हराया, सबसे कम गेंदों में जीत का रिकार्ड बनाया

एंटीगुआ। इंग्लैंड ने टी20 विश्वकप में ओमान को 19 गेंदों पर ही हराकर अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। इस प्रकार सबसे कम गेंदों में जीत दर्ज करने का रिकार्ड किसी अन्य टीम के पास नहीं है। इंग्लैंड ने इस मैच में ओमान को मात्र 47 रन पर आउट करने के बाद 101 गेंद पहले ही मैच जीत लिया। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में गेंद बाकी रहने के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंकाई टीम ने साल 2014 में नीदरलैंड को 90गेंद पहले ही हार दिया था। इंग्लैंड की इस जीत के साथ ही टी20 विश्वक कप के सुपर-8 में पहुंचने की उसकी उम्मीदें और बढ़ गयी हैं। इंग्लैंड की टीम के अब 3 अंक हो गये हैं और वह ग्रुप बी में 3 अंक लेकर तीसरे नंबर पर आ गई है। अभी इंग्लैंड से ज्यादा अंक ऑस्ट्रेलिया 6 और स्कॉटलैंड 5 के ही हैं. वहीं नामीबिया 2 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। सुपर-8 की रेस में बने रहने के लिए इंग्लैंड को बड़े अंतर से जीत की जरुरत थी जो उसकी टीम ने हासिल कर लिया है। इस मैच के बाद वह रनरेट के मामले में स्कॉटलैंड से आगे निकल गयी है। उसने ओमान को केवल 13.2 ओवर में 47 रन पर आउट करने के बाद 3.1 ओवर में 2 विकेट खोकर मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही उसके अंकतालिका में 3 अंक हो गए हैं. इंग्लैंड (3.081) का नेट रनरेट भी अब स्कॉटलैंड (2.164) से बेहतर है.

# अफगानिस्तान टी20 विश्व कप जीतने का शीर्ष दावेदार : मोहम्मद कैफ

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि मौजूदा परिस्थितियों में अफगानिस्तान की टीम टी20 विश्व कप जीतने की हकदार बनती जा रही है। राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान टीम ने अब तक 3 मुकाबले जीते हैं और सुपर-8 में जगह बना वाली है। अफगानिस्तानी की ओर से बल्ले से रहमानुल्लह गुरबाज और इब्राहिम जादरान जबकि फजलहक फारूकी गेंद से शानदार रहे हैं। फारूकी तो 3 मैचों में ही 12 विकेट ले चुके हैं। बहरहाल, कैफ ने एक शो के दौरान कहा कि अफगानिस्तान अच्छी फॉर्म में है और मौजूदा परिस्थितियों में उसे हराना कठिन होगा। इसकी एक वजह यह भी है कि उन्होंने वेस्टइंडीज में दो से तीन सप्ताह से अधिक समय बिताया है जिस वजह से उन्हें इस सतह का अंदाजा हो गया है। वह बाकी मैचों में भी इसका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

कैफ ने कहा कि अफगानिस्तान अच्छी फॉर्म में है। उनकी गेंदबाजी फॉर्म में है, जहां फजलहक फारूकी ने 5 विकेट भी लिए हैं और राशिद खान फॉर्म में हैं। अगर दोनों सलामी बल्लेबाजों रहमानुल्लह गुरबाज और इब्राहिम जादरान की बात करें तो वे शानदार फॉर्म में हैं। अफगानिस्तान इन परिस्थितियों में विश्व कप जीतने का शीर्ष दावेदार है। वे अपने सभी मैच यहीं (वेस्टइंडीज में) खेल रहे हैं। वे अमेरिका गए ही नहीं। वहां 2 या 3 सप्ताह बिताने से उन्हें पता चल जाता है कि किस पिच पर कैसे गेंदबाजी और बल्लेबाजी करनी है। उन्हें परिस्थितियों का अंदाजा हो गया है और उनके खिलाड़ी फॉर्म में हैं।

बता दें कि अफगानिस्तान अपना अंतिम लीग मैच 17 जून को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा। अगर वह जीत गया तो ग्रुप में टॉप पर आ जाएगा। टीम कप्तान राशिद खान भी परफार्मेंस से काफी खुश हैं। उन्होंने पापुआ न्यू गिनी पर जीत के बाद कहा था कि यहां आने से पहले हमारी एक घरेलू प्रतियोगिता थी और सभी फॉर्म में हैं। यह फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने की खूबसूरती है क्योंकि आप परिस्थितियों को जानते हैं, उनमें से कुछ ने सेंट लूसिया में खेला है और जानते हैं कि पिच कैसा खेलेगी जिससे दूसरों को मदद मिलेगी। राशिद ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा था कि हर किसी के पास किसी भी स्थिति से तालमेल बिठाने का कौशल है और उम्मीद है कि हम वह गेम (वेस्टइंडीज के खिलाफ) भी जीतेंगे।



# विकास की गाड़ी को रफ्तार देने में जुटी सरकार

## नगरीय विकास मंत्री ने ली अधिकारियों की मीटिंग, कहा-टाउनशिप पॉलिसी सहित अन्य प्लान उतरें धरातल पर

**जयपुर।** राज्य सरकार आचार संहिता के समाप्त होते ही विकास की गाड़ी को फिर से रफ्तार देने में जुट गई है। इसी कड़ी में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और योजनाओं की प्रगति को जाना। बैठक में मंत्री खर्रा ने विभाग की विभिन्न पॉलिसीज और टाउनशिप पॉलिसीज के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना, टाउन प्लानिंग एक्ट आदि में आवश्यक सुधार करने के लिए सुझाव दिया। मंत्री खर्रा ने आवश्यक संशोधनों को सम्मिलित कर पत्रावली अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने आवासन मण्डल, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम में आपसी समन्वय हेतु प्रमुख शासन सचिव के स्तर पर बैठक कर समान विषयों और प्रकरणों की सूची बनाने के भी निर्देश दिए। भूमि आवंटन के प्रकरणों का जल्द हो निस्तारण मंत्री खर्रा ने कहा कि केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार के विभागों के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने केंद्र सरकार के स्तर पर लम्बित प्रकरणों की सूची बनाकर प्रस्तुत करने और केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं एवं नगरीय निकायों के हिस्सा राशि संबंधी प्रस्ताव तैयार कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही पट्टे आवंटन की प्रकिया में सुधार पर कार्य करने और पूर्व के पट्टे आवंटन संबंधी शिकायतों की जांच कर दोषियों के खिलाफकार्यवाही करने के भी निर्देश दिएं। मंत्री खर्रा ने पी.एम. ई-बस सेवा संबंधी डिपो हेतु भूमि आवंटन की प्रकिया शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही मेट्रो के फेज-2 की डीपीआर बनाने में गति प्रदान करने हेतु निर्देश दिए। बैठक में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग की ओर से प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत, स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक सुरेश ओला, आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, जयपुर मेट्रो, मुख्य नगर नियोजक एवं वित्तीय सलाहकार स्वायत्त शासन विभाग सम्मिलित हुए। आवासन मंडल के कोचिंग हब के मुद्दे हों निस्तारित

बैठक में मंत्री खर्रा ने कहा कि आवासन मण्डल के कोचिंग हब में भूखण्डों हेतु कम लोगों ने रूचि दिखाई है। ऐसे में इन्हें गति प्रदान करने हेतु कोचिंग संचालकों के साथ समय समय पर बैठक की जाए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न नगर पालिकाओं में नागरिक सेवाओं से संबंधित लम्बित मुद्दों को शीघ्र निपटाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही विभिन्न शिलान्यास-लोकार्पण की सूची बनाने, अन्नपूर्णा योजना का नियमित निरीक्षण कर समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए।

# लुप्त हो रहे पेड़ों का संरक्षण जरूरी: पंत

## कृषि अधिकारियों की बैठक में बोले मुख्य सचिव

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में कृषि विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान कृषि विभाग के विभिन्न सेक्टरों के नए प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को पंत ने बताया कि लुप्त हो रहे फलों के पेड़ों को संरक्षित करने के नए उपाय खोजें और उन्हें पुनः विकसित करने की कोशिश करें। जिससे हमारे पारंपरिक पेड़ पोधों द्वारा प्राप्त होने वाले फलों जैसे फालसा, शहतूत आदि को भरपूर मात्रा में आमजन के लिए उचित दाम और पर्यावरण के अनुकूल उपलब्ध हो सके। बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना के विभिन्न क्षेत्रों की वार्षिक कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान संबंधित विभाग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि कृषि विभाग के सम्बंधित विभागों के कुल 33 नए प्रोजेक्ट्स में से 28 प्रोजेक्ट्स को वर्ष 2024 के लिए 1877.25 लाख रूपये की स्वीकृति मिली। वन विभाग के विभिन्न प्रोजेक्ट्स के लिए कुल 10 करोड़ रूपये स्वीकृत हुए। साथ ही राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत प्रोजेक्ट्स मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता, रेनफेड एरिया विकास, परम्परागत कृषि विकास योजना आदि में कुल 338. 40 करोड़ रूपये तथा कृषोन्नति योजना के प्रोजेक्ट्स कृषि विस्तार राष्ट्रीय खाद्धय सुरक्षा एवं पोषाहार मिशन आदि में कुल 853.26 करोड़ रूपये स्वीकृत हुए। मुख्य सचिव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल बुवाई के समय योजना का लाभ मिले। जिससे किसान सही समय पर लाभ उठाये और कृषि संबंधी गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव ना पड़े। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन, अभय कुमार, शासन सचिव, आयोजना नवीन जैन सहित विभाग के अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कान्हेवाला में लगाया ब्लड डोनेशन कैंप,सत्रह यूनिट रक्त संग्रहित

**पीलीबंगा।** वश्व रक्तदाता दिवस पर पंचायत कान्हेवाला में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया।वंदे ब्लड सेंटर जयपुर की टीम ने 17 यूनिट रक्त संग्रहित किया। सरपंच ओमप्रकाश सहारण ने युवाओं को किसी जरूरतमंद की सहायता करते हुए हरेक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से तीन माह बाद स्वेच्छा से रक्तदान करने का आग्रह किया। कैंप में युवाओं एवं महिलाओं ने भी रक्तदान करते हुए रक्त की महत्ता को समझा। कैंप में लैब टेक्नीशियन डॉ. विक्रम सिंह मीणा, उमेद बेरवा, गौरव मीणा, राकेश यादव, डॉ धीरज यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर शंकर लाल, हनुमान प्रसाद की टीम सहित ई मित्र ऑपरेटर शिव प्रकाश वर्मा, पीएलवी माया देवी ने सहयोग किया।ब्लड डोनेशन को आयोजक संस्था ने एक-एक हेलमेट व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## दबाव की राजनीति कर रहे या सचमुच इस्तीफा देंगे किरोड़ीलाल?

### सबसे बड़ा सवालः सरकारी कामकाज से बनाई दूरी, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी बोले-बैठकर बात करेंगे

जयपुर. कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने भले ही इस्तीफा नहीं दिया, लेकिन उन्होंने अपनी सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल बंद कर दिया है। सरकारी काम-काज वाली फाइलों से भी दूरी बना ली है। राजस्थान के सियासी गलियारों में अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या किरोड़ीलाल मीणा सच में इस्तीफा देने जा रहे हैं या फिर ये उनकी दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा भर है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी से जब इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, ऐसा कुछ नहीं है, इस पर बैठकर बात करेंगे। डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस लगातार सवाल पूछ रही है। वहीं, किरोड़ीलाल मीणा ने अब तक इस्तीफा भले नहीं दिया है। लेकिन सरकारी काम-काज से दूरी बना ली है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या किरोड़ीलाल मीणा इस्तीफा देंगे या सिर्फ भजनलाल सरकार पर दबाव बनाने के लिए वे यह सब कर रहे हैं। हालांकि, बीजेपी के सूत्रों की माने तो किरोड़ीलाल मीणा सिर्फ दबाव की राजनीति कर रहे हैं। लेकिन किरोड़ीलाल मीणा के नजदीकी लोगों का कहना है, उन पर इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। हालांकि, किरोड़ीलाल मीणा को मनाने के लिए बीजेपी के स्तर पर अब तक कोई बातचीत भी नहीं हुई है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी से जब इस बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने मीडिया से कहा कि आप क्यों उनके पीछे पड़े हो। उन्होंने कहा कि किरोड़ीलाल मीणा बीजेपी के वरिष्ठ नेता हैं और इस मामले में बैठकर बातचीत की जाएगी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों से पहले किरोड़ीलाल मीणा ने अपने समर्थकों के बीच यह एलान किया था कि दौसा सीट पर बीजेपी हारती है तो वे इस्तीफा दे देंगे। लोकसभा चुनावों में बीजेपी दौसा सहित पूर्वी राजस्थान की ज्यादातर सीटों पर बुरी तरह हार गई। कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बयान दिया कि किरोड़ीलाल मीणा थूक कर नहीं चाटते वे जरूर इस्तीफा देंगे। किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफा तो नहीं दिया, लेकिन उनका एक ट्वीट बहुत वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने लिखा, रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई। उनके इस ट्वीट के बाद इस बात की चर्चाएं तेज हो गई कि किरोड़ीलाल मीणा देर सवेर इस्तीफा देंगे।

## प्रथम पेज का शेष...

### इस तरह होगा...

और कृषि के लिए परिशोधित जल की उपलब्धता।

» ठोस कचरा प्रबंधन को प्रभावी तरीके से लागू करते हुए जीरो वेस्ट मॉडल पर काम होगा।

» बायो मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन और हानिकारक अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार किया जाएगा।

» विरासत को सहेजने, मनोरंजन सुविधाएं विकसित करने, सौन्दर्यन, चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने पर काम।

» रोड लाइट के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने, इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना।

» ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी की दिशा में काम।

» ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने, सड़कों की री-मॉडलिंग, पार्किंग स्थलों का निर्माण।

» बस स्टैंड डवलपमेंट, सिटी ट्रांसपोर्ट सिस्टम और इंटर सिटी ट्रांसपोर्ट सिस्टम में सुधार।

» आरयूआईडीपी के पांचवें चरण के तहत होगा काम

इन जिलों के 26 शहर भी होंगे शामिल

जयपुर के 12 सैटेलाइट टाउन- दूदू, चौमूं, बस्सी, बगरू, चाकसू, जोबनेर, फुलेरा, शाहपुरा, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, दौसा (प्रस्ताव में सीकर के शहरों और दौसा को जयपुर जोन में ही शामिल किया है)

» जोधपुर के 4 सैटेलाइट टाउन- पीपाड़ शहर, बिलाड़ा, सोजत, बालेसर साटन

» अजमेर के 3 सैटेलाइट टाउन- पुष्कर, किशनगढ़, ब्यावर

» कोटा के 3 सैटेलाइट टाउन- बूंदी, कैथून, केशोरायपाटन

» भरतपुर के 4 सैटेलाइट टाउन- कुहेर, नगर, नदबई, डीग। दस संभागीय मुयालय- जयपुर, जोधपुर, भरतपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, पाली, सीकर और बांसवाड़ा। इनके अलावा ज्यादा जनसंया वाले शहर चूरू, श्रीगंगानगर, झुंझुनूं और टोंक।

### पीड़ित मानवता...

रक्तदान की महता बताई। इस दौरान नियमित रक्तदाताओं और रक्तदान में सहयोग करने वाली संस्थाओं के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय के डीन डॉ. सुरजीतसिंह कस्वां के नेतृत्व में अनेक विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। 58 वर्ष के मनोज सेतिया ने 58वीं बार रक्तदान किया।

कार्यक्रम में टांटिया यूनिवर्सिटी के कार्यकारी निदेशक के.एस. सुखदेव, डिप्टी डायरेक्टर (मेडिकल कॉलेज) गुरभजनसिंह, जन सेवा हॉस्पिटल के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रो. बलजीतसिंह कुलड़िया, डॉ. गणेश त्रिवेदी, डॉ. के.के. अरोड़ा, विष्णु पुरोहित, टांटिया यूनिवर्सिटी के सीनियर रिलेशनशिप ऑफिसर राजकुमार जैन, एमजीएस खेल गांव के सचिव सुनील सिहाग सहित अनेक लोग मौजूद थे। व्यवस्था बनाने में स्टाफ के साथ एनसीसी कैडेट्स और स्काउट्स ने भी सहयोग किया। मंच संचालन रिलेशनशिप ऑफिसर डॉ. पी.सी. आचार्य ने किया।

### ग्रेड थर्ड शिक्षक...

की है। लेकिन वर्तमान में जो नियम है, उसके चलते ग्रेड थर्ड भर्ती से पहले रीट पास करना जरूरी है। रीट केवल पात्रता परीक्षा है। उसमें सफल होने के बाद ही अभ्यर्थी ग्रेड थर्ड भर्ती में शामिल हो सकते है। हालांकि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रीट को समाप्त करने की मंशा जाहिर कर चुके हैं। अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं हुआ है। अगर रीट समाप्त होती है तो फिर सीधे ग्रेड थर्ड भर्ती के लिए लिखित परीक्षा होगी। जिसमें महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। रीट में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है।

**छह महीने में 16 हजार पदों पर दीं नियुक्तियां**

सीएम भजनलाल शर्मा ने भर्ती परीक्षा की समीक्षा बैठक में 8 जून को कहा था कि हमारी सरकार ने कुछ ही महीनों के कार्यकाल में अब तक विभिन्न विभागों में साढ़े 16 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां दी हैं। 29 जून को राज्य के विभिन्न विभागों में 7 हजार से अधिक पदों पर हुई भर्ती परीक्षाओं के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। बैठक में कार्मिक विभाग के प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा ने बताया था कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 41 हजार 413 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा चुके हैं। 11 हजार 633 पदों पर परीक्षा आयोजित करवाई जा चुकी है।

### 23 जून से ...

होगा। सभी बूथों पर बच्चों को खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए शिक्षा, महिला एवं बाल विभाग और स्वास्थ्य विभाग को तैयारियों के लिए निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के सभी कार्यालयों में सघन पौधारोपण कराने के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, महात्मा गांधी स्मृति राजकीय चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. शंकर सोनी सहित विभिन्न योजनाओं के प्रभारी व बीसीएमएचओ उपस्थित थे।

### पेपर लेस होगा...

जुलाई से शुरू हो रहे इस सत्र में सभी सदस्यों को उनकी सीट पर एक-एक टैबलेट मिलेगा। साथ ही राजस्थान के सभी विधायकों को डिजिटलाइजेशन के लिए जरूरी ट्रेनिंग भी दी जाएगी। राजस्थान विधानसभा सत्र में विधानसभा के सभागार में सदस्यों की सीटों पर कंप्यूटर और विधानसभा सचिवालय को पेपर लेस किए जाने हेतु नया प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हाउस कमेटी फॉर ई-गवर्नेंस एंड जनरल परपज की बैठक में नए प्रोजेक्ट के तहत राजस्थान विधानसभा को डिजिटल बनाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार को पहले किस्त जारी करने का आग्रह भी किया है। इस पूरी परियोजना में 60 व 40 के अनुपात में केंद्र व राज्य के वित्त का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए 12.61 करोड़ रुपये की राशि पर अनुमोदित की गई है। विधानसभा में नवा सेवा केंद्र में विधायकों को प्रशिक्षण व सदन में भी तकनीकी सहायता के लिए नवा सहायता केंद्र बनाया जाएगा।

### सभापति के ...

उन्होने कहा कि केवल नगरपरिषद स्टॉफ के कारण इतनी सुदृढ़ सफाई व्यवस्था कायम नही हो सकती, जबतक वार्डवासी अपने स्तर पर सहयोग न करे। इसी के साथ सभापति सुमित रणवां ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सोच पर चलते हुए भविष्य में नगरपरिषद ने निर्माण स्वीकृति लेने वाले व्यक्ति को अपने घर के नजदीक कम से कम दो पौधे अवश्य लगाने होगे, जिससे कि पर्यावरण संरक्षण हो सके। इसी तरह कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर को भी प्रति बीघा के पीछे 45 पेड़ लगाने अनिवार्य होगे। उन्होने कहा कि यह एक छोटी सी पहल होगी जिससे कि हमारे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

### अधिवक्ताओं ने...

जाकर फैसले करने में आसानी होती है। प्रतिनिधिमण्डल ने इस व्यवहार को अशोभनीय बताया तो एसडीएम भड़क गईं और बदतमीजी से बात करने लगीं और ज्यादा उलझने पर छड़ी की तरह सीधी करने, ऊपर तक पहुंच होने व काला कोट उतरवाने की धमकी दी। एसडीएम के इस रवैये से क्षुब्ध होकर बार संघ का प्रतिनिधिमण्डल वापस लौट आया। इसके बाद एसडीएम ने स्वयं के भ्रष्ट आचरण को छुपाने के लिए हनुमानगढ़ बार व अधिवक्ताओं पर ही आरोप लगाते हुए बार संघ हनुमानगढ़ को एक पत्र जारी किया। इसमें मनगढ़ंत तथ्यों के आधार पर आरोप लगाए गए हैं तथा हनुमानगढ़ बार व उसके अधिवक्ताओं को धमकाने का प्रयास किया गया है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि एसडीएम के आचरण व गैर अनुशासित व्यवहार तथा अपनी छत्रछाया में तैयार किए गए भ्रष्ट सिस्टम की जांच करवाई जाए। एसडीएम की नियुक्ति के बाद उनके खिलाफ प्राप्त शिकायतों को संकलित कर कमेटी बनाकर जांच करवाई जाए।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र में भेंट किया रेफ्रिजरेटर

**टिब्बी।** क्षेत्र के रामपुरा उर्फ रामसरा गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को गांव के दो दानदाताओं ने रेफ्रिजरेटर भेंट किया है। जानकारी के मुताबिक रामपुरा उर्फ रामसरा के स्वास्थ्य केन्द्र में मेडिसिन इंजेक्शन वगैरा निर्धारित तापमान पर रखने की व्यवस्था नही थी । जिसके कारण मौके पर दवाइया उपलब्ध नहीं हो पाती थी । सीएचओ मंजू देवी के आग्रह पर इस समस्या को हल करने के लिए दीनदयाल गोदारा व प्रहलाद आदीवाल ने उप स्वास्थ्य केंद्र में रेफ्रिजरेटर भेंट किया । जिसकी सभी नागरिकों ने तारीफ की है।

# बीकानेर मंडल मंत्री बने अश्फाक खान

## 13 साल से लगातार मंत्री चुने जाते हैं अश्फाक खान

**हनुमानगढ़।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने बीकानेर मंडल मंत्री पद पर सर्वसम्मति से एक बार फिर अश्फाक खान को चुन लिया। अश्फाक खान लगातार 13 साल से मंडल मंत्री के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। बीकानेर मंडल मुख्यालय पर हुई चुनावी बैठक में अश्फाक खान के नाम पर फिर सर्वसम्मति बन गई। प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहाकि अश्फाक खान कर्मचारी हितों को लेकर सदैव संघर्षरत हैं। उनके नेतृत्व में कर्मचारी खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। लगातार 13 साल से मंडल मंत्री चुने जाने पर अश्फाक खान ने कहा, 'कर्मचारियों ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करूंगा। कर्मचारियों के हित में संघर्ष करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारा दायित्व है। कर्मचारियों के सम्मान को बरकरार रखने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।' कांग्रेस नेता तरुण विजय ने अश्फाक खान के निर्वाचन पर खुशी जताई है। उन्होंने कहाकि अश्फाक खान न सिर्फ कर्मचारियों के महबूब नेता हैं बल्कि आम जन के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं। दूसरों को राहत पहुंचाने में अश्फाक खान को बेहद खुशी मिलती है। यही उनके व्यक्तित्व की खासियत है। शनिवार को सुबह अश्फाक खान हनुमानगढ़ पहुंचेंगे जहां गर्मजोशी से उनका स्वागत किया जाएगा।

## शिविर में 43 यूनिट रक्त संग्रहित, ग्रामीणों को 318 पौधे वितरित



**हनुमानगढ़।** गांव दो केएनजे के युवाओं ने शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर व पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। शिविर में राजकीय जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण किया। शिविर में कुल 43 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। आयोजकों की ओर से ग्रामीणों को 318 पौधों का वितरण किया गया। आयोजन समिति सदस्य सुखासिंह गिल ने बताया कि शिविर के माध्यम से युवाओं में रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को समाप्त करने का प्रयास था। साथ ही बढ़ती गर्मी में प्राकृतिक एयर कंडीशनर यानि पौधों का भी निःशुल्क वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर युवा पौधारोपण की महत्ता को समझेंगे तो आने वाली पीढ़ी को वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि रतन धवल, केके वरतिया, विजय पाटोदिया, डॉ. दिनेश, चरणप्रीत, अमित गोदारा, सुरेंद्र सिंह, सुभाष स्याग आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी आज जयपुर और अजमेर आएंगे

### » दिल्ली से अजमेर तक 18 जगहों पर होगा भव्य स्वागत



श्रीगंगानगर। भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अजमेर व जयपुर आ रहे हैं। वे कल शनिवार को दिल्ली से सड़क द्वारा अजमेर के लिए रवाना होंगे। उनके केंद्रीय राज्यमंत्री बनने पर राजस्थान में प्रवेश के साथ ही जगह-जगह भव्य स्वागत होगा। कोटपुतली में भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी भागीरथ चौधरी का सम्मान करेंगे। इसके लिए नीमराना, बहरोड़, पावटा, कोटपुतली, शाहपुरा, मनोहरपुर, चंदवाजी बाइपास, 200 फीट बाइपास, जयपुर, भांकरोटा, बगरू, महला, मोहकमपुरा, दूदू, पडसौली, बांदरसिंदरी, पाटन, किशनगढ टोल प्लाजा, हरमाड़ा चौराहा किशनगढ व अजमेर में पब्लिक मीटिंग व स्वागत समारोह होंगे। दिल्ली से सुबह 6 बजे रवाना होकर भागीरथ चौधरी सायं 5 बजे पुष्कर पहुंचेंगे। पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में दर्शन के पश्चात वहां अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री सुरसुरा में स्थित वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन कर रात्रि विश्राम किशनगढ स्थित अपने निज आवास में करेंगे।

## चांद सी बिटिया को जन्म दिया



**नोहर।** नोहर उपजिला चिकित्सालय में अनिल पुत्र बलवंत दनेवा गांव मलसीसर (भादरा) की धर्मपत्नी पूनम ने शुक्रवार को एक चांद सी बेटी को जन्म दिया । कन्या जन्म पर दनेवा परिवार की ओर खुशी मनाई गई । डॉ हंसराज शर्मा देख-रेख में हुए प्रसव के बाद जच्चा- बच्चा पूर्णतया स्वस्थ है। लक्ष्मी स्वरूपा बेटी प्राप्ति पर नोहर से अनिल के जीजा डॉ.दिनेश खोखा की तरफ से इन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी गई हैं। डॉ खोखा ने डॉ हंसराज शर्मा का भी आभार प्रकट किया। खुशी की बात यह हैं कि 14 जून को अनिल का जन्मदिन आता हैं और इसी दिन अनिल बिटिया के बाप भी बन गए हैं।

## लायंस क्लब के प्रांतपाल सुनील अरोड़ा शपथ ग्रहण करने ऑस्ट्रेलिया रवाना



**श्रीगंगानगर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के (डिस्ट्रिक्ट 3233-ई-1) के आगामी सत्र के निर्वाचित प्रांतपाल सुनील अरोड़ा मेलबर्न (आस्ट्रेलिया) प्रांतपाल पद की शपथ के लिए रवाना हो गए हैं। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कि सुनील अरोड़ा व प्रांत की प्रथम महिला काजल अरोड़ा और प्रांत के अनेक लॉयन सदस्य आज नई दिल्ली से फ्लाइट द्वारा मेलबार्न के लिए रवाना हुए। मेलबर्न में आयोजित समारोह में सुनील अरोड़ा को अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष फेब्रिकियो ओलेवियरा प्रांतपाल की शपथ दिलायेंगे। सुनील अरोड़ा अन्तराष्ट्रीय परेड में अपने प्रांत 3233ई -1 का नेतृत्व करेंगे। समारोह में भारत के लायन एपीसिंह को अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष(प्रथम) की शपथ लेंगे। आशीष अरोड़ा ने बताया कि लायंस प्रांत 3233 ई-1 में राजस्थान और मध्य प्रदेश के 212 लायंस क्लब आते हैं। सत्र 2024-25 में इन क्लबों का नेतृत्व सुनील अरोड़ा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के रूप में करेंगे। सुनील अरोड़ा 28 जून को भारत वापस लौट कर 1 जुलाई से अपना कार्य भार संभालेंगे।


**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरा पुत्र सतपाल एवं उसकी धर्मपत्नी संगीता मेरे कहने सुनने में नहीं है। हर समय अपनी मनमर्जी करते हैं बिना वजह मेरे निवास स्थान पर आकर झगड़ा फसाद करते हैं और मेरे से अलग निवास करते हैं। मैने मेरे पुत्र सतपाल को मेरे पति के स्थान पर कृषि विभाग हनुमानगढ़ टाउन में चतुर्थ श्रेणी नियुक्ति दिलवाई थी। ये दोनो मेरी सार संभाल नहीं करते हैं। अतः मैं अपने पुत्र सतपाल एवं पुत्रवधु संगीता की हरकतों से तंग व परेशान होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ। मेरा इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन नहीं रहा है। यदि आज के बाद मेरा पुत्र सतपाल पुत्रवधु संगीता किसी से लेन-देन करते है, व्यवहार रखते हैं या अन्य कोई कार्य करते हैं तो उसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्य की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। सूचित रहे

बसंती देवी पत्नी स्व. गोकूल सिंह राजपूत निवासी मकान नं. 8/283 मिनी सचिवालय हनुमानगढ़ जंक्शन तहसील व जिला हनुमानगढ़।

**कार्यालय नगरपरिषद हनुमानगढ़-राज.**

क्रमांकः एफ8(भूमि)3020-22 दिनांकः 12.06.2024

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बलजिन्द्र पाल पत्नी जगतार सिंह खोसा जाति जट सिख निवासी बी 106 नई धान मण्डी हनुमानगढ़ टाउन ने एक प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड संख्या 1ए, 1बी, 12ए, 13ए पैमाईशी कुल 60 गुणा 100 फुट में से मुताबिक प्लानिंग मकान नं. 04 कॉर्नर साईज 25×40 फुट का नामान्तरण अपने नाम से करवाना चाहा है। बतौर सबूत, 100 रूपये के स्टाम्प पर शरायतनामा, बैयनामा, लीजडीड आदि दस्तावेज पेश किये है। उक्त प्रकरण परिषद द्वारा 05.08.2013 को आवासीय भूखण्ड संख्या 1ए, 1बी, 11, 12 साईज 666.66 वर्गगज का पटटा रविन्द्र कुमार पुत्र भगवानदास के नाम से जारीशुद्वा है व शुद्धिपत्र दिनांक 21.04.2015 को आवासीय भूखण्ड संख्या 1ए, 1बी, 12ए, 13ए अंकित कर शुद्धिपत्र जारीशुद्वा है। तत्पश्चात रविन्द्र कुमार पुत्र भगवानदास ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 21.04.2015 के द्वारा आवासीय भूखण्ड संख्या 1ए, 1बी, 12ए, 13ए पैमाईशी कुल 60×100 फुट में से मुताबिक प्लानिंग मकान नं0 04 कॉर्नर साईज 25×40 फुट का बैचान श्रीमती बलजिन्द्र पाल पत्नी जगतार सिह खोसा जाति जट सिख निवासी बी 106 नई धान मण्डी हनुमानगढ़ टाउन कर दिया गया है। प्रार्थी ने उक्त भूखण्ड का नामांतरण अपने नाम से करवाना चाहा है उक्त नामांतरण के सन्दर्भ में किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 7 दिवस में इस कार्यालय में मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी व कोई उजर मान्य नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी/ आयुक्त नगरपरिषद हनुमानगढ़

**कार्यालय रघुवीर सिंह वर्मा, एडवोकेट**

चैम्बर नं. 14, कलेक्टर परिसर हनुमानगढ़

**नोटिस बाबत बेदखली**

प्रेषितः - सर्वसाधारण हर आम व खास ।

जो कि मेरी अभिभाष्या परमजीत कौर पत्नी स्व. श्री सुखपाल सिंह जाति रायसिख निवासी वार्ड नम्बर 10, 21 पीबीएन,रतनपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ ने अपने इस विषय से सम्बधति कागजात एव व्यक्तिगत जानकारी से अवगत करवाते हुए हर आम व खास को नोटिस प्रेषित करने हेतु मुझे अपना अभिभाषक अधिकृत किया है नोटिस सर्वसाधारण हर आम व खास इस प्रकार से हैः-

यह कि मेरी अभिभाष्या का पुत्र जसप्रीत सिंह पुत्र स्व. श्री सुखपाल सिंह जाति रायसिख निवासी वार्ड नम्बर 10, 21 पीबीएन,रतनपुरा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ है जो मेरी अभिभाष्या व मेरी अभिभाष्या के परिवार से अलग निवास करता है जसप्रीत सिंह जो मेरी अभिभाष्या एव अभिभाष्या के परिवार के कहने सुनने मे नही है। मेरे अभिभाष्या ने जसप्रीत सिंह को अपनी चल अचल सम्पति से आज से बेदखल करती है भविष्य मे किसी भी प्रकार का कोई भी व्यक्ति इससे लेन देन आदि करता है मेरी अभिभाष्या व मेरी अभिभाष्या के परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी । मेरी अभिभाष्या का पुत्र जसप्रीत सिंह कोई अनैतिक कार्य करता है जिसका सम्बध न्यायालय से हो तो मेरी अभिभाष्या व मेरी अभिभाष्या के परिवार का कोई वास्ता नही होगा । जसप्रीत सिंह स्वयं जुम्मेवार होगा। मेरी अभिभाष्या की जो भी सम्पति चल अचल है उसमे से जसप्रीत सिंह का कोई हक व हिस्सा नहीं होगा। मेरी अभिभाष्या का अब अपने पुत्र जसप्रीत सिंह के साथ कोई रिस्ता नाता नही है । अतः सर्वसाधारण को नोटिस प्रेषित किया जा रहा है ताकि सनद रहे । दिनांक - 13.06.2024

नोटिस देहिन्दा

रघुवीर सिंह वर्मा, एडवोकेट

**कार्यालय ग्राम पंचायत अरड़की पंचायत समिति नोहर, जिला हनुमानगढ़**

क्रमांकःएसपीएल दिनांकः 14.06.2024

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत अरड़की की कृषि भूमि एक वर्ष के लिए नीलामी/ठेका छोड़ा जाना है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक 20.06.2024 को उपस्थित होकर कृषि भूमि की नीलामी लगाकर ठेका ले सकता है। जिसमें इच्छुक व्यक्ति ग्राम पंचायत कार्यालय में 5000/- रूपये अमानत राशि जमा करवाकर बोली लगा सकता है।

**शेष शर्तेः-** कभी भी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

(कलावती)
सरपंच,
ग्राम पंचायत अरड़की

**SRI GANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.**

Industrial Area, HANUMANGARH JN. 335512

(AN FSMS ISO 22000:2018 Certified Organisation)

Tel. 01552-260522, 77260 07305 E MAIL- purchasegangmul@gmail.com gngmu-rj@nic.in

No. Gangmul/Pur/2024/2487-90 Dated: 13.06.2024

**Notice Inviting E-Tender**

Online tenders are invited for supply of steam and oil flow meter with all accessories for dual fuel (LSHS/NG) Burner and suitable connectivity option with existing BMS (Burner Management System) as per tender specification at Sri ganganagar Zila Dugdh Utpadak Sahakari Sangh Ltd., Hanumangarh for more detail please visit at website of www.eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.rajasthan.gov.in and also at sriganganagar milk union website.

**(Ugrasen Saharan)**
**Managing Director**

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जो कि कालान्तर में एक भूखण्ड नं. 4 साईज 60'×80' वाके सैक्टर नं. 12 एल, हनुमानगढ जंक्शन की लीज डीड अरूण कुमार पुत्र रमेश कुमार, केवल कृष्ण पुत्र भागीरथ, विमला देवी पत्नी श्री राम प्रकाश एवं सुभाष चन्द पुत्र तेजा राम जाति अग्रवाल निवासी हनुमानगढ के पक्ष में अतिरिक्त कलैक्टर एवं सचिव, मण्डी विकास समिति, हनुमानगढ़ द्वारा दिनांक 29.10.1996 को पंजीबद्ध करवाई गई है। उक्त भूखण्ड में से श्री अरूण कुमार उक्त ने अपने हिस्सा का 1/4 भाग सूचना देहिन्दा को जरिये बैयनामा दिनांक 22.05.2007 विक्रय किया हुआ है तथा वर्तमान में उक्त कुल भूखण्ड के 1/4 भाग पर सूचना देहिन्दा का स्वामित्व है। उक्त दुकान उक्त भूखण्ड नं. 4 वाके सैक्टर नं. 12 एल, हनुमानगढ जंक्शन की असल लीज डीड लैमिनेटेड है व जिसका लैमिनेशन हटाया नहीं जा सकता है। सूचना देहिन्दा ने उक्त असल लैमिनेटेड लीज डीड सहित सूचना देहिन्दा के पक्ष में हुए बैयनामा को साम्यिक बन्धक रखकर फर्म मै. विजय कॉटन इण्डस्ट्रीज, भूखण्ड सं. ए-34 फेज-1, हनुमानगढ जंक्शन एकल मालिक राजेन्द्र मिढ्ढा एच.यू.एफ. के नाम से बतौर गारण्टर एस.बी. आई. शाखा धान मण्डी, हनुमानगढ टाऊन से सी.सी. लिमिट ऋण प्राप्त किया हुआ है। यदि किसी जनसामान्य को सूचना देहिन्दा / प्रार्थी की उक्त सम्पति को रहन रख ऋण में कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति उक्त वर्णित भारतीय स्टेट बैंक शाखा धान मण्डी हनुमागनढ टाऊन व सूचना देहिन्दा के समक्ष दर्ज करवा सकता है। यदि नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो बैंक को उक्त सम्पति को साम्यिक बंधक रख दिये गये ऋण की अदायगी नहीं होने पर नियमानुसार उक्त सम्पति के सम्बंध में SARFAESI अधिनियम के तहत कार्यवाही करने का अधिकार होगा।

सूचना देहिन्दा

कविता मिढ्ढा पत्नी कनोज मिढ्ढा जाति अरोड़ा निवासी मकान नं. 1/72 आर.एच.बी. कॉलोनी, हनुमानगढ़ जंक्शन तहसील व जिला हनुमानगढ (राज.)।

# अल्पसंख्यकों को मिले सरकार की योजनाओं का समुचित लाभः सत्यानी

**» अल्पसंख्यक कल्याण के पंद्रह सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कहा है कि अल्पसंख्यक कल्याण के लिए शुरू किए गए पंद्रह सूत्री कार्यक्रम को सरकार की मंशा के अनुसार क्रियान्वित करते हुए अल्पसंख्यकों को सरकार की योजनाओं एवं सुविधाओं का समुचित लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर सत्यानी शुक्रवार को कलक्ट्रेट में आयोजित पंद्रह सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने आईसीडीएस अधिकारी से कहा है कि अल्पसंख्यकों की आबादी वाले वार्डों में आवश्यकता के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाने के प्रस्ताव भिजवाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर अल्पसंख्यक महिलाओं एवं बच्चों को समुचित सुविधाएं मिलें। जिला कलक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगबीर यादव से कहा कि प्रवेशोत्सव के दौरान ड्रॉप आउट अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को चिन्हित कर पुनः विद्यालयों में प्रवेश दिलवाएं और यह देखें कि अल्पसंख्यक बच्चों को शिक्षा विभाग की योजनाओं का समुचित लाभ मिले। जिला कलक्टर ने इस दौरान अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की स्थिति पर चर्चा की और कहा कि पात्र विद्यार्थी वंचित नहीं रहे, इसके लिए योजनाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें। जिला कलक्टर ने उद्योग विभाग अधिकारी से कहा कि अल्पसंख्यकों को उद्यम प्रोत्साहन से जुड़ी योजनाओं का समुचित लाभ दें और सुनिश्चित करें कि अल्पसंख्यकों की उद्यमों में समुचित भागीदारी हो तथा सरकार की ओर से देय सुविधाएं उन्हें मिले। जिला कलक्टर ने इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन विभागों ने लक्ष्य अनुरूप प्रगति अर्जित नहीं की है, उन्हें नोटिस जारी किए जाएं। एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि योजनाओं के लाभान्वितों में अल्पसंख्यकों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी सतर्क एवं सक्रिय रहते हुए इस दिशा में समुचित प्रयास करें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. अनीश ने विभिन्न सूत्रों में प्रगति से अवगत करवाया और अधिकारियों से कहा कि वे नियमित मॉनीटरिंग कर योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप प्रगति अर्जित करें। इस दौरान एएसपी सतपाल सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# आमजन की सहभागिता के साथ सफल बनायें सघन पौधारोपण अभियान

**» जिला स्तरीय अधिकारीगणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलक्टर ने दिये निर्देश**



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

जिला स्तरीय अधिकारीगणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने मानसून के दौरान प्रस्तावित सघन पौधारोपण अभियान को सफल बनाने में समस्त राजकीय विभागों के साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। हीट वेव के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, विद्युत आपूर्ति की समीक्षा भी की। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि जुलाई में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान आयोजित होगा, इसलिये समस्त विभाग आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागवार आवंटित लक्ष्यों के अनुसार गड्ढे, पौधे क्रय करने सहित अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षकगणों और विद्यार्थियों के साथ-साथ आमजन को भी अभियान से जोड़कर पौधों की सार-संभाल की जिम्मेदारी दी जाये। अधिकारियों को पौधारोपण के लिये साईट चिन्हित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वन विभाग के रेंजर्स उपखण्ड स्तरीय बैठकों में पौधारोपण से संबंधित जानकारी देते हुए तैयारियां पूर्ण करने में सहयोग करें। त्रिस्तरीय जनसुनवाई में आने वाले सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश देते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये। आगामी सप्ताह में उच्च स्तर से संपर्क पोर्टल, सीएमओ, वीआईपी प्रकरणों की समीक्षा होनी प्रस्तावित है। इसलिये समस्त अधिकारी लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करें। नकारात्मक समाचारों और शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही की जाये। अधिकारी मौके पर पहुंचें और समस्याओं का निराकरण करें। हीट वेव से बचाव के लिये आमजन को जागरूक करने के साथ-साथ चिकित्सीय संस्थानों में पंखे, कूलर, बेड, दवाएं सहित अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण की जायें। बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये एन्टी लार्वा गतिविधियां भी सुनिश्चित की जायें। सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भौतिक सत्यापन जल्द करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी विभागीय योजनाओं के साथ-साथ बीसूका में अपेक्षित प्रगति लाने के लिये नियमित समीक्षा करें। पेयजल व्यवस्था, विद्युत विभाग के लम्बित कनेक्शनों, विद्युत सामग्री की उपलब्धता, ई-फाईलिंग, राजकीय कार्यालयों के लिये भूमि-आवंटन के लम्बित प्रकरणों पर चर्चा के बाद उन्होंने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन (कार्यवाहक) एवं नगर विकास न्यास सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, नगरपरिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, जल संसाधन विभाग के एसई धीरज चावला, सहायक निदेशक लोक सेवाएं ऋषभ जैन, डॉ. अजय सिंगला, डॉ. करण आर्य, लाभ सिंह मान, आशीष गुप्ता, पदमप्रकाश कोठारी, पन्नालाल कड़ेला, विक्रम सिंह, विजय कुमार, विष्णु खत्री, दिलीप सिंह राठौड़ सहित अन्य मौजूद रहे।

## रेडक्रॉस सोसाइटी के शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रहित



**श्रीगंगानगर।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आज विश्व रक्तदान दिवस पर राजकीय चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. केके गल्होत्रा ने बताया कि शिविर में 55 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी रक्तदान किया। शिविर में डॉ. एनपी सिंह व डॉ. सुमित पेंसिया ने रक्तदान करने से होने वाले फायदे के बारे में बताया। रक्तदानियों को रेडक्रास सोसाइटी की तरफ से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव पवन वधवा व राजकीय चिकित्सालय के मेजरसिंह ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। शिविर में सचिव पवन वधवा, कोषाध्यक्ष शैंकी जसूजा, समन्वयक डॉ एनपी सिंह, सदस्य परविंद्रसिंह, विजय मित्तल, जीपी सिंह, शिवशंकर मित्तल, तरुण मोंगा, राहुल जैन,राजीव नागपाल, एडवोकेट जसवीर मिशन, वेदपाल, नवदीप मान, अमनदीप रामगढ़िया आदि उपस्थित रहे।

## विधायक बिहाणी के जन्मदिन पर विभिन्न सेवा प्रकल्पों का आयोजन

**श्रीगंगानगर।** विधायक जयदीप बिहाणी के जन्मदिन पर विभिन्न सेवा प्रकल्प आयोजित किए जाएंगे। रविवार को सुबह 7:30 से रात 8 बजे तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। रविवार सुबह 7:30 बजे सुखाडिया सर्किल स्थित गौशाला में विधायक जयदीप बिहाणी की ओर से गायों के लिए सवामणी की जाएगी। सुबह 8 बजे पुरानी आबादी स्थित झांकी वाले बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद 8:30 बजे त्रिपुली पर राहगीरों के लिए ठंडे पानी की छबील लगाई जाएगी। 8.45 बजे महाराजा गंगासिंह चौक पर राहगीरों के लिए जलजीरा वितरण, 9 बजे तीन ई छोटी में मेडिकल कैंप तत्पश्चात सात ई छोटी में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित होगा। सुबह 10:30 बिहाणी ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। 11 बजे जिला चिकित्सालय में अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से भोजन वितरण होगा। दोपहर में एक से पांच बजे के बीच विधायक सेवा केंद्र में विधायक जयदीप बिहाणी जनसुनवाई करेंगे। शाम 6:30 बजे विधायक अपना घर आश्रम में रहेंगे। शाम 7:15 बजे विधायक जयदीप बिहाणी खाटू श्याम मंदिर की आरती में शामिल होंगे।रात 8:30 बजे बिहाणी संदीप घोडेला के होटल का मुहूर्त करेंगे।सेवा प्रकल्पों में आम लोगों के भाग लेने की अपील की गयी है।विधायक जयदीप बिहाणी ने अपने समर्थकों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे उनके जन्मदिन पर पोस्टर, बैनर तथा केक काटने से परहेज कर परोपकार के कार्यों को प्राथमिकता दें।

# नहरों के पटड़े क्षतिग्रस्त करने वाले पेड़ों को हटाने के लिए सर्वे करवाने के निर्देश

**जिला कलक्टर की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित**



तेज | रिपोर्टर श्रीगंगानगर

गंगनहर की विभिन्न वितरिकाओं पर खड़े परिपक्व, अधिपक्व, सूखे एवं खोखले वृक्षों की कटाई की समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने नहरों के पटड़े क्षतिग्रस्त करने वाले पेड़ों को हटाने के लिए सर्वे करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि पौधारोपण से पूर्व भी ऐसे स्थान चिन्हित करवाये जाएं ताकि नहरों को सुरक्षित बनाया जा सके। बैठक में जल संसाधन वृत के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि स्वीकृत एक्शन प्लान के अनुसार वन विभाग द्वारा गंग एवं भाखड़ा नहर प्रणाली पर खड़े वृक्षों की कटाई की जा रही है। परन्तु नहरों के डावल, पटडों पर खड़े वृक्ष जिनका मार्किंग नहीं की गयी है, के कारण नहरों के क्षतिग्रस्त होने की लगातार संभावना बनी रहती है। इन वृक्षों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए। उन्होंने बताया कि गंगनहर की बीबी और एच वितरिकाओं पर ऐसे बहुत वृक्ष खड़े हैं, जो कि वन विभाग की कटाई कैटेगरी में नहीं आते हैं, परन्तु नहरों के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने बताया कि वृक्षों की कटाई के उपरांत उनके ठूंठ छोड़ने से कई बार दुर्घटनायें भी हुई हैं। इन ठूंठ से पुनः पौध पनपने लगते हैं, जो नहरों को क्षति पहुंचाते हैं। इस पर जिला कलक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन वृक्षों से नहरों के क्षति होने की संभावना नहीं है, उन्हें काटने के स्थान पर क्षति पहुंचाने वाले वृक्षों को हटाया जाए। नहरों को हानि पहुंचाने वाले वृक्षों का जल संसाधन विभाग एवं वन विभाग संयुक्त सर्वे कर सूची तैयार कर करें। एक्शन प्लान में उन स्थानों को शामिल करें, जिनसे नहरों पर खड़े वृक्षों से नुकसान हो रहा है। उसी अनुसार अनुपूरक प्रस्ताव स्वीकृति हेतु सक्षम स्तर पर भिजवाया जाये। जिला कलक्टर द्वारा जल संसाधन विभाग को अलग-अलग नहरों का संयुक्त सर्वे करवाकर जिन ठूंठ से लाईनिंग क्षतिग्रस्त होने की संभावना है, उन लाईनिंग कार्यों का ऐस्टीमेट बनाकर बजट प्राप्त करने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वन विभाग के उपवन संरक्षक दलीप सिंह राठौड़ ने बताया कि सूखे पेड की कटाई का कोई इश्यू नहीं है। उपवन संरक्षक विभागीय कार्य मण्डल सूरतगढ़ ने बताया कि नहरों के पडों पर खडे वृक्षों की समस्या सभी नहरों पर नहीं है। बहुत सारी साईटें क्लीयर हो चुकी हैं।

## पानी, सीवर पाइप लाइन बिछाने के दौरान मरम्मत करवा रही है आरयूडीआईपी

**तेज रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** क्षेत्र में पानी और सीवर पाइप लाइन बिछाने के दौरान आरयूआईडीपी की ओर से सड़क की मरम्मत भी करवाई जा रही है। आरयूआईडीपी एसई राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि एल ब्लॉक, गणगौर नगर, पुरानी आबादी क्षेत्र के लिए संबद्ध जल और सीवर बिछाने का कार्य प्रगति पर है।

जैसे ही संबंधित कार्य पूरे हो जाएंगे, सीसी रोड का जीर्णोद्धार शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एल-ब्लॉक क्षेत्र में डीएलसी (सीसी रोड बहाली का हिस्सा) पूरा कर लिया है और शेष लंबाई पर काम चल रहा है। इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। पुरानी आबादी (सब्जी मंडी) और गणगौर नगर क्षेत्र के लिए पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम प्रगति पर है। कार्य प्रगति के दौरान मरम्मत की जा रही है और सड़क को सार्वजनिक एवं वाहन संचालन के योग्य बनाया जा रहा है।

# प्रशिक्षण में अर्जित दक्षताओं से समाज को दें लाभः सुनील

**» एनसीसी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभा सम्मान समारोह में कैडेट्स को किया सम्मानित**



तेज | जगदीश सोनी. चूरू

ढांढ़ण डेवलपमेंट ट्रस्ट में द्वितीय राज बटालियन एनसीसी के चौथे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार को हुए प्रतिभा सम्मान समारोह में विभिन्न गतिविधियों के विजेता कैडेट्स को सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, चित्राकला व एंकरिंग आदि के विजेता कैडेट्स को डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट कर्नल सुनील कुमार ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट कर्नल सुनील कुमार ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण में कैडेट्स ने अनेक गतिविधियों को सीखा है और दक्षताएं अर्जित की हैं। जरूरत इस बात की है कि एनसीसी शिविर में सीखी गई बेहतर बातों का उपयोग रचनात्मक गतिविधियों में लें और समाज को इसका लाभ पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आपने जो सीखा है, वह जीवनपर्यंत आपके काम आएगा। जरूरत इस बात की है कि हमेशा सकारात्मक रहें तथा देश व समाज के निर्माण में अपने योगदान की सोच लेकर चलें। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है। जो युवा देश के प्रति कार्य करेगा, पूरा देश उसे याद रखेगा। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉयज व गर्ल्स कैडेट्स ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। रंगारंग प्रस्तुतियों पर कैडेट्स झूमने लगे। शिविर में सूबेदार मेजर किशोर रायमाझी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार रणवीर सिंह, बीएचएम कुंभाराम, सूबेदार मोहन, सूबेदार रमेश लांबा, हवलदार मोहन, कालूराम, संदीप, मनोज, तेजपाल, व प्रशासनिक अधिकारी शांतिलाल रक्षक आदि मौजूद रहे।

# राजस्व प्रकरणों का हो त्वरित निस्तारण, आमजन को मिले राहत

**» जिला कलक्टर ने राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा-लंबित प्रकरणों का हो समयबद्ध निस्तारण**

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने राजस्व अधिकारियों से कहा है कि वे राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कर आमजन को राहत दें तथा आवश्यक सेवाओं व योजनाओं की समुचित मॉनीटरिंग कर उनका बेहतर क्रियान्वयन करवाएं ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो। जिला कलक्टर शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व अधिकारियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार जन सुनवाई, रात्रि विश्राम के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो तथा किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन के प्रति आमजन के मन में बेहतर छवि अंकित होनी चाहिए, इसके लिए सतर्क, सक्रिय, सजग रहकर सकारात्मक सोच के साथ काम करें। जिला कलक्टर ने इस दौरान हाईवे निर्माण में आ रहे अवरोध का निस्तारण करने के लिए संबंधित उपखंड अधिकारियों एवं एनएचएआई अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने कहा कि अधिकारी ई-फाइल संबंधी निर्देशों की समुचित पालना करें तथा राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए नियमित मॉनीटरिंग करें। एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और प्रत्येक अधिकारी की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्तर से विभिन्न बिंदुओं की समुचित मॉनीटरिंग की जा रही है, इसलिए अधिकारी किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें। उप महानिरीक्षक (पंजीयन एवं मुद्रांक) भागीरथ साख ने डीएलसी दरों पर चर्चा करते हुए कहा कि आगामी बैठक के मध्येनजर सभी संबंधित अधिकारी अपने प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने कहा कि डीएलसी दरों का वास्तविक बाजार दरों से तालमेल रहे, यह हमारी कोशिश रहनी चाहिए। डीएलसी दरों में इजाफे के प्रस्ताव के साथ बढ़ोतरी का कारण भी अंकित करें। इस दौरान जिला कलक्टर ने म्यूटेशन व ऑटो म्यूटेशन प्रकरणों की स्थिति, लैंड कन्वर्जन, राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों, भूमि आवंटन प्रकरण, विधानसभा प्रश्न सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। बैठक में सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, रतनगढ़ एसडीएम अमित वर्मा, तारानगर एसडीएम सूर्यकांत शर्मा, संयुक्त निदेशक (आईटी) मनोज गरवा सहित उपखंड अधिकारी, तहसीलदार आदि संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## नगरीय निकाय उप चुनावः मतदान दिवस के दिन सूखा दिवस रहेगा

**श्रीगंगानगर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार जिलों के नगरीय निकायों में सदस्यों के उपचुनाव जून के लिये मतदान दिवस 30 जून को सूखा दिवस घोषित किया गया है। संबंधित नगर निकाय के निर्वाचन क्षेत्रों एवं उससे लगते हुए 5 किलोमीटर परिधीय क्षेत्रों में मतदान समाप्ति पर पूर्ण होने वाली 48 घंटों की अवधि अर्थात 28 जून को सायं 5 बजे से 30 जून को सायं 5 बजे तक सूखा दिवस घोषित किया गया है।

# योग दिवस को लेकर उत्साह, महिला-पुरुष कर रहे योगाभ्यास

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम के लिए तैयारियां जोरों पर है। योग दिवस को लेकर लोगों में उत्साह है और विभिन्न स्थानों पर योग पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक रामकृष्ण शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित अग्रसेन नगर पार्क में योगाचार्य डॉ संतरा जाट के निर्देशन में योग पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। शुक्रवार को शिविर में करीब 60 महिला-पुरुषों ने योगाभ्यास किया। योगाचार्य डॉ. संतरा जाट ने बताया कि आयुर्वेद विभाग की ओर से आयोजित यह शिविर 5 जून से प्रतिदिन सवेरे 5:30 से 7:30 बजे तक नियमित रूप से किया जा रहा है। शिविर में आने वाले व्यक्तियों को लोवेरा जूस का भी वितरण किया जा रहा है। अग्रसेन नगर का यह शिविर आगामी 20 जून तक चलेगा। शिविर को सम्बोधित करते हुये योगाचार्य डॉ. संतरा ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है अर्थात स्वस्थ शरीर के लिये योग अत्यधिक जरूरी है। अग्रसेन नगर विकास समिति के अध्यक्ष मदनलाल राजपुरोहित ने बताया कि व्यक्ति के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग बेहद उपयोगी है। इस दिशा में आयुर्वेद विभाग की ओर से अग्रसेन नगर में इसका आयोजन सराहनीय है।




METRO DENTAL CLINIC
Orthodontics & Implant Center
77, Bhagat Singh Chowk, HANUMANGARH JN.
75972-33341, 70148-58491
Dr. Pratham Arora (Dental Surgeon)



टेढ़े-मेढ़े दांतों का सफल ईलाज

# मुख्यमंत्री की मंशानुसार अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विकसित राजस्थान की संकल्पना को करें साकार- मुख्य सचिव



जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार सभी प्रशासनिक अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ विकसित राजस्थान की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि आमजन से लगातार संवाद स्थापित करते रहें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के प्रयास करें। पंत शुक्रवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी कार्यालयों में कार्य क्षमता में वृद्धि के लिए समय-समय पर विभागाध्यक्ष औचक निरीक्षण करते रहें और कमियां मिलने पर तुरंत सुधार करें। पंत ने निर्देश दिए कि सभी प्रभारी सचिव जिलों में पानी बिजली आदि विषयों पर नियमित रूप से समीक्षा करें और विभिन्न समाचार पत्रों और अन्य स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही करें।

**हरित राजस्थान, समृद्ध राजस्थान**

मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' की शुरुआत की गई है जिसके तहत सम्पूर्ण प्रदेश में 7 करोड़ पौधों का रोपण किया जायेगा। उन्होंने पौधरोपण के साथ उनके रखरखाव के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने सम्बंधित विभागों को पौधे लगाने के साथ उन पौधों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एक पौधा प्रति परिवार लगाने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करें। बैठक में बताया कि प्रदेशवासी अपने मोबाइल फोन से क्यूआर कोड के जरिये राज्य की सभी नर्सरी और उपलब्ध पौधों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**जल संचयन के लिए एक्शन प्लान**

मुख्य सचिव ने निर्माण कार्य से जुड़े विभागों और निकायों को निर्देश दिए कि सरकारी भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर के निर्माण के लिए सर्वे करें और सर्वे के आधार पर जल संचयन के लिए एक्शन प्लान तैयार करें जिससे अधिक से अधिक बारिश के पानी का सदुपयोग किया जा सके। विभिन्न अभियानों और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिये जल संचयन संरचना वाले आवासीय व व्यावसायिक भवनों के निर्माण को प्रोत्साहित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि नई जल संचयन संरचनाओं के निर्माण के साथ बारिश से पहले ही सभी सामुदायिक व मौजूदा संरचनाओं के मेंटेनेंस के कार्य पूर्ण किए जाए। पन्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि लंबित भर्तियों को जल्द पूरी करें और रिक्त पदों के लिए भर्ती एजेंसियों को समय पर अभ्यर्थना भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी 29 जून को 7 हजार से अधिक सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जायेंगे। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार कार्मिकों को समय पर पदोन्नति का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए सभी विभाग पदोन्नति समिति की बैठक निश्चित समय में पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मिशन कर्मयोगी की प्रगति की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि सभी सचिव और वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें अपना पंजीयन आवश्यक रूप से करवाए। बैठक में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, ई–फाइल निस्तारण समय, लंबित विधानसभा प्रश्नों, संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों तथा विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे नवाचारों की समीक्षा गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती शुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोडा, अतिरिक्त मुख्य सचिव उर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण श्रीमती अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग संदीप वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग कुलदीप रांका और विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईंट भट्ठा मजदूरों की पथेर का हिसाब मजदूरी यूनियन रेट लिस्ट से करवाने की मांग



तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

ईंट भट्ठा मजदूरों की पथेर का हिसाब मजदूरी यूनियन रेट लिस्ट से करवाने की मांग को लेकर श्रम अधिकारी,श्रम विभाग हनुमानगढ़ को दिए ज्ञापन में बताया कि विनोद कुमार, विजयपाल, बृजलाल,रणजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रेम सिंह,किशोर कुमार, मुकेश कुमार, अंकित, विमन, अशोक कुमार,राज बहादुर, शैलेंद्र कुमार, प्रेम कुमार व दुर्गेश आदि प्रवासी मजदूर हैं, जोकि रावतसर रोड पर स्थित एक ईंट उद्योग पर परिवार सहित ईंट पथाई का कार्य सीजन से कर रहे हैं।कार्य शुरू करने से पूर्व हमारी लेबर का जमादार जब उन्हें घर से लाया था तो उन्हें मजदूरी का हिसाब यूनियन की रेट लिस्ट से करने का वायदा कर लाया था, लेकिन अब संबंधित जमादार द्वारा उनकी मजदूरी से कमीशन लेकर हिसाब नहीं किया जा रहा एवं मजदूरी का पूर्ण रेट नहीं देने की धमकी देते हुए देख लेने की धमकी से डरा भी रहा है।मजदूरों ने जिला श्रम अधिकारी से यूनियन के रेट से हिसाब करवा कर उन्हें घर भिजवाने का आग्रह किया है।

# कायमखानी समाज द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित




तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

कायमखानी समाज के पितृ पुरुष नवाब क़ायम खां तत्तकालीन दिल्ली सल्तनत के सेनापति व वजीर तथा हिसार रियासत के नवाब क़ायम खां के 605 वें यौमे शहादत पर राजस्थान कायमखानी महासभा जिला हनुमानगढ़ के तत्वावधान में राजकीय चिकित्सालय हनुमानगढ़ टाउन में रक्त दान व मरीजों और उनके तीमारदारों को फलों का वितरण कर खिराजे अकीदत पेश किया गया तथा इस अवसर पर नव पदस्थापित पी एम ओ डाक्टर शंकर सोनी का माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मान किया गया । इस अवसर पर राजस्थान कायमखानी महासभा हनुमानगढ़ के जिला संयोजक एडवोकेट ज़ाकिर हुसैन, इशाक खां, इशहाक चायनाण, प्रधान कायमखानी मस्जिद अमजद खान,शराफत अली नानू , इरफान खान, राजू खान आशिफ खान, सत्तार खान,फरियाद अली, उस्मान खान,इमरान खान, शहजाद खान,अरशद खान, जहांगीर, समीर, इरफान खान,आरिफ खान, अजहर खान, मिंटू आलिम खान,इमरान खान, युनुस, मुस्लिम खान, सम्मी, तनिश, सोहैल सभी युवाओं ने अपना योगदान देकर रक्तदान किया ।

# मिशन ग्रीन संस्था ने हरा भरा कस्बा अभियान चलाया, टैंकर से पौधों को दे रहे पानी



**पीलीबंगा।** मिशन ग्रीन संस्था ने हरा भरा कस्बा अभियान चलाया है।क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से पौधों को बचाने एवम आवश्यकतानुसार सुबह और शाम खाद / पानी देने का कार्य निरंतर युवा कार्यकर्ताओं के टीम कर रही है।संस्था के वैध ओमवीर सिंह राघव ने बताया कि हर रोज सुबह दो से तीन टैंकर एवं शाम को दो टैंकर द्वारा मंडी क्षेत्र के समस्त डिवाइडरों में पूर्व में लगे पौधों में पानी दिया जा रहा है।शुक्रवार को वन विभाग से लेकर अग्रसेन चौक तक एवं बैंक ऑफ़ इंडिया से तीन बत्ती चौक और ट्रैक्टर मार्केट में टैंकर से पौधों में पानी दिया ताकि पौधे को पनपना में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो।संस्था की ओर से टीम सदस्य ओमवीर सिंह राघव,जितेंद्र बंसल,नितेश गर्ग,प्रिंस गर्ग, कमल कामरा,अर्पित गर्ग,प्रिंस गर्ग,अनमोल गर्ग,जयदेव मुंढ उग्रसेन जाखड़,गौरव अरोड़ा आदि ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सेवा कार्य किया।

# राम सबके साथ न्याय करते हैं अहंकार ने भाजपा को रोकाः इंद्रेश

जयपुर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार के भाजपा को लेकर दिए बयान पर विवाद शुरू हो गया है। इंद्रेश कुमार ने कहा था कि अहंकार ने भाजपा को 241 पर रोक दिया। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी दल के नेता और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि उन्हें इसमें खुश रहने दें। राम ने हमें काम करने के लिए बहुमत दिया है। इससे पहले इंद्रेश कुमार ने कहा-राम सबके साथ न्याय करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव को ही देख लीजिए। जिन्होंने राम की भक्ति की, लेकिन उनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया। उस पार्टी को सबसे बड़ी पार्टी घोषित कर दिया। उनको जो पूर्ण हक मिलना चाहिए, जो शक्ति मिलनी चाहिए, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दी। इंद्रेश कुमार जयपुर के पास कानोता में रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा, जिन्होंने राम का विरोध किया, उन्हें बिल्कुल भी शक्ति नहीं दी, उनमें से किसी को भी शक्ति नहीं दी। सब मिलकर (प्छक्प् ब्लॉक) भी नंबर-1 नहीं बने, नंबर-2 पर खड़े रह गए। इसलिए प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है, सत्य है, बड़ा आनंददायक है। इसलिए जिस पार्टी ने भक्ति की, अहंकार आया, उस पार्टी को 241 पर रोक दिया, पर सबसे बड़ी बना दिया। जिनकी राम के प्रति आस्था नहीं थी, अश्रद्धा थी। उन सबको मिलकर 234 पर रोक दिया। कहा-तुम्हारी अनास्था का यही दंड तुमको है कि तुम सफ्ल नहीं हो सकते। इंद्रेश के बयान को लेकर शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा- बात सही है। भाजपा अहंकार के कारण ही हारी है।

# गलती से बनी एनडीए की सरकारः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि एनडीए की सरकार गलती से बनी है। मोदी जी के पास जनादेश नहीं है। यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि हम चाहते हैं कि यह सरकार चलती रहे, देश के लिए अच्छा हो, हमें देश को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री की आदत है कि जो अच्छा चल रहा है, उसे चलने नहीं देते। हम देश को मजबूत करने की दिशा में सहयोग करेंगे। खड़गे ने नीट यूजी एग्जाम में हुई गड़बड़ियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस पर खामोश क्यों हैं? सरकार इस स्कैम पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। अगर नीट का पेपर लीक नहीं हुआ तो बिहार में 13 आरोपियों को अरेस्ट क्यों किया गया। खड़गे ने एक्स पर सवाल उठाए-क्या पटना की आर्थिक अपराध शाखा ने शिक्षा माफ्यिा को 30 और 50 लाख दिए जाने का खुलासा नहीं किया। क्या पेपर लीक में आर्गनाइज्ड गैंग शामिल नहीं हैं? क्या गुजरात के गोधरा में नीट यूजी में धोखाधड़ी के रैकेट का खुलासा नहीं हुआ? यहां धोखाधड़ी में 3 लोग शामिल थे। यहां आरोपियों के बीच 12 करोड़ के ट्रांजैक्शंस की बात भी सामने आई।

# बावरी समाज विकास संस्था की बैठक 16 को

**हनुमानगढ़।** समाज की जागृति, एकता, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं का सम्मान करने के लिए राजस्थान बावरी समाज विकास संस्था की रविवार 16 जून 2024 को श्रीगंगानगर स्थित नई धानमंडी के ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में सुबह 10 बजे मीटिंग होगी। मीटिंग संस्था के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.बलदेव सिंह चौहान की अध्यक्षता में होगी। संस्था के हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष लालचंद धांधल ने बताया कि इस मीटिंग में कक्षा 10 वीं व 12 वीं बोर्ड में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करने के लिए प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके अलावा बेटियां छू रही है आसमां मुहिम के तहत हर ब्लॉक से दो-दो बेटियां के चयन पर भी चर्चा की जाएगी।

# बीसीएमओ डॉ.अरोड़ा ने पीएचसी खोथावाली में 2 घंटे ओपीडी की सेवाएं दी



**पीलीबंगा।** बीसीएमओ डॉ.मनोज अरोड़ा ने शुक्रवार को पीएचसी खोथावाली में 2 घंटे ओपीडी की सेवाएं दी। जिला कलेक्टर के आदेशों की पूर्णताप्पालन करते हुए बीसीएमओ ने सुबह नौ से 11 बजे तक मरीज के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें उपचार एवं स्वास्थ्य मार्गदर्शन भी दिया। इसके बाद बीसीएमओ एवं सर्जन डॉ.अरोड़ा ने इसी स्वास्थ्य केंद्र पर 8 महिलाओं की एलएस पद्धति से नसबंदी करते हुए उन्हें मौजूदा समय में परिवार नियोजन का महत्व बताया।इसके अलावा बीसीएमओ ने उप स्वास्थ्य केंद्र लखासर की भी विजिट करते हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को विभागीय दिशा निर्देशों की कड़ाई से पालन करने,भीषण गर्मी से बचाव के लिए आमजन को आवश्यक जानकारी देने के लिए भी निर्देशित किया।इस दौरान बीसीएमओ ने सहजता से मरीज से संवाद भी किया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह 'उड़ान' में छात्राओं का सम्मान




**श्रीगंगानगर।** बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह 'उड़ान-2024' व निशुल्क कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन श्री आत्म वल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय तथा आईएमए श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में हनुमानगढ़ रोड स्थित महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें आरएएस श्रीमती योजना श्योराण, आरपीएस राजीव जाखड़, एडगुरू राजकुमार जैन व सौरभ मीडिया के एमडी यूथ आइकॉन सौरभ जैन मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में न्यास अध्यक्ष अमरचंद बोरड़, सचिव नरेश जैन, महाविद्यालय निदेशक डॉ. संजय अरोड़ा, प्राचार्य डॉ. पंकजलता, निकिता शर्मा, सुरजीत सिंह आदि अनेकों गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं सीबीएसई में 60 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली 632 छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं डॉक्यूमेंट सुरक्षित रखने के लिए मल्टीपर्पज फाईल फोल्डर भेंट कर सम्मानित किया गया।

# निःशुल्क पौधे वितरित एवं पौधारोपण




तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

टाउन की पुरानी नगर पालिका में स्थित हनुमान मंदिर चोतिना कुआं की श्री बालाजी आरती मंडल द्वारा निःशुल्क पौधारोपण वितरण कार्यक्रम का आयोजन टाउन स्थित यातायात पुलिस थाना के सामने किया गया । इस मौके पर मंदिर पुजारी संजय शर्मा ने बताया मंडल के सदस्यों द्वारा 501 पौधे जिसमें फलदार, फ्रूट, फूल एवं ओषधि पौधों का वितरण किया गया, उन्होंने बताया गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी जो इस वर्ष लू के साथ पड़ीं जिसका कारण अंधाधुंध पेड़, पौधों की कटाई है उसी की भरपाई के लिए मंडल द्वारा पौधा वितरण का किया गया और पट्टीयों पर स्लोगन लिखकर लोगों को जागृत किया व अधिक से अधिक पौधे लगाने को कहा । इस मौके पर मंडल के वरिष्ठ सदस्य पवन मित्तल, शंकर मित्तल, डॉ पवन मिड्ढा,पंडित रामनारायण शर्मा, बालकिशन खादरिया, मनोज गोयल, शुभम कुक्कड़, शुभम सिडाना, पंकज ज्ञानवाणी, प्रकाश मिड्ढा, राजा, रोशन, सचिन, अरुण, नीरज, जयदेव, जतिन, सौरभ, चिराग आदि उपस्थित है ।

# मोनिका आर्य बनी सुपर टैलेंटेड



**थालड़का।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भगवान में 10 जून ओपन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । जिसमें लगभग चार सुविधार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया और गांव में एक उत्साह का माहौल था। इस प्रतियोगिता में टॉप 12 स्थान पर कुल 30 विद्यार्थी रहे हैं।जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें गांव नेहरा वाली ढाणी की मोनिका आर्य बनी टॉपर टैलेंटेड ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सुपर टैलेंट का खिताब प्राप्त किया । द्वितीय स्थान पर रही गांव टोपरियां की सरिता ओझा, तृतीय स्थान पर गांव देईदास की आरती व सुमन गोदारा रही। इसी प्रकार चौथे स्थान पर रहे सैंडी वर्मा (प्रेम नगर ) से तथा रोहिताश सिहाग ( गंधेली) से तथा पांच स्थान पर रहे (टोपरिया) से विकास गिला व (भगवान )से स्नेह चौहान प्राप्त किया है। आयोजक अमर सिंह चौहान ने बताया की कंप्यूटर अनुदेशक विकास ठोलियां ने कंप्यूटर के द्वारा कॉपी जांच करके और अतिशय शीघ्र रिजल्ट तैयार किया है जो की एक प्रशंसा कार्य है। ओपन टैलेंट सर्च प्रतियोगिता का सम्मान समारोह 21 जून को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देईदास में होगा।इन सभी टैलेंटेड को पुरस्कार भामाशाह एवं समाजसेवी लक्ष्मी नारायण गोदारा (देईदास) द्वारा दिया जाएगा ।

# संभाग संगठन मंत्री ने किया चार उप शाखाओं के लेखा रिकॉर्ड का ऑडिट



**पीलीबंगा।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) की जिला स्तरीय बैठक बिश्नोई धर्मशाला पीलीबंगा में शुक्रवार को हुई। बैठक में संभाग संगठन मंत्री अविनाश शर्मा, विभाग संगठन मंत्री कमलेश बिश्नोई व जिला संयोजक अतर सिंह शामिल हुए। उप शाखाध्यक्ष हरजिन्द्र सिंह ने बताया कि इस बैठक में जिला हनुमानगढ़ की चार उप शाखाओं के लेखा रिकॉर्ड का ऑडिट संभाग संगठन मंत्री अविनाश शर्मा ने किया। इसके अलावा दिनांक 22 व 23 जून को धौलपुर में होने वाले प्रदेश महासमिति सम्मेलन में जिला हनुमानगढ़ की तरफ से जाने वाले संगठन के प्रतिनिधियों पर भी चर्चा की गई। उपशाखा मंत्री राम प्रकाश सैनी ने संगठन की सदस्यता व शिक्षक समस्याओं पर चर्चा कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए इन समस्याओं के निवारण का आग्रह किया।अविनाश शर्मा ने जिला स्तरीय अभ्यास वर्ग आयोजित करने व जिले की बैठक नियमित रूप से करने का सुझाव दिया। विभाग संगठन मंत्री कमलेश बिश्नोई ने संगठन की रीति नीति पर चर्चा की व जिला व संयुक्त निदेशक कार्यालय में शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर प्रांतीय प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक व निदेशक कार्यालय से संपर्क कर शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करने का आग्रह किया। बैठक में हनुमानगढ़ से दिनेश खीचड़ ,रावतसर उपशाखा अध्यक्ष रामलाल जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष(पीलीबंगा) पार्थ सारथी चाहर, उपाध्यक्ष बलबीर सिंह शेखावत ने भी भाग लिया। कार्यक्रम समापन पर संभाग संगठन मंत्री अविनाश शर्मा को जिले की तरफ से सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।

# माहेश्वरी समाज की घटती संख्या चिंताजनक



आज वैश्य समाज के अग्रणी घटक माहेश्वरी समाज का समाजोपत्ति पर्व महेश नवमीं है।प्रारम्भ से ही माहेश्वरी समाज शिव उपासक रहा है। समाज का आरंभ में मूल कर्म वाणिज्य व्यापार होते हुए भी जीवन दर्शन सत्व, आध्यात्म एव त्याग पर आधारित था।मानवीय एकता, सह अस्तित्व की भावना, सद्व्यवहार, आत्मानुशासन एवं मर्यादित जीवन शैली का आचरण माहेश्वरी समाज के आभूषण रहे हैं।.

वैश्य वर्ग के घटक के रूप मे माहेश्वरी समाज की एक अलग संस्कृति, रीति रिवाज व पहनावा रहा है,जिस पर सर्व समाज के लोग माहेश्वरी समाज को आदर की दृष्टि से देखते हैं। वर्तमान मे माहेश्वरी समाज की घटती जनसंख्या एक गंभीर चिंतनीय विषय बन चुका है।माहेश्वरी परिवार पारसी समुदाय की तरह अगले 50-75 वर्षा में लुप्त होने की कगार पर आ चुका है। 6 वर्ष पूर्व हम 14 लाख थे।वर्तमान में 13 लाख और अगले 25 वर्षों में 10 लाख से भी कम रह जाएंगे।

कुछ महेश्वरी लोगों द्वारा बताये अनुसार तो हम आज भी 8 लाख से कम हैं।जिस तरह टाटा? और पालकीवाल जैसे अग्रणी लोगों के होते हुए भी पारसी नगण्य हो चुके हैं, उसी तरह यदि यही गति रही तो हमारे साथ भी ऐसा होना तय है।वर्तमान दौर मे समाज की युवा पीढ़ी का समाज की मुख्य धारा से दूर होना एक गंभीर समस्या बन गयी है।इसी का नतीजा अंतर्जातीय विवाह के रूप मे दिखाई देता है। इससे न केवल समाज की जनसँख्या तेजी से घट रही है बल्कि समाज के संस्कारों का क्षरण भी हो रहा है। कोई रिश्ता बताना ही नहीं चाहता।पहले ज़माने में बुजुर्ग ,पंडित एवं नाई रिश्तो की सीध दे देते थे।अब अनेक जटिलताओं को देखते हुए सम्बंधों के बीच मे कोई पड़ना ही नहीं चाहता। मेट्रोमोनियल, मैरिज ब्यूरो

या विवाह योग्य परिचय कार्यक्रम पर आज भी अधिकांश को सही रिश्ते होने का विश्वास ही नहीं होता।सैंकड़ों युवक- युवतियां अविवाहित हैं। या उनकी शादी ही 32-35 वर्ष में हो रही है। दो बच्चे तो दूर कई युगल तो बच्चे ही पैदा नहीं करना चाहते।ये सभी कारण जनसंख्या को बढ़ने से रोक रहे हैं।हालांकि अभी इंदौर जैसे शहर में माहेश्वरी परिवारों को 2 बच्चे से अधिक पैदा करने पर आकर्षक आर्थिक सहायता दी जा रही है,किंतु एक दो जगह से कोई बहुत अधिक फायदा होने वाला नहीं है।प्रत्येक शहर व कस्बे में समाज के प्रबुद्ध वर्ग इस चिंतनीय विषय पर निर्णय ले, अधिक बच्चों हेतू प्रोत्साहित करे,लिव इन रिलेशनशिप को रोके, विवाह योग्य उम्र में युवा युवतियों की शादी करवाये,युवा वर्ग को विशेष कर युवतियों को समझाये की अन्तर्जातीय विवाह न कर समाज में ही शादी करे एवं माहेश्वरी युवक-युवतियां कुंवारे नहीं रहे।यदि ये कुछ उपाय हम कर लेते हैं तो शायद कुछ वर्षों तक अपना अस्तित्व इस धरती पर रख पाए।

**विमल बिहानी**
**जिलाध्यक्ष**
**अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन श्रीगंगानगर।**

# अधिशाषी अधिकारी पर निर्देशों की पालना नहीं करने का आरोप

## रावतसर नगर पालिका अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ जिला कलक्टर को की शिकायत

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



रावतसर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर मेघवाल ने पालिका के अधिशाषी अधिकारी शैलेन्द्र गोदारा पर निर्देशों की पालना नहीं करने का आरोप लगाया है। पालिकाध्यक्ष की मानें तो निर्देशों की लगातार अवहेलना करने से रावतसर कस्बे में विकास कार्य बाधित हो चुके हैं। इस संबंध में शुक्रवार को पार्षदों के साथ पालिकाध्यक्ष ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर अधिशाषी अधिकारी को पाबंद करने की मांग की। रावतसर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर मेघवाल ने आरोप लगाया कि उन्होंने अनेक रोजमर्रा के कार्यों के बारे में लिखा और मौखिक भी कहा लेकिन अधिशाषी अधिकारी शैलेन्द्र गोदारा की ओर से उन निर्देशों की एक प्रतिशत मात्र भी पालना नहीं की गई। इससे शहर के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। पालिकाध्यक्ष के अनुसार करीब दो माह पहले उन्होंने मानसून पूर्व तैयारियों के लिए यू नोट लिखा था जिसे अधिशाषी अधिकारी ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया और कोई कार्य नहीं करवाया। इसका नतीजा यह हुआ कि गुरुवार को हुई मामूली बारिश से शहर में पानी जमा हो गया। काफी घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद बरसाती पानी की निकासी हो पाई। अब जब मानसून आ पहुंचा है तब आनन-फानन में बिना प्रक्रिया के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व विधायक के जानकारों को निजी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से टेंडर निकाले जा रहे हैं। नगर पालिका बोर्ड के लगभग सभी पार्षदों के अनेक बार कहने के बावजूद अधिशाषी अधिकारी की ओर से शहर में सफाई और लाइट व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। इससे शहर के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि शैलेन्द्र गोदारा के पास तीन नगर पालिका का चार्ज है। ऐसे में वे कभी-कभार ही रावतसर नगर पालिका कार्यालय आते हैं। जब आते हैं तब पूर्व विधायक धर्मेंद्र मोची के निजी व्यक्ति इनके ऑफिस में बैठे रहते हैं। इससे आम जन के कार्य बाधित होते हैं। अधिशाषी अधिकारी की उदासीनता और बोर्ड के निर्देश न मानने के कारण हालात ये बन चले हैं कि वर्तमान में नगर पालिका के खाते खाली हो चुके हैं। इससे रोजमर्रा के नगर पालिका के कार्य संचालन तक की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ठेकेदारों को भी भुगतान नहीं हो पा रहा। इससे शहर का विकास बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर काफी बार निर्देश दिए गए लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने से शहर में विभिन्न स्थानों पर भूमाफियाओं ने मिलीभगत कर कब्जे कर लिए और निरन्तर जारी हैं। इससे जनता के बीच बोर्ड, प्रशासन व सरकार की किरकिरी हो रही है। उन्होंने बताया कि भारत व राज्य सरकार की ओर से नगर पालिका को ग्रान्ट दिया जाता है। लेकिन शैलेन्द्र गोदारा के कारण नियमों की पालना नहीं होने के चलते तीनों नगर पालिकाओं में सरकार की ओर से ग्रान्ट नहीं दिया गया है। इससे तीनों शहरों में विकास की गति अवरूद्ध हुई है। इससे सरकार की किरकिरी हुई है। रावतसर शहर में विभिन्न स्थानों पर बिना भू-परिवर्तन करवाए व नियमों के विरूद्ध निर्माण कार्य नगर पालिका प्रशासन से मिलीभगत कर जोरों पर है। पालिकाध्यक्ष श्याम सुन्दर मेघवाल ने जिला कलक्टर से मांग की कि अधिशाषी अधिकारी शैलेन्द्र गोदारा को पाबंद किया जाए। इनके खिलाफ कार्यवाही की जाए ताकि रावतसर नगर पालिका में विकास कार्य पटरी पर आ सके।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजीव गांधी स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय समारोह



## जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत तक होंगे योगाभ्यास कार्यक्रम

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़




जिले में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस राजीव गांधी खेल स्टेडियम में मनाया जाएगा। यहां सुबह 6 बजे एक साथ हजारों लोग योगाभ्यास करते नजर आएंगे। इसमें जिले के विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, पुलिस, गैर सरकारी संस्थाएं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, खिलाड़ी, राजकीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन की भागीदारी होगी। जिला कलक्टर काना राम ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में योग दिवस की तैयारियों को लेकर अहम बैठक ली। उन्होंने कहा कि योग एक दिन ही नहीं, बल्कि नियमित किया जाना चाहिए। इसलिए 21 जून योगाभ्यास करते हुए हम सभी संकल्प भी लेंगे। उन्होंने आयुर्वेद विभाग सहित सभी विभागों को तैयारियों के लिए दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला सहित ब्लॉक एवं पंचायत समिति, ग्राम पंचायतों, स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों पर योगाभ्यास कराया जाना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने योग प्रशिक्षकों से कहा कि वे जिले के पार्कों में लोगों को अभ्यास कराए। शिक्षा विभाग शारीरिक शिक्षकों के जरिए विद्यार्थियों से योगाभ्यास कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कारागृहों में योगाभ्यास कराने की योजना बनाए। बैठक में आयुर्वेद विभाग के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि इस बार 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' थीम रखी है। साथ ही, उन्होंने विभाग की कार्ययोजना के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने योग दिवस के पोस्टर का विमोचन भी किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर उम्मेदी लाल मीना, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव सहित प्रत्येक विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# तीन घंटे तक कॉलोनी में घूमी बिजली विभाग की टीम



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बार-बार लोड अधिक होने की वजह से विद्युत तारें जलने की समस्या सामने आने के बाद शुक्रवार को बिजली विभाग की टीम करीब तीन घंटे तक जंक्शन के वार्ड 12, भट्ठा कॉलोनी की एक-एक गली में घूमी। एईएन कुलदीप पूनिया के नेतृत्व में विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत ट्रांसफार्मर, मीटर, डीपी आदि की जांच की। इस दौरान वार्डवासियों ने भी बिजली से जुड़ी समस्याओं से अवगत करवाया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने विद्युत ट्रांसफार्मर रखवाने वाली जगहों को चिह्नित किया। साथ ही फाल्ट को लेकर एफएसटी को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। वार्डवासी वार्डवासी नारायण नायक ने बताया कि वार्ड 12 में रात्रि को विद्युत तारें जल जाती हैं। यह क्रम पिछले करीब एक माह से लगातार चल रहा है। लेकिन समस्या का स्थाई समाधान करने की बजाए बिजली विभाग के अधिकारी रोजाना तार बदल देते थे। जबकि आवश्यकता नए ट्रांसफार्मर रखवाने की है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए आवश्यकता अनुसार नए ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग लेकर गुरुवार को वार्डवासियों ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता को समस्या से अवगत करवाया था। इसके बाद विभाग ने अगले ही दिन आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर वार्डवासी आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।



# सत्ता परिवर्तन के साथ उठी स्पिनिंग मिल शुरू करने की मांग

» सीटू कार्यकर्ताओं ने जिला कलक्ट्रेट के समक्ष किया प्रदर्शन

» मिल शुरू करवाने के लिए आंदोलन करने की चेतावनी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद फिर से बंद पड़ी हनुमानगढ़ की स्पिनिंग मिल को पुनः शुरू करने की मांग उठी है। स्पिनिंग मिल शुरू करने की मांग को लेकर भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र (सीटू) के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जिला कलक्ट्रेट के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन स्थल पर हुई सभा में माकपा नेता रामेश्वर वर्मा ने कहा कि हनुमानगढ़ की आन, बान शान कहलाने वाली, हनुमानगढ़ मुख्यालय को विशेष पहचान दिलवाने वाली एवं हजारों मजदूरों के परिवारों का भरण पोषण का सहारा रही स्पिनिंग मिल पिछले करीब 8 वर्षों से बंद पड़ी है। इस स्पिनिंग मिल को बिना वजह ही तत्कालीन भाजपा सरकार के कार्यकाल में बंद किया गया था। इससे हजारों मजदूर रातों-रात बेसहारा व बेरोजगार हो गए थे। उन्होंने बताया कि स्पिनिंग मिल का अपना एक विशेष इतिहास रहा है। जिला मुख्यालय पर स्पिनिंग मिल के खुलने से किसानों को नरमा व कपास के उचित दाम भी मिलते थे। इस मिल से बने धागे को देश व विदेश में खूब सराहना मिलती थी लेकिन सरकारों के कुप्रबंधन के चलते मिल की हालत खराब हो गई। रामेश्वर वर्मा ने कहा कि कोई भी सरकार हो उसका मुख्य उद्देश्य रहता है कि वह अपने राज्य की आवाम की हर मुख्य मूलभूत सुविधाओं के लिए रोजगार के बेहतर माध्यम उपलब्ध करवाए, लेकिन तत्कालीन भाजपा की सरकार ने हनुमानगढ़ की विश्व ख्याति प्राप्त स्पिनिंग मिल को ही बंद कर हजारों मजदूरों का रोजगार छीन लिया। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ स्थित बंद पड़ी स्पिनिंग मिल को पुनः शुरू करवाया जाए। अगर अतिशीघ्र इसे शुरू नहीं किया गया तो मजबूरन सीटू कार्यकर्ता आंदोलन करेगा। इसकी तमाम तरह की जिम्मेदारी प्रशासन व सरकार की होगी। इस मौके पर आत्मासिंह, रघुवीर वर्मा, शेरसिंह शाक्य, सरपंच बलदेव सिंह, वेद मक्कासर, शिव कुमार, मंगेज चौधरी, सुरेन्द्र शर्मा, बीएस पेंटर सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जैन प्रकाश चुने गए सभा अध्यक्ष

» कल होगा शपथ ग्रहण कार्यक्रम

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी आंचलिक सभा हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, अबोहर, फाजिल्का, ऐलनाबाद आंचल की आम सभा का आयोजन अध्यक्ष देवेंद्र सावनसुखा की अध्यक्षता में हुआ। मंत्री सुरेंद्र जैन ने गत वर्ष किए गए कार्यों के बारे में बताया। तत्पश्चात 2024 से 2026 वर्ष तक नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन चुनाव अधिकारी सतीश पुगलिया व विनोद जैन की देखरेख में हुआ। जैन प्रकाश जैन हनुमानगढ़ को सभा का अध्यक्ष चुना गया। नए अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ऋषभ चौरड़िया को महामंत्री, रविंद्र जैन रायसिंहनगर व विजय राज बोथरा रावतसर को उपाध्यक्ष, मालचंद पुगलिया को कोषाध्यक्ष, रोहित जैन श्रीगंगानगर व डॉ. मुकेश जैन रायसिंहनगर को सह मंत्री व भरत ऋषि रांका सूरतगढ़ को संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया। कार्यकारिणी में आंचलिक के सभी पूर्व अध्यक्ष सहित सभी तेरापंथी सभाओं व उपसभाओं के पदेन अध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष सदस्य रहेंगे। ज्ञात रहे कि आंचलिक सभा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ जंक्शन, हनुमानगढ़ टाउन, सूरतगढ़, पीलीबंगा, लीलांवाली, ढाबां झालार, अबोहर, डाबड़ी, घड़साना, भादरा, नोहर, फाजिल्का, संगरिया, रायसिंहनगर, खाजूवाला, धोलीपाल, गजसिंहपुर, गोलूवाला, मिर्जेवाली, पदमपुर, रामगढ़, रावला, राइयांवाली, रिड़मलसर, तलवाड़ा झील, टिब्बी, रावतसर सहित 32 सभा व उपसभाओं का एक संगठन है जो हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, फाजिल्का, अबोहर की सभी सभाओं को एक रूप में बांधने का कार्य करती है। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी आंचलिक सभा, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अबोहर, फाजिल्का, ऐलनाबाद आंचल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 16 जून को सुबह 9 बजे होगा।

# टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप पर ऑनलाइन बुकी संचालित करते चार गिरफ्तार

» 21 मोबाइल फोन, 2 लेपटॉप व अन्य उपकरण जब्त

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



पीलीबंगा थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात कार्रवाई करते हुए टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप पर ऑनलाइन बुकी संचालित करते चार युवकों को गिरफ्तार किया। मौके से करीब 10 लाख रुपयों के ऑनलाइन हिसाब-किताब के अलावा 21 मोबाइल फोन, 2 लेपटॉप व अन्य उपकरण जब्त किए। इस संबंध में आरपीजीओ व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई अवैध धंधों व टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप 2024 पर ऑनलाइन सट्टा/बुकी की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की निरंतरता में की गई। जानकारी के अनुसार पीलीबंगा पुलिस थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण के नेतृत्व में टीम गुरुवार रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने पीलीबंगा मंडी के वार्ड 11 स्थित सोहनलाल पंडित के मकान में दबिश दी। दबिश के दौरान चार जने मकान में टी-20 क्रिकेट वर्ल्डकप 2024 पर बांग्लादेश व नीदरलेंड के बीच चल रहे मैच पर ऑनलाइन क्रिकेट बुकी संचालित करते पाए गए। पुलिस ने मौके से कमल (34) पुत्र मोहनलाल अग्रवाल निवासी वार्ड 15, पीलीबंगा, टेक बहादुर (31) पुत्र जोगी कामी निवासी वार्ड 7, पीलीबंगा, जुगनू (31) पुत्र चान्दरतन राजपूत निवासी वार्ड 12, पीलीबंगा व मनीष (25) पुत्र राकेश अग्रवाल निवासी वार्ड 15, पीलीबंगा को गिरफ्तार किया। मौके से 20 एन्ड्रॉयड व 1 कीपेड मोबाइल फोन, 2 लेपटॉप, 1 पीसी टेबलैट, एक अटैची, एक एक्सचेन्ज बॉक्स मय स्पीकर सहित अन्य उपकरण जब्त किए। करीब 10 लाख रुपयों का ऑनलाइन हिसाब-किताब पुलिस के हाथ लगा। मुकदमे का अनुसंधान थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण कर रहे हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण के अलावा हैड कांस्टेबल राकेश मीणा, कांस्टेबल फुमन सिंह, लक्ष्मीनारायण व सन्दीप कुमार शामिल रहे। इस कार्रवाई में जिला साइबर टीम हनुमानगढ़ की विशेष भूमिका रही।

# सूने मकान से लाखों के जेवरात और नगदी चोरी

## वृंदावन घूमने गया था परिवार

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** जंक्शन के सेक्टर नंबर 12 वार्ड नंबर 10 में बाबा दीपसिंह गुरुद्वारा के पीछे रहने वाला एक परिवार घूमने के लिए वृंदावन गया हुआ था। पीछे से सूने मकान से चोर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात तथा नगद राशि चुरा ले गए।हनुमानगढ़ जंक्शन थाना में रिपोर्ट देते हुए पवन अरोड़ा (37)ने बताया कि उसके घर से काफी कीमती सामान चोरी हुआ है।पुलिस को दी रिपोर्ट में पवन अरोड़ा ने बताया कि वह 3 जून की शाम लगभग 7 बजे मकान को ताला लगाकर सह परिवार वृंदावन घूमने के लिए चला गया था। पीछे घर में कोई नहीं था। जब वह 11 जून की रात 9 बजे वापस आया तो चोरी होने का पता चला।उसके घर की अलमारी में से दो जोड़ी सोने के टॉप्स, दो अंगूठियां, दो चैन, दो लॉकेट, चांदी की चार जोड़ी पाजेब, एक चैन, एक ब्रेसलेट, एक मूरत, कंगन, चांदी की बांसुरी, मुकुट, दो कड़े और 20 हजार रुपए चोरी हुए हैं। चोरों ने बाहर के कमरे की खिड़की तोड़कर घर में प्रवेश किया।स्टोर रूम में रखी अलमारी के ताले तोड़कर सामान चोरी कर लिया। जब वह घर आए तो पंखे चल रहे थे। पुलिस को पवन अरोड़ा ने बताया कि उसके घर में एक आधार कार्ड पड़ा मिला जो की बलकरणसिंह पुत्र सुरजीतसिंह निवासी वार्ड नंबर 19 ढाणी चक 2-केएनजे मक्कासर के नाम का है। पुलिस चोर को ढूंढने के साथ ही पता लगाने में जुटी है कि बलकरणसिंह नाम के इस व्यक्ति का आधार कार्ड पवन अरोड़ा के घर कैसे पहुंचा। संभवतः यह आधार कार्ड चोर ही इस मकान में छोड़ गया।

# नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की पालना नहीं करने वाले खेल संघों की होगी मान्यता रद्द

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** समस्त खेल संघों को नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की अक्षरशः से पालना करने के निर्देश दिए गए है। जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह ने बताया कि भारत सरकार के युवा मामले व खेल मंत्रालय की ओर से 31 जनवरी 2011 से संपूर्ण भारत में नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 को प्रभावी किया गया है। देश भर में यह कोड प्रचलित व लागू है। इस कोड के माध्यम से देश भर में नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन राज्य व जिला खेल संघ की समस्त गतिविधियों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी, खेल हितैषी बनाने, खेलों को बढ़ावा देने, खेल संघों के चुनाव, सदस्यों का निर्वाचन, सदस्यता अवधि, एंटी डोपिंग नियम, आयु फ्रॉड को रोकना, खेल संघों का प्रबंधन, खेल संघों की गतिविधियों में पारदर्शिता, खेल संघों को वित्तीय मदद, खेलों का आयोजन आदि समस्त खेल गतिविधियों के संबंध में विस्तृत प्रावधान, सुझाव राज्य की गाइडलाइन को समायोजित किया गया है। सिंह ने बताया कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने, खेलों का स्वस्थ वातावरण तैयार करने के लिए आवश्यक है कि समस्त खेल संघ (सभी स्तर के खेल संघ यथा क्लब, जिला खेल संघ आदि) कोड के नियमों की अक्षरशः पालन करें। समस्त खेल संघों को निर्देश दिया है कि नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की पालना 2 दो माह में करें। खेल संघ नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड 2011 की पालना नहीं करेंगे तो खेल संघ की मान्यता, संबंद्धता समाप्त कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गूगल पर जाकर नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट कोड ऑफ इंडिया 2011 लिखने पर नेशनल स्पोर्ट्स डवलपमेंट बोर्ड 2011 की पीडीएफ ओपन हो जाएगी, जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने समस्त खेल संघों से कोड का गंभीरता से अध्ययन कर पालन करने के लिए अपील की है।

# घर से भटके बच्चे को परिवार से मिलाया

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** शुक्रवार को बाल कल्याण समिति के प्रयासों से एक बच्चा अपने परिवार से पुनः मिल पाया। मामले के अनुसार 24 मई को 14 वर्षीय बालक पीलीबंगा घर भटक कर निकल गया, जो चितौड़गढ़ आरपीएफ पुलिस को मिला। सीडब्ल्यूसी हनुमानगढ़ पीलीबंगा पुलिस और चितौड़गढ़ सीडब्ल्यूसी की मुस्तेदी से बालक को परिजनो से मिलवाया माता को सुपुर्द किया। इतने दिनों बाद जब बच्चे ने अपनी माँ को पाया तो माँ बेटे की खुशी का ठिकाना नही रहा। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने बताया कि चितौड़गढ़ सीडब्ल्यूसी से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी लेकर पीलीबंगा पुलिस से परिजनों की जानकारी जुटा आज बच्चे को चितौड़गढ़ पुलिस द्वारा बच्चे को हनुमानगढ़ मंगवाया गया और परिजनों को हनुमानगढ़ सीडब्ल्यूसी बुलवाया गया। बालक को माँ के सुपुर्द किया गया। इस मौके पर सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष जितेंद्र गोयल,सदस्य प्रेमचंद शर्मा,सदस्य विजय सिंह चौहान और सहदेव रोज़ ओर बालक के परिजन मौजूद रहे। गोयल ने आमजन से अपील की है कही भी कोई बालक डरा सहमा ,भयभीत नज़र आये तो नजदीकी सीडब्ल्यूसी,पुलिस या 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन पर सूचना दें जिससे बच्चों का बचपन बचाया जा सके।

Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर
त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

श्रीदेवी महिला पॉलीटेक्निक
बेटी बनेगी
फैशन डिजाईनर, आर्किटेक्ट, इंजीनियर
AICTE & COA
के सभी BTER डिप्लोमा सम्पूर्ण भारत में मान्य
वाजिब फीस
शानदार कैरियर
अबोहर रोड, हनुमानगढ़ जं.
M. 89497-83194, 94143-10972,83020-48656

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442